CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 22°C
तापमान

सेंसेक्स 80,951.99
निफ्टी 24,609.70

सोना 98,145
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 23 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 51 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

उप्र में आंधी-तूफान ने बरपाया कहर, 58 की मौत

नई दिल्ली, वार्ता

- महिला की गर्दन कटी, राजस्थान में 48 डिग्री पारा, पुंछ में तूफान से स्कूल ढहे, 31 राज्यों में अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने राजस्थान, व मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गुरुवार को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 20 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने से 58 लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है। इधर, दिल्ली- एनसीआर में बुधवार शाम करीब 8 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई थी और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे थे। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे तक गिर गए, जिस वजह से रास्ते जाम हो गए थे। आंधी-तूफान और बारिश के बीच दो लोगों की मौत भी हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। खराब मौसम के चलते मेट्रो सर्विस भी प्रभावित हुई, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुई। 10 फ्लाइट को जयपुर और एक को मुंबई डायवर्ट करना पड़ा।

ईडी कर रहा सारी हदें पार: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शराब की दुकानों के लाइसेंस जारी करने से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के खिलाफ धन शोधन जांच पर रोक लगाते हुए गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर कथित 1,000 करोड़ रुपये के घोटाले में ईडी जांच की अनुमति देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। पीठ ने केंद्रीय एजेंसी की ओर से पेश

- कहा: संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि आपका ईडी सारी हदें पार कर रहा है। आपका कार्यालय किसी निगम -शेष पृष्ठ दो पर

मेडिकल संस्थानों को नीट-पीजी में फीस डिटेल्स देनी होगी

नई दिल्ली। नीट-पीजी की काउंसलिंग से पहले अब सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश नीट-पीजी में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस महादेवन की बेंच ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉकिंग पर पेनल्टी लगाने का भी ऑर्डर दिया। अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है, तो उसे नीट-पीजी के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए।

वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित सभी पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। वक्फ कानून में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

पीएम ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है: मोदी

जयपुर/बीकानेर, वार्ता

- न ट्रेड न टॉक, अब बस पीओके पर होगी बात: पीएम
- पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है
- कहा: कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

इन सभी रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया था। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा। पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा कि हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चुरु में मैंने -शेष पृष्ठ दो पर

आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं: विदेश मंत्री

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू-कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए, जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है।

नीदरलैंड की यात्रा पर गए जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांत' पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू-कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है, जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है।

- कश्मीर मुद्दे पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं: जयशंकर

मुठभेड़ में एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र पासी ढेर

बाराबंकी। उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुधवार को पासी गैंग के सरगना ज्ञान चंद्र पासी को एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। हालांकि इसके दो साथी मौके से फरार हो गए। मारे गए बदमाश पर एक लाख रुपये का इनाम था। गौरतलब है कि सोमवार को इसी गैंग के साथी को गोंडा में एनकाउंटर में मार गिराया गया था। घायल ज्ञानचंद्र पासी को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र तीस साल से अपराध क्षेत्र में सक्रिय था। उसका आपराधिक इतिहास करीब 70 मुकदमों का है। इनमें हत्या, लूट, चोरी व फिरौती जैसे मामले हैं।

आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि चटरू के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों और पुलिस तथा सेना की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

सलमान खान के घर में जबरन घुस रहा शख्स गिरफ्तार

मुंबई। सलमान खान को लॉरेंस गैंग की धमकियां मिलने के बाद वाई प्लस सिक्योरिटी मिली है। सलमान खान के घर में एक बार फिर एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 मई की है। खुलासा गुरुवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल के आरोपी का नाम जितेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है।

पाक ने बदले में की भारतीय राजनयिक पर जवाबी कार्रवाई

- भारतीय उच्चायोग कर्मचारी को देश छोड़ने को कहा

इस्लामाबाद। भारत के दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के 24 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने जवाबी कदम उठाते हुए यहां स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित घोषित कर पाकिस्तान छोड़ने को कहा है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित कर्मचारी को विशेषाधिकार से विपरीत गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को विदेश मंत्रालय में बुलाकर उसे सरकार के इस निर्णय से अवगत करा दिया है। इस राजनयिक को 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है।

सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

नई दिल्ली। सीबीआई ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 6 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपये के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था।

विचारधारा के चलते किसी को जेल में नहीं डाल सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो

- हम यह चलन देख रहे: सुप्रीम कोर्ट
- RSS नेता हत्या मामले में आरोपी को जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाला जा सकता।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता की हत्या के आरोपी को जमानत देते हुए की। सुनवाई के दौरान नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के वकील ने कहा कि विचारधारा गंभीर अपराधों की ओर ले जाती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप किसी को उसकी विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाल सकते। हम यह चलन देख रहे हैं। किसी ने एक खास विचारधारा अपना ली, इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। साल 2022 में केरल के पलक्कड़ जिले में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या हुई थी। मामले में प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की केरल यूनिट के तब के महासचिव अब्दुल साथर को आरोपी बनाया गया है।

संक्षिप्त समाचार

अब एक जिले में तैनात हो सकेंगे पुलिस दंपति

लखनऊ। यूपी पुलिस की नौकरी कर रहे हैं पति-पत्नी को एक ही जिले में नौकरी करने का अवसर यूपी डीजीपी ने प्रदान किया है। पुलिस में वह दंपति जो अलग-अलग जिलों में ड्यूटी कर रहे हैं, उनको कई तरीके की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चाहे पारिवारिक दिक्कतें हो या व्यवहारिक। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इन तमाम समस्याओं को देखते हुए शासन की तबादला नीति के अनुरूप दंपति को एक ही जिले में तैनाती दिए जाने का निर्देश दिया है। अब पहली बार बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों को इस सुविधा का लाभ दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश के कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ा रहे। पहले चरण में 101 आरक्षियों के ऐसे तबादले किए गए हैं, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को, उनके पति की तैनाती के जिले में भेजा गया है, तो वहीं पुरुष पुलिस कर्मियों को उनकी पत्नी के तैनाती के जिले में भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही जल्द ही अन्य और अराजपत्रित पुलिसकर्मियों को इसी आधार पर स्थानांतरित किए जाने की तैयारी यूपी पुलिस द्वारा की गई है। डीजीपी मुख्यालय से पति या पत्नी के जिले में तैनाती की मांग करने वाले पुलिसकर्मियों का तबादला उनके जीवनसाथी के तैनाती वाले जिले से संबंधित की रेंज में किया गया है और अब रेंज स्तर से उन्हें एक जिले में नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

चार बच्चियों की बकुलाही नदी में डूबने से मौत

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज क्षेत्र में गुरुवार को बकुलाही नदी में डूबने से चार बच्चियों की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जलालपुर डे हवा गांव निवासी चार बच्चियों की मौत बकुलाही नदी में नहाते समय डूब कर हो गई। डूबकर मरने वाली बच्चियों में तीन सगी बहने और एक चचेरी बहन है, घटना को लेकर गांव में कोहराम मच गया। चारों बच्चियां आज दिन में लगभग दस बजे बकुलाही नदी में नहाने गई थी, नहाते समय वे गहरे पानी में चली गई और डूबकर उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों में जीतलाल की पुत्रियां स्वाति (13), संध्या (11), चांदनी (6) के अलावा पृथ्वी पाल की पुत्र प्रियंसी (7) शामिल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्कयू टीम के सहयोग उनके शवो को नदी से बाहर निकाला।

बीएसए ने 36 टीचर और 130 कर्मचारियों का रोका वेतन

फर्रुखाबाद। यूपी के फर्रुखाबाद जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के 36 शिक्षक समेत 130 कर्मचारियों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। ये सभी अनुपस्थित मिले थे, साथ ही 3 विद्यालय बंद पाए गए थे। बीएसए ने अनुपस्थित के दिन का वेतन रोक दिया है। इसके साथ ही शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में कार्रवाई का अंकन करने का आदेश बीईओ को दिया। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शत प्रतिशत उपस्थिति कराने के लिए शासन के आदेश पर गठित जिला व ब्लॉक टास्क कमेटी के सदस्य निरीक्षण करते हैं। 21 अप्रैल से 19 मई तक अधिकारियों ने निरीक्षण किया था।

उद्योग सीएसआर से जोड़ें किसानों को: जगदीप धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि को कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) से जोड़ने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है। धनखड़ ने गुरुवार को गोवा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ायी जानी चाहिए। उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए। अनुसंधान करना चाहिए और उनका जो एक फंड होता है सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए, तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है। किसानों को अपने आप को उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहिए, लेकिन मौजूदा समय में किसान का काम उत्पादन तक रह गया है। उसके बाद किसान अपने आपको एक तरीके से अलग कर लेता है। किसान को अपने उत्पाद के क्रय विक्रय में भी भागीदारी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार किसान की बहुत मदद कर रही है।

बहादुरी व बलिदान देने वाले जवानों को मिले गैलेंट्री अवार्ड्स

नई दिल्ली, वार्ता

शौर्य चक्र-कीर्ति चक्र देने के लिए डाइस से उतरीं राष्ट्रपति मुर्मू, शहीदों की मांओं को गले लगाया

34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पहले चरण के गैलेंट्री अवार्ड्स दिए। ये अवार्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए।

राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में हुए समारोह में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मेजर आशीष ढोंचक (सेना मेडल) और द सिख लाइट इन्फैंट्री 19 राष्ट्रीय राइफल्स सिपाही प्रदीप सिंह को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दो बार राष्ट्रपति मुर्मू डाइस से नीचे उतरकर आईं। जब शहीद जवानों की मां और पत्नियां अवार्ड लेने पहुंचीं। राष्ट्रपति ने उन्हें गले लगाकर सांत्वना दी। शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस आफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, एईओ आईएनएस विशाखापट्टनम को शौर्य चक्र प्रदान किया है। आर्मी सर्विस कोर्प्स 34 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर तृप्तप्रीत सिंह को शौर्य चक्र प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए बोले सीएम योगी

पर्यावरण संरक्षण में समाज भी निभाए भूमिका

लखनऊ, वार्ता

मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता पर निर्भर सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी- 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने भारत के वैदिक दर्शन और सनातन परंपराओं का उल्लेख किया और प्रकृति के साथ सामंजस्य की आवश्यकता को लेकर लोगों से अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती हैं। उन्होंने वैदिक शांति पाठ का उदाहरण देते हुए बताया कि सनातन धर्म में हर मांगलिक अनुष्ठान की शुरुआत पृथ्वी, जल, अंतरिक्ष और समस्त चराचर जगत के कल्याण की कामना से होती है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण पर निर्भर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के नाते, हमें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।

योगी आदित्यनाथ ने 1992 में शुरू हुई वैश्विक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण की चर्चा का उल्लेख करते हुए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प लिया है, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समाज के हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है। यह केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। जब तक हम सभी मिलकर प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए काम नहीं करेंगे, तब तक सतत विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण भारत की स्वावलंबी परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले हर गांव में खलिहान, गोचर भूमि, तालाब और खाद के गड्ढे होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। गांवों में सॉलिड वेस्ट को खाद के गड्ढों में डालकर कंपोस्ट बनाया जाता था, तालाब स्वच्छता के प्रतीक थे और गोचर भूमि पशुओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में हमने इन परंपराओं को नजरअंदाज कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय असंतुलन और बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने गांवों में तालाबों को ड्रेनेज का माध्यम बनाने और गोचर भूमि पर अतिक्रमण जैसे कदमों को आत्मघाती बताया।

वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक पेड़ लगाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया

योगी ने उत्तर प्रदेश के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य का जैव विविधता बोर्ड 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' के विजन को साकार करने के लिए नए अभियान चला रहा है। पिछले आठ वर्षों में वन विभाग ने 210 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण कर राज्य के वन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके साथ ही, नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा नदी को कानपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्मल और अविरल बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। कानपुर, जो कभी नमामि गंगे का सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र था, आज वहां गंगा स्वच्छ और जीवंत है। उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण में स्थानीय परंपराओं और ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सनातन धर्म की उस परंपरा का उल्लेख किया, जिसमें पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को देवताओं के साथ जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपराएं हमें सिखाती हैं कि पीपल, बरगद और जामुन जैसे वृक्षों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। पहले लोग चींटियों को मारने के बजाय आटा और चीनी देकर उन्हें प्राकृतिक रूप से हटाते थे। यह प्रकृति के साथ सामंजस्य का उदाहरण है। योगी ने आधुनिक विकास के मॉडल पर भी सवाल उठाए, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर कार्य को मशीनीकरण की ओर ले जा रहे हैं, चाहे वह ड्रेनेज हो या औद्योगिक कचरा। हमें प्राकृतिक उपायों को अपनाना होगा, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में जल शोधन की देसी पद्धतियां थीं। उन्होंने कहा कि जटायु जैसे पक्षियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि रासायनिक उर्वरकों और दवाओं के दुष्प्रभावों ने इन प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर पहुंचा दिया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जटायु, जो प्रकृति के शोधन का कार्य करता था, आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। हमें अपनी परंपराओं के प्रति कृतज्ञता दिखानी होगी। सीएम योगी ने लोगों से आह्वान किया कि जैव विविधता संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा।

कांग्रेस सांसद राकेश के मामले पर हाईकोर्ट की रोक

लखनऊ, वार्ता

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ लंबित आपराधिक मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

अदालत ने मामले की पूरी कार्यवाही को सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक रोक दिया और इस मामले को 28 जुलाई से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। न्यायधीश सुभाष विद्यार्थी ने राठौर की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद 20 मई को यह आदेश पारित किया, जिसमें राठौर के डिस्चार्ज आवेदन को खारिज करने वाले ट्रायल कोर्ट के पांच मई के आदेश को चुनौती दी गई थी। अदालत ने मामले की अगली तारीख तक पांच मई के आदेश पर भी रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि मेरा मानना है कि अंतरिम राहत देने का मामला बनता है और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाई जानी चाहिए। पक्षों के वकीलों ने अदालत के समक्ष अपनी दलीलें रखीं। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रस्तुत किया कि मामले की जांच पूरी करने के बाद ट्रायल कोर्ट के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया है। इसके बाद ट्रायल कोर्ट ने 16 मई को राठौड़ पर आरोप तय कर दिए। फैसलों का हवाला देते हुए वकील ने दलील दी कि आरोपी राठौर के खिलाफ कथित आरोप नहीं बनते। इसलिए उनके खिलाफ आरोप तय करने का आदेश कानून के मुताबिक नहीं है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। दूसरी ओर राज्य के वकील ने पुनरीक्षण याचिका का विरोध किया।

फोटो पहचान का शुल्क लेने पर लगाई रोक

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उच्च न्यायालय में मुकदमे दाखिल करने वाले वादकारियों के हित में, एक मामले में अहम अंतरिम आदेश दिए हैं। कोर्ट ने याचिकाएं दायर करने वालों से फोटो पहचान के लिए बार एसोसिएशनों द्वारा 400 से 500 रुपए लिए जाने पर रोक लगा दी है। रजिस्ट्री अनुभाग को निर्देश दिया है कि पब्लिक नोटरी से सत्यापित हलफनामे स्वीकार किए जाने चाहिए।

2027 में दहाई तक सिमट जाएगी भाजपा

लखनऊ, वार्ता

शिक्षक भर्ती के यू टर्न पर अखिलेश ने बीजेपी को घेरा

एक लाख 93 हजार शिक्षक भर्ती वाले विज्ञापन को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार की जमकर फजीहत हुई। यूपी सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक अखबार की कटिंग की तस्वीर शेयर कर इस बात की घोषणा की गई कि सूबे में अब 1 लाख 93 हजार पदों पर शिक्षक भर्ती होगी।

सरकार के इस पोस्ट के बाद युवाओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई, मगर ये खुशी ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि सरकार ने अपना एक्स पोस्ट डिलीट कर लिया। इसी के बाद से इस मुद्दे पर राजनीति शुरू हो गई है। अब सपा चीफ अखिलेश यादव ने 1 लाख 93 हजार के आंकड़े से ये साबित करने की कोशिश की है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी भाजपा बहुमत का आंकड़ा भी पार नहीं कर पर पाएगी और दहाई के अंक तक सिमट जाएगी। यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा कि 1,93,000 शिक्षक भर्तियों का जुमला विज्ञापन से जन्मा। 2027 के चुनाव में 'भाजपा की हार का राजनीतिक गणित'। मान लिया जाए कि 1 पद के लिए कम-से-कम 75 अभ्यर्थी होते, तो यह संख्या होती = 1,44,75,000 और एक अभ्यर्थी के साथ यदि केवल उनके अभिभावक जोड़ लिए जाएं, तो कुल मिलाकर 3 लोग इससे प्रभावित होंगे अर्थात ये संख्या बैठेगी 4,34,25,000। सपा चीफ ने लिखा कि ये सभी व्यस्क होंगे, अत: इन्हें 4,34,25,000 मतदाता मानकर अगर उप्र की 403 विधानसभा सीटों से विभाजित कर दें, तो ये आंकड़ा लगभग 1,08,000 वोट प्रति सीट का आएगा और अगर इनका आधा भी भाजपा का वोटर मान लें , तो लगभग 1,08,000 का आधा मतलब हर सीट पर 54,000 मतों का नुकसान भाजपा को होना तय है। इस परिस्थिति में भाजपा 2027 के विधानसभा चुनावों में दहाई सीटों पर ही सिमट जाएगी। उन्होंने लिखा कि पुलिस भर्ती के मामले में 'भर्तियों का ये गणित' भाजपा को उप्र में लगभग आधी सीटों पर हारने में सफल भी रहा है, अत: ऐसे आंकड़ों को अब सब गंभीरता से लेने लगे हैं। अब ये मानसिक दबाव का नहीं, वरन सियासी सच्चाई का आंकड़ा बन चुका है। जैसे ही ये आंकड़ा प्रकाशित होगा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले भाजपाई प्रत्याशियों के बीच जाएगा, वैसे ही उनका राजनीतिक गुणा-गणित टूटकर बिखर जाएगा और विधायक बनने का उनका सपना भी।

अमेरिकी ऋण में बढ़ोतरी की चिंता से बाजार में भूचाल

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक से अमेरिका के सार्वजनिक ऋण में भारी बढ़ोतरी होने तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में भूचाल आ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,951.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.75 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24609.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.33 प्रतिशत उतरकर 44,638.43 अंक रह गया, जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 51,289.32 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2178 में गिरावट जबकि 1741 में तेजी रही, वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2949 कंपनियों के शेयरों में से 1582 में बिकवाली जबकि 1275 में लिवाली हुई वहीं 92 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक को लेकर नए संदेह खड़े हो गए हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस विधेयक के लागू होने से अमेरिका के पहले से ही भारी कर्ज में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आर्थिक विकास की गति और धीमी पड़ सकती है। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड मुख्य निवेश रणनीतिकार डा. वीके विजयकुमार ने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में फिलहाल हल्का जोखिम देखा जा रहा है, जो सोना और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक परिसंपत्तियों की मजबूती में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।

इसका मूल कारण अमेरिका का बढ़ता राजकोषीय घाटा माना जा रहा है, जिसे बाजार लगातार अस्थिरता का संकेत मान रहा है। हाल ही में अमेरिकी 20, वर्षीय बॉन्ड की कमजोर नीलामी और पांच वर्षीय, 10 वर्षीय और 30 वर्षीय बॉन्ड यील्ड में तेज उछाल ने अमेरिकी बॉन्ड बाजार में घटते निवेशक विश्वास को उजागर किया है। इसके साथ ही जापान में भी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे वैश्विक निवेशकों की चिंता और गहराई है। इसके अलावा ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता को झटका दिया है। इस क्षेत्र में सैन्य संघर्ष की संभावना ने न केवल भू-राजनीतिक स्थिति को अस्थिर किया है, बल्कि वैश्विक बाजारों में भी अनिश्चितता बढ़ा दी है। इससे विश्व बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.66, जर्मनी का डैक्स 0.86, जापान का निक्केई 0.84, हांगकांग का हैंगसेंग 1.19 और चीन के शंघाई कंपोजिट ने 0.22 प्रतिशत का गोता लगाया।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

ईडी कर रहा... पर छापेमारी कैसे कर सकता है? आप देश के संघीय ढांचे का पूरी तरह उल्लंघन कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करेगा। तमिलनाडु सरकार ने ईडी की ओर से सरकारी शराब खुदरा विक्रेता तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के परिसरों में जांच के दौरान की गई छापेमारी की वैधता को चुनौती दी थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने 23 अप्रैल, 2025 को राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी थी

मेरी नसों... कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है, जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर हमला किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया गया है। आतंक का फन कुचलने की यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है और यही नया भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी। एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन-स्टेट वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। अब भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ये कीमत, पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन वह उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। वहीं, यहां से कुछ ही दूरी पर स्थित पाकिस्तान का रहीमयारखान एयरबेस आईसीयू में पड़ा है, पता नहीं कब खुलेगा। उसे तहस-नहस कर दिया गया है। अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड (व्यापार) होगा और न टॉल्क (बात)। अगर, बात होगी, तो सिर्फ पीओके (पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर) की। पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। यह भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं डिगा सकती। पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन देने की कीमत चुकानी ही पड़ेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया और बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल में राजस्थान में करीब 70 हजार करोड़ खर्च किए गए हैं। केंद्र सरकार प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए करीब 10 हजार करोड़ खर्च कर रही है। 2014 की तुलना में यह 15 गुना ज्यादा है।

ट्रंप के दावों पर हैरान करती है मोदी की खामोशी

सैन्य कार्रवाई के दावे का जवाब क्यों नहीं दे रही सरकार: जयराम

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पाक के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर अपने दावों को लगातार दोहरा रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी इस पर खामोश हैरान करने वाली है और देश को बताना चाहिए कि सरकार की तरफ से इसका जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा की ट्रंप 11 दिन में आठ बार इस तरह की दावे कर चुके हैं और कश्मीर पर बातचीत के लिए तटस्थ स्थल की बात भी कर रहे हैं और बार-बार भारत के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की एक ही तरीके से प्रशंसा कर रहे हैं, लेकिन भारत सरकार इस पर चुप है और कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 दिन में 8वीं बार राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का पूरा श्रेय लिया, भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों की समान रूप से प्रशंसा की और उन्हें हर तरह से बराबर बताया और दोहराया कि अमेरिका के साथ व्यापार ही वह साधन था, जिसका इस्तेमाल उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा करने के लिए किया। कांग्रेस प्रवक्ता ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि इन सबके बावजूद हमारे प्रधानमंत्री, डोनाल्ड भाई के महान दोस्त-अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा बार-बार कही जा रही बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। विदेश मंत्री भी अपने दोस्त, अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों के समर्थन में और भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता के लिए 'तटस्थ स्थल' के बारे में कही गई बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। यह गरजती हुई खामोशी क्यों।

जवाबदेही से भाग नहीं सकती सरकार, देश को चाहिए ईमानदार जवाब : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले तथा उसके बाद के घटनाक्रम पर चर्चा कराने के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद सत्र बुलाने की मांग को सरकार नजरअंदाज कर रही है, लेकिन सच यह है कि इस पूरे प्रकरण पर मोदी सरकार जवाबदेही से बच नहीं सकती है। कांग्रेस सांसद तथा कार्य समिति की सदस्य प्रणीति शिंदे ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार चुप रहकर और ध्यान भटका कर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर पर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

स्पेयर पार्ट्स की दुकान में की थी चोरी, चार गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी से चोरी का कुछ हिस्सा और शटर तोड़ने के उपकरण बरामद किए हैं।

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के सराय रोहिल्ला थाने की टीम ने रात में दुकान में हुई चोरी का मामला सुलझाकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का कुछ हिस्सा और शटर तोड़ने के उपकरण बरामद किए हैं।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बंठिया ने बताया कि १६ मई को सुबह करीब ०७:१५ बजे सराय रोहिल्ला थाने में स्पेयर पार्ट्स की दुकान में चोरी की सूचना पीसीआर को मिली थी। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक स्पेयर पार्ट्स की दुकान का शटर क्षतिग्रस्त पाया गया और दुकान का शटर तोड़कर उसमें से मोबाइल, पर्स और ८०,०००/– (लगभग) की नकदी चोरी कर ली। इसके बाद, सराय रोहिल्ला थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी सराय रोहिल्ला विनीता त्यागी की देखरेख में एसएचओ सराय रोहिल्ला विकास राणा के नेतृत्व में एसआई विपिन शौकीन, एएसआई रविंदर, कांस्टेबल गगन, और मंजीत की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया, जिसमें कुल पांच व्यक्ति शिकायतकर्ता की दुकान के सामने इकट्ठे होते दिखाई दिए। इसमें चार व्यक्तियों ने शटर उठाया और एक व्यक्ति दुकान में प्रवेश करते हुए दिखाई दिए। इसके बा, वे मौके से भाग गए। आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों में आरोपियों को इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन की ओर बढ़ते हुए देखा गया। सीसीटीवी कैमरों के जरिए शास्त्री नगर के पास मेन रोड तक उनका पीछा किया गया, जहां उन्हें एक टीएसआर/ऑटो में सवार होकर प्रताप नगर की ओर जाते हुए देखा गया।

इस दौरान ऑटो चालकों में से एक ने आरोपियों की पहचान की और बताया कि उसने उन्हें मिंटो रोड के पास छोड़ दिया था। इसके बाद टीम ने मिंटो के पास जेजे क्लस्टर से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके पास से चोरी के औजार यानी स्क्रू ड्राइवर, टॉर्च और चोरी की गई संपत्ति यानी एक मोबाइल फोन सैमसंग, एक पर्स जिसमें पीड़ित का पैन कार्ड और नकद ५,६२०/– रुपये थे और साथ ही अपराध के समय उनके द्वारा पहने गए कपड़े बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान. मुस्ताक उर्फ मुस्तकीन(४५) मूर्तिकुल रहमान (२९), मोहम्मद रिजवान (२५) और.अब्दुल कलाम (४२) के रूप में की है ।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि वे रिक्शा चालक और मजदूर हैं। घटना से दो दिन पहले, उन्होंने अपने साथी विशाल की मदद से घटनास्थल की रेकी की थी। फिर, उन्होंने दुकान में रात में चोरी करने की योजना बनाई। १५ मई की मध्य रात्रि को, उन्होंने अपने साथी शाहिद उर्फ एफएम के साथ मिलकर शटर उठाकर दुकान में सेंधमारी की और कीमती सामान और नकदी चुराकर भाग गए।शेष आरोपी व्यक्तियों शाहिद उर्फ एफएम और विशाल को पकड़ने के लिए आगे की छापेमारी की गई, लेकिन दोनों फरार पाए गए।

घर से दोस्तों के साथ निकले युवक का शव पड़ा मिला

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अलीपुर इलाके में एक युवक का संदिग्ध हालत में शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस रोड एक्सिडेंट का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जबकि परिवार वालों का कहना है कि उनके बेटे की गर्दन पर निशान होने पर उनको शक है कि बेटे की हत्या की गई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अलीपुर पुलिस को मंगलवार स्वामी श्रद्धानंद कालेज के पीछे एक युवक का शव पड़ा होने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। जिसकी पहचान विकास के रूप में हुई। विकास परिवार के साथ टिकरी खुर्द, स्वर्ण जयंती कालोनी में रहता था। पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला कि मंगलवार को विकास अपने तीन दोस्तों के साथ कहीं पर गया था। जब वह देर शाम तक भी घर नहीं लौटा और उसके फोन पर संपर्क नहीं हो पाया तो परिवार ने उसको तलाशने की कोशिश की। उनको पता चला कि विकास की सडक हादसे में मौत हो गई है। जबकि थाने पहुंचने पर पता चला कि विकास की हत्या की गई है। लेकिन बाद में कहा गया कि यह हत्या नहीं रोड एक्सिडेंट है। पीडिघ्त परिवार का आरोप है कि विकास अपने तीन दोस्तों के साथ कहीं गया था। सभी दोस्त वापास अपने घर आ गए, लेकिन विकास नहीं लौटा। पीडिघ्त परिवार का कहना है कि विकास के गर्दन पर चोट है, ऐसे में उन्होंने हत्या की आशंका जाहिर की है। मृतक की मां का आरोप है कि उनके बेटे के गर्दन पर चोट के निशान हैं, उन्हें शक है कि उनके बेटे की हत्या हुई है। पुलिस ने घटना वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया है। उसके दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। उनके फोन की लोकेशन की भी जांच की जा रही है।

दिल्ली विद्युत बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मँहगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली विद्युत बोर्ड के १८,७३७ सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मँहगाई राहत में (Dearness Relif) ०१.०१.२०२५ से बढ़ोत्तरी कर दी है। पहले यह मँहगाई राहत ५३ प्रतिशत थी जो बढ़ाकर ५५ प्रतिशत हो गई है।

मंत्री ने बताया कि सरकार के इस कदम से दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंषनार्थियों को न केवल आर्थिक लाभ होगा बल्कि वह अपने परिवार के खर्चों को वहन करने में भी सक्षम हो सकेंगे। ऊर्जा मंत्री ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में न केवल कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के कल्याण की सोच रखती है बल्कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की भी रक्षा करने के लिए कृतसंकल्पित है।

एक नजर

गोकलपुर ड्रेन ढकने को सदन में उठाई आवाज

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आज सदन में गोकलपुर ड्रेन, जो इतनी जटिल समस्या बन गया है, उसको ढकने की आवाज पुरजोर तरीके से सदन में ब्रह्मा पुरी वार्ड निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने उठाई । उन्होंने कहा कि गो. कलपुर ड्रेन किसी बच्चा तो कभी किसी का पति गिर जाता है। उस ड्रेन में गिरने से उसकी जीवन लीला हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। जो बच्चा इस नाले में गिरकर मर जाता है उसके बारे उसके परिजनों ने बड़ी बड़ी उम्मीद लगाई होती हैं कि वही बच्चा बड़ा होकर आईएएस आईपीएस बन सकता है और जिन महिलाओं के पति की जान इस ड्रेन में गिरने के कारण होती है उन महिलाओं के दिल से पूछा जाये कि उनका घर चलाने वाला कोई परिवार में है या सपरिवार उसी दम पर था। उन्होंने ने ड्रेन को ढकने मांग सदन में उठाई। उन्होंने देश की सरहद पर तैनात सैनिकों को सम्मान,व सलाम किया साथ में भारत माता की जय बोलकर अपनी बात शुरू की।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से की भेंट

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से भेंट की। बैठक के दौरान किशाऊ बांध के वित्तपोषण सम्बंधी मुद्दे पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने किशाऊ जल विद्युत परियोजना में हिमाचल प्रदेश के अधिकारों और हितों को ध्यान में रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अथवा किशाऊ परियोजना के मुख्य लाभार्थी राज्य दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को इस परियोजना की पूरी लागत वहन करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि रेणुका बांध परियोजना में स्थानीय क्षेत्र विकास निधि और निःशुल्क बिजली घटक के मामलों पर विचार किया जाना चाहिए। परियोजनाओं के महत्व को रेखाकिंत करते हुए उन्होंने कहा कि जल विद्युत परियोजनाएं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परियोजनाओं के दृष्टिगत पर्यावरणीय और सामाजिक मूल्यों का भी ध्यान रखते हुए राज्य को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जल जीवन मिशन के तहत लंबित राशि को शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। सी.आर. पाटिल ने राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

रास्ते में जाते हुए कन्धा टकराया तो कर दिया हमला

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के वेलकम थाने की टीम ने हत्या के प्रयास मामले को सुलझाकर दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में पर्युक्त कैंची का हिस्सा बरामद किया हैआरोपियों ने रास्ते में जाते हुए कन्धा टकराने पर पीड़ित पर हमला कर दिया था। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि २१ मई को लगभग शाम ०७:१५ बजे वेलकम थाना क्षेत्र में एक चाकूबाजी की घटना की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर कबीर नगर पहुंची, जहां पाया गया कि एक नाबालिग को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू मारा गया है। घायल को उपचार हेतु जीटीबी अस्पताल भेजा गया।इसके बाद वेलकम थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी भजनपुरा विवेक त्यागी की देखरेख में एसएचओ वेलकम रुपेश कुमार खत्री के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने विभिन्न स्रोतों से मामले में साक्ष्य इकठ्ठा कर वारदात में शामिल दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया।पुलिस ने उनके पास से अपराध में पर्युक्त कैंची का हिस्सा बरामद की है।पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया की रास्ते में जाते हुए पीड़ित से उनका कन्धा टकरा गया था जिस कारण उन्होंने पीडित पर हमला कर दियाद्य दोनों आरोपियों ने वारदात में शामिल अपने दो अन्य साथियों के बारे में भी खुलासा किया जिनको पकड़ने के प्रयास जारी है।

दिव्यांगों को मिलेंगे आधुनिक उपकरण: रविन्द्र इन्द्राज

नई दिल्ली। दिल्ली के समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने दिव्यांगों के लिए आधुनिक और बेहतर उपकरणों हेतु कानपुर स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय में निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगों के सशक्तिकरण की दिशा में देश में चल रहे सुगम्य भारत अभियान को सफल बनाने में दिल्ली सरकार प्रभावी ढंग से जुटी हुई है। इसी क्रम में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के मुख्यालय जाकर नवीनतम सहायक उपकरणों की जानकारी ली गई है। आधुनिक और सुविधाजनक उपकरणों का लाभ दिल्ली के दिव्यांगजनों को भी मिलेगा। इस अवसर पर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने अत्याधुनिक निर्माण क्षमताओं तथा दिव्यांगजन के लिए विकसित नवीनतम सहायक उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी।

महापौर राजा इकबाल सिंह पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत व निगम आयुक्त अश्वनी कुमार के साथ पश्चिमी व नजफगढ़ जोन के विकास कार्यों को लेकर चर्चा करते हुए।

महापौर ने नागरिक समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने आज पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत व निगम आयुक्त अश्वनी कुमार के साथ पश्चिमी व नजफगढ़ जोन के विकास कार्यों, नागरिक समस्याओं व स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हेतु बैठक की।

इस अवसर पर पश्चिमी जोन व नजफगढ़ जोन के पार्षद,अतिरिक्त आयुक्त, जोनल उपायुक्त एवं सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में महापौर श्री राजा इकघ्बाल सिंह एवं सांसद सुश्री कमलजीत सहरावत ने दोनों जोन में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ीकरण,पार्कों के बेहतर रखरखाव, अवैध अतिक्रमण , स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवनों का रख रखाव, अमृत योजना के तहत जलाशयों का विकास, विद्यालयों का बेहतर रख रखाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। पार्षदों ने

अपनी समस्याओं और क्षेत्र के मुद्दों को महापौर व अधिकारियों के समक्ष रखा।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि बैठक का उद्देश्य वार्ड के स्थानीय मुद्दों को समझना, वार्ड के पार्षदों के साथ प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करना और उनका सामूहिक रूप से हल करना है। उन्होंने कहा कि सभी पार्षदों को विकास कार्यों के लिए जल्द ही फंड मिलेगा। निगम दिल्ली सरकार के साथ समन्वय में मिलकर सभी विकास कार्यों को गति देगा।

बैठक में महापौर ने अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल व दीर्घकालीन समाधान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और पार्षदों से कहा कि क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए एक दूसरे का सहयोग करें। साथ ही अधिकारियों से कहा कि पार्षदों के साथ लोगों की समस्याओं को जानने के लिए वार्ड का दौरा करें।

इस अवसर पर कमलजीत सहरावत ने कहा कि राजधानी में सभी स्तर पर समन्वय से काम किया जाएगा ताकि क्षेत्र की सभी समस्याओं का निदान हो पाए और भाजपा के नेतृत्व में पूरी दिल्ली का जमीनी स्तर पर विकास हो पाए।

दिल्ली सरकार रोजगार मेले की तैयार में

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के अपने संकल्प के तहत वर्ष २०२५–२६ में एक बड़े रोजगार मेले (जॉब फेयर) का आयोजन करने जा रही है। इस संबंध में दिल्ली सरकार के श्रम (रोजगार) मंत्री कपिल मिश्रा ने रोजगार निदेशालय के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक का उद्देश्य दिल्ली के युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु रणनीति तैयार करना तथा विभिन्न विभागों व औद्योगिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करना था।

मिश्रा ने बताया कि वर्ष २०२५–२६ के बजट में रोजगार मेले का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एक साझा मंच तैयार किया जाएगा जहाँ जॉब तलाशने वाले युवा और जॉब देने वाले संस्थान सीधे संपर्क कर सकेंगे। इस दिशा में पहला विशाल जॉब मेला जुलाई २०२५ में आयोजित करने का प्रस्ताव है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि फिक्की I, दलित इंडियन चौम्बर ऑफ कॉमर्स , सीआईआई,, पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स, प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी , शिक्षा विभाग की वोकेशनल ब्रांच, जीजीआईपीयू के अंतर्गत आने वाले कॉलेज/संस्थान, होटल, अस्पताल आदि सभी को रोजगार देने वाले संभावित संस्थानों और युवाओं के डेटा को इकट्ठा करने के लिए पत्र/ईमेल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी।श्रम मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग व शिक्षा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले सभी तकनीकी संस्थानों व विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों के प्लेसमेंट तथा रोजगार उपलब्ध कराने वाली कंपनियों की जानकारी शीघ्र एकत्रित की जाए।इसके अलावा, अगले सप्ताह सभी संबंधित विभागों और संस्थानों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिसमें रोजगार मेले के आयोजन स्थल का चयन, प्रतिभागियों की अनुमानित संख्या, संस्थानों द्वारा भेजे जाने वाले आमंत्रण, संभावित नियुक्तियों की संख्या, और भाग लेने वाले नियोक्ताओं एवं उम्मीदवारों की गणना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

एमसीडी के खिलाफ दोहरा क्लेम दायर करने पर श्रमिक पर जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। एक श्रम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र में तैनात सफाई कर्मचारी जोगिंदर पर घ्१५,००० का जुर्माना लगाया है। जोगिंदर पर एक ही भुगतान के लिए दो बार दावा कर न्यायालय को गुमराह करने का आरोप सिद्ध हुआ है।

जोगिंदर ने वर्ष २०१९ में "जोगिंदर बनाम ईस्ट एमसीडी" शीर्षक से एलसीए ४९७/१९ मामला दायर किया था, जिसके तहत उन्हें रु ५.५० लाख की राशि प्राप्त हुई थी। इसके बावजूद उन्होंने वर्ष २०२३ में एलसीए १९५१/२३ के अंतर्गत एक और दावा दायर किया और शपथपत्र में झूठा बयान दिया कि उन्हें अब तक कोई भुगतान नहीं मिला है। एमसीडी प्रबंधन ने श्रम न्यायालय को सूचित किया कि यह दावा पहले ही निपटाया जा चुका है, और संबंधित कैलकुलेशन शीट व भुगतान प्रमाण प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने पाया कि कार्यकर्ता ने जानबूझकर तथ्यों को छिपाया और न्यायालय को गुमराह किया, जिससे न्यायिक समय खघ्राब हुआ।

एमसीडी के श्रम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की हरकतें पर्जरी और धोखाधड़ी की श्रेणी में आती हैं, जो किसी नगर निगम कर्मचारी के लिए अत्यंत अनुचित है। यह जानबूझकर किया गया कृत्य न केवल न्यायपालिका को गुमराह करता है, बल्कि निगम को आर्थिक नुकसान भी पहुंचाता है।

इस घटनाक्रम के बाद एमसीडी की सतर्कता शाखा ने संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में आज रोहिणी में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना के साहस, बलिदान और 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित रही, जिसने देश की रक्षा इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। यात्रा का शुभारंभ सेक्टर–१४ रोहिणी स्थित महेश्वरी अपार्टमेंट से हुआ और यह यात्रा प्रशांत विहार के सेंट्रल मार्केट में समाप्त हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों एवं व्यापार मंडलों ने भाग लिया। रोहिणी वार्ड से नगर निगम पार्षद प्रवेश वाहि भी इस तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारों के साथ, भारतीय सेना के प्रति अपने सम्मान को प्रकट करते हुए यात्रा में भाग लिया।

जनसमूह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा उन वीर सैनिकों को एक सशक्त श्रद्धांजलि है जो अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर भारत के रक्षा इतिहास में एक निर्णायक क्षण था, जिसने हमारे सैनिकों की शक्ति और संकल्प को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया।" उन्होंने यह भी कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ नेतृत्व और भारतीय सेना की वीरता का प्रतीक है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। गुप्ता ने आगे कहा कि यह यात्रा केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है कि हम सभी अपने अंदर अनुशासन, बलिदान और देशभक्ति के उन मूल्यों को आत्मसात करें जिनका प्रतिरूप हमारी सेना है। उन्होंने कहा, "हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने–अपने स्तर पर राष्ट्र की सेवा करे, चाहे वह सीमाओं पर हो या अपने कर्मक्षेत्र मेंख्रहम सभी को भारत की एकता और अखंडता के प्रति समर्पित रहना चाहिए।"इस कार्यक्रम का समापन भारतीय सेना के प्रति गर्व, एकजुटता और सम्मान के सशक्त संदेश के साथ हुआ, जिसमें राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति जनसमुदाय की गहन प्रतिबद्धता और भावनात्मक जुड़ाव स्पष्ट रूप से झलकता है।

महिलाओं को सम्मोहित करने वाला गैंग पकड़ा

नई दिल्ली। रनहौला पुलिस ने दो धोखाधंड़ी की वारदातों में पुलिस ने एक किशोर और दो महिला समेत पांच को पकड़ा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १५ मई २०२५ को रनहौला पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। महिला कॉलर को महिला समेत तीन लोगों ने सम्मोहित करके सोने की बालियां लूट ली थी और उसे कागजों का एक बंडल दिया, जिसमें करेंसी बताई थी। अगले ही दिन पुलिस को एक और ऐसी ही कॉल मिली थी। एसीपी जयपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ नरेन्द्र सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद डी ब्लॉक सुल्तानपुरी इलाके में छापेमारी करके सचिन और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया। आरोपी करण १५ वारदातों में शामिल रहा है। वह ख्याला पुलिस को घोषित बदमाश भी है। पूछताछ करने पर एक नाबालिग के बारे में पता चला। जिसको जीत प्रॉपर्टीज के पास चंदर विहार क्षेत्र से पकड़ लिया।

अग्र समाज स्थापना दिवस पर अग्रवाल मैत्री संघ कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। वैश्य अग्र समाज स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली हरियाणा अग्रवाल मैत्री संघ ने विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और आर.एस.एस. के वरिष्ठ प्रचारक पवन जिंदल आदि ने सम्बोधित किया। इस मौके पर पूज्य पंडित विजय शंकर मेहता ने महाराजा अग्रसेन के स्वरूपों का व्याख्यान करते हुए उनके जीवन का वर्णन किया और साथ ही हजारों की संख्या में आए लोगों ने अग्रवाल मैत्री संघ पदाधिकारियों की इस पहल की प्रशंसा की। इस मौके पर अग्रवाल समाज से एस एस अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नरेश ऐरन, सुनील मित्तल आदि मौजूद थे। नरेश ऐरन ने मंच संचालन किया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर अग्रवाल समाज से जुड़े लोग आए हुए हैं इसलिए सबका दिल्ली में स्वागत है।रेखा गुप्ता ने अग्रवाल समाज से पहली महिला मुख्यमंत्री को आज दिल्ली में मौका दिया उसके लिए वीरेंद्र सचदेवा सहित भाजपा के सभी शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त किया। रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं दिल्ली में अग्रवाल समाज से पहली महिला बनी जिसने छात्रसंघ में चुनाव भी लड़ा और अध्यक्ष का चुनाव भी जीता।

समाज को आगे बढ़ाने के लिए बेटियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना जरूरी है और अगर ऐसा हुआ तो जहाँ भी सरकारी पद होंगे वहाँ समाज की बेटियां आगे दिखेंगी। उन्होंने कहा कि हमसे पहले की सरकार हरियाणा सरकार को हमेशा से कोसती रही है लेकिन यह पहली बार हुआ है जब हरियाणा सरकार ने खघ्द कहा कि अब आगे जिस भी प्रकार की सहायता होगी उसको पूरा किया जाएगा।

ऑपरेशन बुलेट बाइक दो बदमाश पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आउटर नॉर्थ जिले की एएटीएस,एबीएस सेल और स्वरूप नगर की सांझा टीम ने 'ऑपरेशन बुलेट' चलाकर दो बदमाशों को १३ लाख कीमत की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान भलस्वा डेयरी के रहने वाले पंकज और तस्लीम के रूप में हुई है। पुलिस आरो. पियों से पूछताछ करके उनके नेटवर्क को पकडने की को. शिश कर रही है। गैंग में पंकज मास्टरमाइंड है। पंकज के खिलाफ आठ पिछले मामले दर्ज हैं, जबकि तस्लीम के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं। गैंग सेकंडों में हैंडल लॉक तोड़ते थे और बिना चाबी के बाइक का इग्निशन सिस्टम को बायपास सर्किट से जोड़ देते थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में कई बुलेट बाइक चोरी होने के मामले सामने आने के बाद बदमाशों को पकडने के लिये ऑपरेशन बुलेट चलाया गया। जिसमें तीन टीमों के सांझा ऑपरेशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगहों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। एक पुख्ता जानकारी के बाद भलस्वा झील के पास घेराबंदी करके दोनों आरोपियों को स्वरूप नगर से चोरी बुलेट के साथ गिरफ्तार किया।

शाहिद तापसी पन्नू के साथ बने ब्रांड एंबेसडर

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। वोग आईवियर ने बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर का स्वागत करते हुए उन्हें अपने नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में पेश किया है। शाहिद कपूर अब तापसी पन्नू के साथ इस प्रतिष्ठित ब्रांड का चेहरा बनेंगे। दोनों ने एक आकर्षक कैंपेन फिल्म में हिस्सा लिया है, जो वोग आईवियर के उन मूल्यों को सामने लाती है, जिनमें व्यक्तित्व, आत्म–अभिव्यक्ति और व्यक्तिगत शैली को प्राथमिकता दी गई है।

शाहिद कपूर ने कहा, ष्मेरे लिए स्टाइल हमेशा बिना सीमाओं के आत्म–अभिव्यक्ति का जरिया रहा है। मैं वोग आईवियर के साथ जुड़कर बेहद उत्साहित हूं । इसी भावना को व्यक्त करते हुए तापसी पन्नू ने कहा, वोग आईवियर के साथ काम करना हमेशा खुद को निडर और बेबाक तरीके से पेश करने के बारे में रहा है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109–110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002 से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011–41509401–2
फैक्सः 011–41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

वीसी साहब एक नजर इधर भी

जोन तीन के स्वर्णजयंती पुरम और राजनगर में बिल्डरों का बोलबाला

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। जहां एक तरफ जीडीए उपाध्यक्ष अपने कर्मचारियों से कहते की शहर में किसी भी हालत में अवैध निर्माण ना होने पाए लेकिन वहीं कुछ जीडीए के लोग वीसी के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए अवैध निर्माण को बढ़ावा दे रहे है। जी हां मामला है जोन तीन के स्वर्णजयंती पुरम का जहां पर रेजिडेंशल प्लाटों पर बिल्डर जीडीए में सेटिंग करके बड़े बड़े फ्लोर और फ्लैट बना कर करोड़ों में बेच रहे है और जीडीए के लोग पर लेंटर पैसा लेकर इन निर्माणों को बढ़ावा दे रहे है। जिससे प्राधिकरण के राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा है वहीं दूसरी तरफ राजनगर का भी यही हाल है सेक्टर 11सेक्टर 10 सेक्टर 6 सेक्टर 7 में रेजिडेंशल प्लाटों पर बिल्डर द्वारा फ्लोर बना कर करोड़ों में बेचे जा रहे है। क्या इसकी जानकारी जे इ सुपर वाइजर अपने बड़े अधिकारियों को नहीं देते है अगर देते है तो इनपर जीडीए का हथौड़ा कियू नहीं चलता है। यही नहीं सूत्रों से पता चला है जिनकी फोटो अखबार में प्रकाशित की गई है इनमें बिना जीडीए के अनुमति के लिफ्ट भी लगाई गई है । जो अपने आप में जीडीए अधिकारियों की कलई खोलती है।

हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ कोरवा-यूपी ने सौंपा ज्ञापन, नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप

गाजियाबाद। नगर निगम द्वारा गृह कर (हाउस टैक्स) में की गई वृद्धि के विरोध में कोरवा-यूपी के प्रति. निधिमंडल ने बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि गाजियाबाद नगर निगम ने बिना निर्धारित नियमों का पालन किए गृह कर में अत्यधिक वृद्धि की है, जिससे आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ा है।

प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम फाइनेंस सौरभ भट्ट को 6 बिंदुओं वाला ज्ञापन सौंपा। कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होने के बावजूद गाजियाबाद के नागरिकों पर सबसे अधिक गृह कर का बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि गृह कर में न तो पुराने भवनों को कोई राहत दी गई और न ही कारपेट एरिया जैसे मानकों का ध्यान रखा गया।

कोरवा-यूपी के मुख्य सलाहक. ार डॉ. आर.के. आर्या और महासचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि नियमानुसार गृह कर एक बार में दोग. ुने से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकता, लेकिन गाजियाबाद नगर निगम ने इस नियम की अवहेलना करते हुए तीन गुना तक बढ़ा दिया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल ऋचा सूद, नेमपाल चौधरी, महेश शर्मा और गौरव बंसल ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों को अनसुना किया गया, तो वे गाजियाबाद के नागरिकों से गृह कर जमा न करने की अपील करेंगे।

ज्ञापन में यह मांग की गई कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई गृह कर वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और भविष्य में कर निर्धारण करते समय नियमों और नागरिक हितों का ध्यान रखा जाए।

गाजियाबाद में तेज आंधी-तूफान का कहर, दो की मौत, आठ हुए घायल

गाजियाबाद। तेज हवाओं के कारण पेड़ गिरने से 40 वर्षीय मुझामिल की बाइक पर गिरकर मौत हो गई, जबकि एक 38 वर्षीय महिला (पानू देवी) की झुग्गी पर स्कूल की दीवार गिरने से जान चली गई।आपको बता दें की महिला के परिवार के अन्य लोग बबलू (13), संतोष (12), गणेश (8), सर्फी कुमारी घायल है। 4 घायलों को पुलिस द्वारा हॉस्पिटल भेज दिया गया है। दूसरी बहुत महर्षि दयानंद चौराहे के पास हापुड़ रोड पर हुई है। जिसमें डासना निवासी एक व्यक्ति की बाइक के ऊपर पेड़ गिरने से जान गई।

तेज हवाओं और ओलों के कारण गाजियाबाद, नोएडा के कई हिस्सों में पेड़ उखड़ गए, बिजली के खंभे और होर्डिंग गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुई। कई इलाकों में तीन से पांच घंटे तक बिजली नहीं रही।

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर भोजपुर एग्जिट के टोल प्लाजा का शेड उड़कर सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। साहिबाबाद रेलवे स्टेशन पर ईएमयू ट्रेन पर पेड़ गिरने से रेल संचालन रुका रहा। आपको बता दें की तेज हवाओ के चलते सेवाएं प्रभावित हुई, हालांकि रात तक अधिकांश सेवाएं बहाल कर दी गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि यह मौसम परिवर्तन हरियाणा पर बने चक्रवाती परिसंचरण और पंजाब से बांग्लादेश तक फैले ट्रफ के कारण हुआ। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी हल्की से मध्यम बारिश, गरज और तेज हवाओं की संभावना जताई है।

प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए मरम्मत कार्य जारी है, और सड़कों से गिरे हुए पेड़ों और मलबे को हटाया जा रहा है।

एक नजर

महिला की मौत पर गुस्साए परिजनों ने मेरठ रोड जाम कर किया हंगामा

गाजियाबाद। जिले के सिहानी चुंगी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में आशा देवी नामक महिला की मौत हो गई। महिला मेरठ रोड पर रोडवेज बस से उतर रही थीं, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिर गईं। इसी दौरान बस चालक ने वाहन आगे बढ़ा दिया, जिससे महिला बस के पिछले टायरों की चपेट में आ गईं। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला के गिरने के तुरंत बाद बस चालक को लोगों ने रुकने के लिए आवाज दी, लेकिन वह बस लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान आशा देवी, निवासी नंदग्राम के रूप में हुई है। पुलिस अब फरार चालक की तलाश में जुटी है। इस हादसे से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने रोडवेज की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई है। यहीं नहीं लोगों ने बीच सड़क पर महिला के शव को रखकर पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। उधर, इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

गिन्नी देवी कॉलेज में छात्राओं हेतु हुआ कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा जी की अध्यक्षता में संगीत विभाग व शिव. रंजनी कल्चर क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या की रोकथाम पर चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता डॉ. भगत सिंह असिस्टेंट प्रो. संगीत विभाग, मान्यवर काशीराम राजकीय कॉलेज गाजियाबाद ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए संगीत को संजी. वनी के समान बताते हुऐ सभी को जीवन में संगीतात्मकता को अपनाने का आग्रह किया आपके विचारों और प्रोफेसर पूनम शर्मा जी के मार्गदर्शन ने छात्राओं को मान. सिक स्वास्थ्य के महत्व व आत्महत्या को बढ़ावा देने वाले कारणों के बारे में जागरूक किया।

इस व्याख्यान में लगभग 87 छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभागिता की तथा अपनी समस्यों के बारे में भी खुलकरचर्चा की तथा समाधान भी प्राप्त किये! कार्यक्रम का सफल संचालन व संयोजन किया डॉ. आकांक्षा सारस्वत व डॉ सारिका गर्ग ने महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं का इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आईफा मोदीनगर में 20 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन

मोदीनगर के आसपास के स्कूलों के प्रिंसिपलों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। गुरुवार से इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मैं 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला का आरंभ किया गया । यह चित्रकला कार्यशाला राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश एवं संस्कार भारती मेरठ महानगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। इस चित्रकला कार्यशाला में 80 कला प्रेमी, छात्र-छात्राओं ने भाग लिया यह कार्यशाला 20/ 05/ 2025 से11/ 06/ 2025 तक चलेगी। इस चित्रकला कार्यशाला में कला के विशेष शिक्षकों द्वारा कला संबंधी तकनीक सिखाई जाएंगी। कार्यक्रम सर्वप्रथम आईफा छात्र-छात्राओं ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को तिलक लगाकर एवं पटका पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरुण त्यागी(डायरेक्टर, प्रिंसिपल) छाया पब्लिक स्कूल मोदीनगर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ मयंक अग्रवाल(अध्यक्ष संस्कार भारती मेरठ महानगर), राकेश जैन (वरिष्ठ उपाध्यक्ष संस्कार भारती मेरठ महानगर), शीलवर्धन (संयोजक प्राच्य धरोहर संस्कार भारती मेरठ महानगर), राम लखन पटेल(कार्यकारी सदस्य संस्कार भारती मेरठ महानगर एवं वरिष्ठ कवि) एवं मोदीनगर व आसपास के स्कूल के प्रिंसिपल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर उद्घाटन किया ।

इसके उपरांत संस्थान के ऑडिटोरियम में प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एकत्र हुए एवं डॉ. मयंक अग्रवाल जी ने मुख्य अतिथि डॉक्टर अरुण त्यागी को ट्राफी एवं किताब देकर सम्मानित किया एवं संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा ने डॉ मयंक अग्रवाल एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को ट्रॉफी एवं किताब देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि आईफा एक इकलौता संस्थान है जहां विदेशी शिक्षण छात्र-छात्राओं को कला की बारीकीयों को सीखने आते हैं एवं आइफा के छात्र-छात्राएं भारतवर्ष का परचम अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर लहरा रहे हैं ।

चित्रकला कार्यशाला में कला शिक्षक लक्ष्य कुमार एक्रेलिक मीडिया में ऑपरेशन सुदूर पेंटिंग बनाकर डेमो दिया । कार्यक्रम के बीच विभिन्न स्कूलों से आए प्रिंसिपल मिस शिवानी सिंगल(प्रिंसिपल आदर्श कन्या इंटर कॉलेज), विमल प्रताप सिंह(के.एस. एम इंटर कॉलेज), सतीश अग्रवाल(प्रिंसिपल के.एन. मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज) ,मिस अनुभूति(प्रिंसिपल डी. जी.आर.निवाड़ी), मिस मोनिका त्यागी (प्रिंसिपल नवजीवन इंटर कॉलेज भनेड़ा), मिस भारती त्यागी(प्रिंसिपल श्री राम पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर), मिस रोमी शर्मा (प्रिंसिपल नीव स्कूल सीकरी) को डॉ संघर्ष शर्मा एवं डॉ. रुचि वि॥र्थी ने सभी प्रिंसिपलों को ट्रॉफी एवं किताब देकर सम्मानित किया । संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी एवं मीडिया प्रभारी भोतेंद्र कुमार ने बताया इस चित्रकला कार्यशाला कराने का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में कला के प्रति छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाकर एवं कला के क्षेत्र में भविष्य संभालने को प्रोत्साहन करना है। इस चित्रकला कार्यशाला को सफल बनाने में अमित बंसल, प्रीति शर्मा, प्रशांत झा, दीपांशु, शीतल रानी, आभा शर्मा, पलक आदि का विशेष सहयोग रहे।

सांसद ने किया ईएसआई अस्पताल मोदीनगर का निरीक्षण, विधायक व चेयरमैन भी रहे साथ

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। सांसद डॉ राजकुमार सां. गवान ने मोदीनगर के कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय का निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्था देखी व अस्पताल प्रबंधन को जरूरी सलाह भी दी। इस अवसर पर विधायक डॉ मंजू शिवाच व चेयरमैन विनोद वैशाली भी उनके साथ निरीक्षण में शामिल रहे।

इस दौरान रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह, वरिष्ठ रालोद नेता रणवीर दहिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष

आकाश शर्मा, नवीन जायसवाल, सभासद संदीप सांगवान, संजय भदौला आदि मौजूद रहे।

सामंत जाखड की धुआंधार बल्लेबाजी से एचसीए पायनियर फाइनल में

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले मे एचसीए पायनियर ने सुपर ओवर मे गोल्डन हाकस को 10 रन से पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया। टास जीत कर एचसीए पायनियर ने वर्षा बाधित मैच मे पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया गोल्डन हाकस के बल्लेबाज केशव सिंह 44 रन, अंकित कुमार 52 रन व कुणाल शर्मा 40 रन ने तेजी से रन बनाते हुए टीम का योग निर्धारित 25 ओवर मे 222 रन पंहुचाया।

लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एचसीए पायनियर के बल्लेबाज अर्श कबीर 65 रन व सामंत जाखड के धुआंधार 82 रनो से स्कोर 222 पंहुचाया परन्तु 222 रन पर निर्धारित 25 ओवर समाप्ति के कारण मैच टाई हो गया। टाई मैच के सुपर ओवर मे पहले बल्लेबाजी करते हुए एचसीए पायनियर ने 20 रन 1 विकेट खो कर बनाये जिसमे जसमीत नैन ने अविजित 15 व अर्श कबीर ने 05 रन बनाए। जिसे प्राप्त करने के प्रयास मे गोल्डन हाकस 10 रन बना पायी। फलस्वरूप एचसीए पायनियर ने 10 रन से मैच जीत लिया।

सेमीफाइनल मे पराजित गोल्डन हाकस के सभी खिलाडियो व प्रशिक्षक को 1-1 बैग व किट देकर प्रोत्साहित किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सामंत जाखड को इन्द्रजीत सिंह व विशाल शर्मा ने संयुक्त रुप से प्रदान किया, संचालन पूर्व रणजी खिलाड़ी विश्वजीत सिंह ने किया।

प्रमुख स्कोर ÷

गोल्डन हाकस: 222 रन 9 विकेट पर 25 ओवर मे। केशव सिंह 44 रन (8 चौके, 1 छका) अंकित कुमार 52 रन (6 चौके, 3 छके) कुणाल शर्मा 40 रन (3 चौके , 2 छके) पीयूष चौधरी, विवेक तिवारी, व साहिल ढल ने 2-2 विकेट लिए। एचसीए पायनियर: 222 रन 9 विकेट पर 25 ओवर मे। अर्श कबीर 65 रन (8 चौके ,2 छके) सामंत जाखड 82 रन (5चौके,7 छके) दिविज प्रकाश ने 3 व निर्भय डागर ने 2 विकेट लिए।

सुपर ओवर विवरण÷

एचसीए पायनियर : 20 रन 1 विकेट पर जसमीत नैन 15 रन(2 छके) अविजित अर्श कबीर 05 रन गोल्डन हाकस:10 रन केशव सिह 7 रन (1छका) कल प्रात:काल दूसरा सेमीफाइनल नोएडा वंडरस व एलबी शास्त्री क्लब दिल्ली के मध्य खेला जाएगा।

ग्लोबल स्कूल में हुआ मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। डॉ. के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त 20 छात्रों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने किसी एक विषय में 100 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों में से 14 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 18 छात्रों ने अपने-अपने विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डी.के. मोदी जी ने उपस्थित रहकर सभी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर डॉक्टर के.एन. मोदी फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. दीपांकर शर्मा एवं श्री मेघराज जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ा दी। दोनों अतिथियों ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

विद्यालय की ऑफिसिएटिंग प्राचार्या मिस पूजा शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों की सफलता उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। बच्चों की उपलब्धियों को देखकर अभिभावकों ने गर्व का अनुभव किया और विद्यालय का आभार व्यक्त किया।

जिन शिक्षकों के विषयों में छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, उन्हें भी मंच पर सम्मानित किया गया। इससे न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ा, बल्कि उनके परिश्रम की भी सराहना हुई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कोऑर्डिनेटर श्री प्रशांत शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

समारोह के पश्चात सभी सम्मानित विद्यार्थियों का सामूहिक फोटो सेशन आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी, जिससे पूरे आयोजन का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

संबंध विच्छेद

मैं अपसाना खातून पत्नी स्व. मो. रिजवान निवासी- मनीष पार्क लोनी देहात थाना- लोनी जिला- गाजियाबाद अपनी पुत्री मुस्कान को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर कर सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में अपने कृत्यों की ये स्वयं जिम्मेदार होगी।

वरिष्ठ अधिवक्ता हरप्रीत सिंह जग्गी को

भूमि अर्जन पुनर्वास प्राधिकरण गौतमबुद्ध नगर हेतु किया गया नामित

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। जिलाधिकारी के निर्देश अनुसार अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी को भूमि अर्जन से संबंधित वादों की पैरवी करने हेतु गौतम बुद्ध नगर में भूमि अर्जन पुनर्वास एवं पुन व्यवस्थापन प्राधिकरण में नामित किया गया है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने पत्र जारी किया है।

भाई को बचाने नहर में कूदे भाई समेत चार की मौत

- दो के शवों को ढाई धंटे बाद निकाला, दो अन्य के लिये सर्च आपॅरेशन आज दोबारा से शुरू
- नहर के पास घास काटने परिवार के साथ आए थे सभी

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नरेला के दरियापुर पुलिया में भाई को बचाने के लिये कूदे भाई समेत चार बच्चों की मौत हो गई। जिनके परिवार वाले पास ही घास काट रहे थे। दमकलकर्मियों ने अन्य एजेंसियों की सहायता से दो सगे भाईयों के शवों को बाहर निक. ालकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जबकि दो बच्चों की तलाश में गोताखोर नहर में तलाश कर रहे हैं। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मृतक बच्चों की पहचान जावेद (१८) सावेज (१७)समद (१३)और सो. हेल (१३)के रूप में हुई। सभी लोनी गाजियाबाद के रहने वाले थे। सावेद और जावेद सगे भाई थे। नरेला पुलिस को वीरवार दोपहर सवा १२ बजे दरियापुर पुलिया नहर में बच्चों के डूबने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची।

दमकल,एनडीआरएफ,वोट क्लब टीम समेत गोताखोरों की मदद से नहर में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब सवा दो बजे समद और सोहेल नामक नाबालिगों के शवों को बाहर निकाला। जिनको बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। जबकि जावेद और सावेज की तलाश में गोतोखोर देर शाम तक तलाशते रहे। अंधेरा हो जाने के बाद सर्च ऑपरेशन को रोक दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला कि जावेद समेत पांच नहर के पास कटेवड़ा लड्डू गोपाल गौशाला में माता पिता के साथ काम करते थे पीछे से लोनी बॉर्डर गाजियाबाद के रहने वाले हैं और अब तीन-चार साल से अपने अपने परिवारों के साथ कटेवड़ा गांव में ही रहते थे।

समद के पिता अबास ने बताया कि वह गौशाला के लिये घास काटने के लिये गए थे। तभी बच्चों ने नहर में नहाने की बात कही थी। जिनको सावधानी से नहाने के लिये कहा गया था। बच्चों को तैरना नहीं आता था। एक बच्चे का अचानक से नहाते हुए पैर फिसल गया और वह नहर में चला गया। पानी का बहाव काफी तेज होने के कारण वह हाथ पैर पटककर किनारे आने की को. शिश करने लगा था। उसी वक्त उसको बचाने के लिये एक के बाद एक तीनों बच्चे नहर में चले गए। जबकि एक बाहर ही रहा। जिसके शोर करने पर वह अन्य परिवार के सदस्यों के साथ नहर पर पहुंचा। जहां पर बच्चे दिखाई नहीं दिये। जिसके तुरंत बाद पीसीआर को हादसे की जानकारी दी थी। डेढ़ घंटे बाद भी अभी तक नहर में सर्च ऑपरेशन नहीं चलाया जा सका। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारी तो समय पर पहुंच गए थे, लेकिन न तो गोताखोर ही आ सके और नहीं एनडीआरएफ की ही टीम।समद के पिता अब्बास ने बताया कि अक्सर बच्चों के साथ घास काटने आते रहते हैं। आज अगर में बच्चों की नहीं मानता तो सही रहता। चारों बच्चे जिंदा होते। हमको तो तैरना नहीं आता था,नहीं तो हम ही बच्चों को बचाने की कोशिश करते। जो बच्चा बचा है,उसको भी तैरना नहीं आता था। वो बच्चा शोर मचाकर बस सहायता मांगता रहा था। कुछ ही देर बाद नहर के पानी में बच्चे दिखाई नहीं दे रहे थे। देर शाम तक बस गोताखोंरों से ही संपर्क करते रहे थे कि बच्चों का कुछ पता चला या नहीं।

फैक्टरी में फंदे से लटका मिला लापता युवक

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अशोक विहार स्थित जे जे कॉलोनी वजीरपुर इलाके में एक जर्जर पड़ी फैक्टरी में एक लापता युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या की गई है,जिसको खुदकुशी का रूप दिया गया है। पुलिस को मौके पर से एक मोबाइल फोन मिला है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान दीपक(१९)के रूप में हुई है। अशोक विहार पुलिस को वीरवार दोपहर फैक्टरी की ऊपरी मंजिल पर कुंडी पर फंदे से युवक का शव लटका होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। परिजनों ने मृतक युवक की पहचान इलाके में रहने वाले दीपक के रूप में की। पुलिस को शव के कुछ ही दूरी पर पड़ा

मोबाइल फोन मिला। जिसको दीपक का बताया गया। पुलिस फोन की कॉल डिटेल की जांच कर रही है। पुलिस को आशंका है कि दीपक ने या तो वीडियो बनाने की कोशिश की होगी। या फिर किसी से वीडियो कॉलिंग पर बात की होगी। वहीं दीपक के परिजनों को कहना है कि दो दिन पहले इलाके में रहने वाले एक युवक से दीपक का झगड़ा हुआ था। वह तभी से मानसिक रूप से परेशान था। १९ की शाम को वह घर से निकला था। जिसके बाद परिवार वाले उसको तलाश रहे थे।

समर कैंप में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया

नई दिल्ली। सड़क सुरक्षा जागरूकता समर कैंप -२०२५ के तीसरे दिन स्कूली छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पहल के मिशन में एक और सफल अध्याय शुरू हुआ। दिल्ली के चार ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्कों में आयोजित इस कैंप में कक्षा ६ से १२ तक के लगभग ४२० छात्रों ने भाग लिया। शिक्षा को रचनात्मकता के साथ मिलाने के लिए डिजाइन किए गए इस कैंप में कई तरह की गतिविधियाँ पेश की गईं, जिनका उद्देश्य युवा प्रतिभागियों में जागरूकता, जिम्मेदारी और व्यावहारिक कौशल का निर्माण करना था।छात्रों को लाइव ट्रैफिक अभ्यासों के माध्यम से शामिल किया गया, जिससे उन्हें सुरक्षित, नियंत्रित वातावरण में वास्तविक जीवन के ट्रैफिक परिदृश्यों का अनुभव करने का मौका मिला।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने होलिस्टिक एप्रोच के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में यमुना की सफाई, दिल्ली में पीने के पानी और सीवेज व्यवस्था के लिए एक होलिस्टिक एप्रोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, जल शक्ति मंत्री सी आर पाटील, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय गृह सचिव, सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा जल शक्ति मंत्रालय, दिल्ली के मुख्य सचिव और केंद्र तथा दिल्ली सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि यमुना हमारे लिए सिर्फ एक नदी नहीं बल्कि आस्था का प्रतीक भी है, इसलिए इसकी स्वच्छता मोदी सरकार की प्राथमिकता है। शाह ने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय को सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए एक एसओ पी बनानी चाहिए जिससे उनकी गुणवत्ता, रख-रखाव और डिस्चार्ज के मानदंड स्थापित किए जाये। उन्होंने कहा कि ये एसओपीअन्य सभी राज्यों के साथ भी साझा की जाए।

अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में यमुना, पीने के पानी और ड्रेनेज को लेकर हम आज जो भी योजना बनायें वह अगले २० सालों को ध्यान में रख कर बने। उहोने कहा कि यमुना की सफाई में दिल्ली जल बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए, इसका सुदृढ़ीकरण बहुत आवश्यक है। गृह मंत्री ने दिल्ली जल बोर्ड में खाली पदों को तत्काल भरे जाने को कहा।केन्द्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली में जल वितरण क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूरी दिल्ली को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल का प्रबंधन बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जल आपूर्ति के लिए जल बोर्ड पाइपलाइनों में लीकेज को रोकने के साथ जल वितरण संरचना को और सुदृढ़ बनाए। श्री शाह ने नालों से गाद हटाने के लिए विश्व-स्तरीय तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक में यमुना की सफाई, पीने के पानी व सीवेज व्यवस्था के लिए होलिस्टिक एप्रोच के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए।

घर में घुसकर की चोरी दो शातिर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के अमन विहार थाने के स्टाफ ने घर में घुसकर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दो चांदी की पायजेब और ६,१५० रुपए नकद बरामद किए है।

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि १६ मार्च को अमन विहार थाने में चोरी की एक घटना की सूचना मिली थी। इसके बाद एक मामला दर्ज किया गया, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि किसी ने उसके घर में घुसकर उसके घर से दो सेट चांदी की पायल, पांच ग्राम सोने की बाली का एक सेट,४५,००० रुपए४/- की नकदी, छह चांदी के सिक्के और एक सोने का मंगलसूत्र चुरा लिए है।इस सूचना के मिलते ही एसीपी अमन विहार अजय वेदवाल की देखरेख में एसएचओ अमन विहार रविंदर जोशी के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुमेर चंद, कांस्टेबल जितेंद्र और सुभाष की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने इलाके में कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर मानव खुफिया जानक. ारी एकत्र की। इस दौरान स्थानीय मुखबिर को भी शामिल किया गया। टीम ने तकनीकी निगरानी और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर, दो आरोपियों किशन उर्फ कनारी (२४) और अनवर उर्फ चुम्मा (२४) को सेंट्रल पार्क, अमन विहार, किरारी, से गिरफ्तार कर लिया।

टेनिस कोच ने किया किशोरी से यौन उत्पीडन, पकड़ा गया

नई दिल्ली। निहाल विहार पुलिस ने एक १३ साल की किशोरी के साथ टेनिस कोच ने यौन शोषण किया किया। जबकि उसके भतीजे ने घर के बाहर खड़े होकर निगरानी की थी। पुलिस ने जहां मामले में आरोपी निखिल यादव को गिरफ्तार करके पचास दिनों में चार्जशीट दायर कर आरोपी को सजा दिलवाई।

वहीं आरोपी से पूछताछ करने के बाद उसके नाबालिग भतीजे को भी उसके ठिकाने पर छापेमारी करके पकड़ा। निहाल विहार का रहने वाला आरोपी निखिल यादव सिरीफोर्ट कॉम्प्लेक्स में टेनिस की कोचिंग देता है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १७ मार्च को कक्षा ८ में पढने वाली १३ वर्षीय किशोरी से निहाल विहार इलाके में आरोपी निखिल यादव ने १७ मार्च की रात को यौन उत्पीडन किया था और आरोपी को उसके भतीजे ने सहायता की थी, जो घर के बाहर रहा और घटना के दौरान निगरानी करता रहा। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

एसआई मीना श्योराण ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। एसआई मीना श्योराण ने ५० दिनों के भीतर आरोप-पत्र दाखिल किया। आरोपी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच से पता चला कि आरा. ेपी की मदद उसके भतीजे ने की थी, जिसकी पहचान सीसीएल के रूप में हुई है। सीसीएल को पकड़ लिया गया और किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

'आप' ने किया 11 राज्यों में प्रभारी-सह प्रभारी का एलान

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन की घोषणा के बाद देश के विभिन्न राज्यों के लिए आम आदमी पार्टी के प्रभारी और सह प्रभारी की घोषणा की गई है। देश भर में आप संगठन के विस्तार और उसकी मजबूती को धार दी जा रही है। इसके मद्देनजर ष्आपष ने ११ राज्यों में प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त करने का एलान किया है। गुरुवार को 'आप' के राष्ट्रीय महासर्. चव (संगठन) एवं राज्यसभा सदस्य ड्रॉ. संदीप पाठक ने इन पदाधिकारियों की नियुक्ति की सूची जारी कर दी। आम आदमी पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इन पदाधिकारियों को लिस्ट साझा कर सभी को बधाई दी है। ये सभी पदाधिकारी सूची जारी होने के तुरंत बाद अपना पदभार ग्रहण कर लिए हैं। आम आदमी पार्टी की तरफ से जारी सूची के मुताबिक, पार्टी ने मध्य प्रदेश में जीतेंद्र सिंह तोमर को प्रभारी बनाया गया है। जितेंद्र सिंह तोमर आम आदमी पार्टी की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। कर्नाटक में राजेश गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है। राजेश गुप्ता पूर्व विधायक हैं। इसी तरह, हिमाचल प्रदेश में ऋतुराज गोविंद को प्रभारी बनाया गया है। ऋतुराज गोविंद भी आम आदमी पार्टी से विधायक रह चुके हैं। वहीं, उत्तराखंड में महेंद्र यादव, राजस्थान में धीरज टोकस और महाराष्ट्र में प्रकाश जारवाल को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह, तेलंगाना में पार्टी ने मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़, केरल में दिल्ली की पूर्व मेयर शैली ओबेरॉय, तमिलनाडु में पंकज सिंह और लद्दाख में प्रवीण प्रभाकर गौर को प्रभारी बनाया गया है।इसी प्रकार, आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में सह प्रभारियों कि भी घोषणा की है। वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दिलीप पांडे को ओवरसीज कोऑर्डिनेटर के अलावा उत्तर प्रदेश का सह प्रभारी भी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में दिलीप पांडे के अलावा अनिल झा, विशेष रवि और चौधरी सुरेंद्र कुमार को भी सह प्रभारियों कि जिम्मेदारी दी गई है।

केजरीवाल की देशभर में संगठन विस्तार की घोषणा हास्यास्पद: सचदेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल की देशभर में संगठन विस्तार की घोषणा हास्यास्पद है।

दिल्ली एवं पंजाब में तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन खो चुकी आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल का देश भर में संगठन विस्तार का सपना - मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसा है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आज दिल्ली में रोज ष्आपष के पार्षद एवं कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल पर संगठन की अवेहलना का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ रहे हैं और मीडिया चर्चा है की अनेक ष्आपष विधायक भी पार्टी से दूरी बनाये हुए हैं।ऐसे में देश में संगठन विस्तार का सपना देखना केजरीवाल को मुंगेरी लाल जैसा काल्पनिक नेता बना रहा है।

खिड़की का पल्ला गिरने से नौ वर्षीय लड़की की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के दयालपुर थाने के तहत कल देर रात आए तूफान के कारण लोहे की खिड़की का पल्ला टूटकर गिरने से ९ वर्षीय लड़की की मौत हो गई। इस मामले में मकान मालिक के विरुद्ध, कार्यवाही की जा रही है।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला अधिकारी ने बताया कि २१ मई की शाम ०८ बजे सिविल लाइंस ट्रॉमा सेंटर से दयालपुर थाने को ९ वर्षीय साहना / चांदनी, की इलाज के दौरान मृत्यु की सूचना दी गई। जांच अधिकारी अस्पताल पहुंचे, जहाँ मृतका के नाना से मुलाकात हुई। उन्होंने बताया कि मृतका उनके साथ रह रही थी। आगे उन्होंने बताया कि आए तूफान के दौरान जब लड़की गली में खड़ी थी, तब तीसरी मंजिल से एक लोहे की खिड़की का पल्ला टूटकर गिर कर साहना / चांदनी के सिर पर आ लगा। उसे तुरंत सिविल लाइंस ट्रॉमा सेंटर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।घटनास्थल का निरीक्षण क्राइम टीम द्वारा किया गया। इस मामले में मकान मालिक के विरुद्ध, दयाल पुर थाने के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय बायो डायवर्सिटी डे के अवसर पर दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा जलवायु जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

पर्यावरण मंत्री सिरसा ने की दो लाख छात्रों के लिए अनूठी इको-ड्राइव की शुरुआत

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय बायो डायवर्सिटी डे के अवसर पर दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने एक महत्वाकांक्षी जलवायु जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसका उद्देश्य राजधानी दिल्ली के लगभग दो लाख छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। यह अभियान न केवल जागरूकता फैलाएगा, बल्कि युवाओं के व्यवहार में परिवर्तन लाकर उन्हें जलवायु परिवर्तन के समाधान का हिस्सा बनाएगा।

दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग और ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं और सतत (सस्टेनेबल) जीवनशैली की समझ को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त जनजागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस पहल के क्रियान्वयन हेतु दिल्ली सरकार टेरी को ४० लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर रही है। यह कार्यक्रम दिल्ली के २००० इको-क्लब्स और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से संचालित होगा, जिसमें लगभग २ लाख स्कूल और कॉलेज छात्र भाग लेंगे। इस मिशन के तहत ८० ष्पर्यावरण संरक्षकष नामित और प्रशिक्षित किए जा रहे हैं, जो संस्थानों में इको-लीडर के रूप में कार्य करते हुए अभियान को आगे बढ़ाएंगे। इसके लिए जून से नवंबर २०२५ के बीच इंटरएक्टिव प्ष्किट्स, कार्यशालाएं और साम. ुदायिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं और स्थायी जीवनशैली के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस अभियान में कहानी कहने, खेल, रचनात्मक संवाद और वास्तविक जीवन के श्इको-एक्शनश शामिल होंगे, जो छात्रों में गहरी पर्यावरणीय चेतना उत्पन्न करेंगे। मंत्री श्री सिरसा ने कहा, ष्यदि हमारे युवा स्वच्छ हवा, हरित स्थानों और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का महत्व समझ लें, तो वे इस धरती को बचाने वाले परिवर्तन के अगुवा बन सकते हैं।ष इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए बहु-आयामी प्रयासों की दिशा में एक और कदम बताते हुए पर्यावरण मंत्री ने यह भी कहा, ष्प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए एक समग्र रणनीति पर कार्य कर रही है। हम केवल प्रवर्तन या तकनीक तक सीमित नहीं हैं। हम लोगों की भागीदारी, शिक्षा और जनजागरूकता में भी निवेश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार द्वारा ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देना, नियमों का पालन, जन समुदाय को शामिल करना और युवाओं की अगुवाई में जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देना आदि इस पहल के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा हैं।

MARRIAGE NOTICE

No. DUBA/Cons/434/MR/2025-(23)
DATED: 16/05/2025
MR. SUSHANT BHATNAGAR
S/o GYAN SWARUP BHATNAGAR
RESIDENT OF A-96, LOK VIHAR, PITAM PURA, DELHI, PIN 110034, DELHI, INDIA
PRESENT ADDRESS 812, SPRING OASIS TOWER, DUBAI SILICON OASIS
AND MISS. AKANSHA SINGH
DAUGHTER OF SURENDRA SINGH
RESIDENT OF 33 NEW CHANDER NAGAR VIMLA, RAKESH STREET PS KOTWALI SADAR, SAHARANPUR PIN 247001, UTTAR PRADESH, INDIA
PRESENT ADDRESS 812, SPRING OASIS TOWER, DUBAI SILICON OASIS
ABOVE MENTIONED INDIAN NATIONALS ARE PRESENTLY RESIDING IN THE UAE HAVE GIVEN NOTICE OF INTENDED MARRIAGE BETWEEN THEM UNDER THE FOREIGN MARRIAGES ACT, 1969. IF ANYONE HAS ANY OBJECTION TO THE PROPOSED MARRIAGE, HE/SHE SHOULD FILE THE SAME WITH THE UNDERSIGNED ACCORDING TO THE PROCEDURE LAID DOWN UNDER THE ACT/RULES WITHIN THIRTY DAYS FROM THE DATE OF PUBLICATION OF THIS NOTICE ON Email: cons1.dubai@mea.gov.in, cons3.dubai@mea.gov.in.

(Pabitra Kr. Majumder)
Marriage Officer
Consulate General of India
P.O. BOX:737, DUBAI (UAE)
FAX NO. 0097143970453
Email: cons1.dubai@mea.gov.in, cons3.dubai@mea.gov.in

विधानसभा में पीएसी की बैठक, सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा की लोक लेखा समिति (पीएसी) की बैठक आज समिति अध्यक्ष विधायक अजय महावर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की शुरुआत में समिति के सभी सदस्यों का औपचारिक परिचय कराया गया तथा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) और पीएसी के आपसी संबंधों व कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में पीएसी के सदस्य अरविंदर सिंह, सतीश उपाध्याय, शिखा राय, कैलाश गहलोत, राज. कुमार चौहान, आतिशी, वीरेंद्र कादयान और कुलदीप कुमार उपस्थित रहे। साथ ही अतिरिक्त उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

(सीएजी), स्वास्थ्य विभाग के सचिव, आबकारी आयुक्त, परिवहन आयुक्त, अतिरिक्त मुख्य सचिव (पर्यावरण), दिल्ली विधानसभा के सचिव तथा वित्त सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद थे। बैठक के दौरान पीएसी ने वायु प्रदूषण, राजधानी में शराब बिक्री में पाई गई अनियमितताओं तथा स्वास्थ्य से जुड़ी सीएजी रिपोर्टों पर गंभीर चर्चा की। समिति ने इन विषयों पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों से जानक. ारी मांगी और आगे की कार्ययोजना पर विचार किया।

बैठक के दौरान पीएसी अध्यक्ष अजय महावर ने कहा कि , लोक लेखा समिति का दायित्व केवल रिपोर्टों की समीक्षा करना नहीं, बल्कि जनहित में कार्यप्रणाली की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। आज की बैठक में जिन विषयों पर चर्चा हुई, वे सीधे आम जनता के जीवन से जुड़े हुए हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सीएजी की रिपोर्टों में उठाए गए अनिमितताओं पर सर्थक चर्चा होगी और एक ईमानदार रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत होगी।

शिक्षा मंत्री ने स्कूल का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शकूर बस्ती विधानसभा क्षेत्र के दो सरकारी स्कूलों- सर्वोदय सह- शिक्षा विद्यालय, सी ब्लॉक, सरस्वती विहार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रानी बाग का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने छात्रों से बातचीत की और प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया। निरीक्षण के दौरान विधायक करनैल सिंह, शिक्षा निदेशक, पीडब्ल्यूडी अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

निरीक्षण के बाद मंत्री ने कहा कि विधायकों की शिकायतों के आधार पर सरकार दिल्ली के स्कूलों का नियमित निरीक्षण कर रही है और जहां भी कमियां पाई जाती हैं, संबंधित विभागों को समय पर निर्देश जारी कर सुधारात्मक कार्रवाई कर रही है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि दोनों स्कूलों के स्विमिंग पूल जर्जर हालत में पाए गए। २०१८ में २. ५ करोड़ रुपये की लागत से बने इन पूलों को कभी चालू नहीं किया गया। पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं है और इनके निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। रानी बाग स्कूल में पूल की फर्श उखड़ रही है और आसपास की टाइलें उखड़ रही हैं।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

कार्य का नाम और इसकी स्थिति	30-Elect-03-T-2025-26-E3 रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2021/ईईएम/180/11 दिनांक 20.01.2025 के अनुसार एसएसई/पीएस/पीएचजी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे अधिकारी क्वार्टर टाइप-IV और V फ्लैटों की रिवायरिंग के संबंध में विद्युत कार्य				
निविदा की अनुमानित लागत	₹ 98.37 लाख	कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली		
बयाना राशि ₹ 196800.00	निविदा निवेदन की दिनांक व समय	16.06.2025, 12.00 बजे	निविदा खोलने की दिनांक व समय	16.06.2025, 12.00 बजे	
वेब साइट व नोटिस बोर्ड	www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली				

1503/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आंधी तूफान से आम की फसल को भारी नुकसान

तूफान के चलते जगह-जगह उखड़े पेड़ व खम्बें गिरे, आकाशीय बिजली से फुंके हजारों उपकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। आंधी और तूफान के चलते आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। तूफान के चलते 50 प्रतिशत आम की फसल टूटकर गिर गयी है। वही जगह जगह पेड़ उखड़ गये। इसके अलावा आकासीय बिजली गिरने से हजारों के उपकरण भी फुक गये है।

बुधवार शाम आंधी तूफान और बारिश के चलते भारी नुकसान हुआ है। रटौल में जहा आम बागानों को भारी नुकसान पहुंचा है। रटौल आम बागानों मे 50 प्रतिशत लगभग एक हजार कुंतल आम टूटकर गिर गया है जिससे आम बागान ठेकेदारों को भारी नुकसान का अनुमान है। आम बागान ठेकेदार शोकीन ने बताया कि तूफान के 50 प्रतिशत आम गिर गया है। इसके अलावा खासपुर चमरावल मार्ग, पांची मार्ग पर पेड़ टूटकर गिर गये। वही खासपुर मार्ग पर खम्बा भी टूटकर गिर गया। इसके अलावा सिंगोली तगा गांव मे पचास वर्ष पुराना नीम का पेड़ टूटकर गिरने से धवल सिंह पांच पशु दबकर घायल हो गये। वही वीरेन्द्र राजकुमार के घरो के पास 11 हजार की विघुत लाईन गिर गयी। इसके अलावा ढिकोली गांव के ग्राम प्रधान संदीप ढाका के मकान की छत पर रखी टंकी पर आक. ासीय बिजली गिरने से आस पडौस के उपकरण फुकनें से हजारों का नुकसान हुआ है।

जनपद में टॉप करने पर वंशिका व रिया को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

छपरौली। क्षेत्र में गाँव लूम्ब में स्थित केटी पब्लिक स्कूल द्वारा चलाये गए अभियान ग्रामीण प्रतिभा सम्मान सप्ताह के अंतर्गत सीबीएसई 12वीं में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वंशिका व रिया चौहान को सम्मानित किया गया। केटी पब्लिक स्कूल की 6 सदस्य टीम द्वारा एक सप्ताह तक यह अभियान चलाया जायेगा। स्कूल प्रबंधक एस के चौहान द्वारा सभी के स्वस्थ जीवन की मंगल कामना करते हुए बताया गया कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना है ताकि ये बच्चे दोगुने उत्साह के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। ऐसे बच्चों के लिए स्कूल का समस्त परिवार हमेशा समर्पित है। केटी पब्लिक स्कूल द्वारा पहले भी इस तरह के कई आयाम स्थापित किये गए हैं। जैसे जरूरत मंद बच्चों की निरूशुल्क पढ़ाई, खेलकूद आदि में आर्थिक सहयोग आदि। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक एस.के. चौहान, सुदेशपाल आर्य, राहुल भारद्वाज, पीटी आई सुभाष, खुशी चौहान, मो. निका भारद्वाज, अमित कुमार, भोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

कैंटर की टक्कर से महिला की मौत, बेटा घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

बडौत। बड़ौत बुढ़ाना मार्ग पर कैंटर की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। उसका बेटा घायल हो गया। घटना कान्हड़ बिजलीघर के पास हुई।

गुराना रोड निवासी 62 वर्षीय कनिजा अपने बेटे नफीस के साथ शाहपुर में चिकित्सक से दवाई लेने जा रही थी। कान्हड़ बिजलीघर के पास पीछे से आ रही कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को टीकरी सीएचसी भेजा। वहां चिकित्सकों ने कनिजा को मृत घोषित कर दिया। नफीस को बड़ौत रेफर किया गया। कैंटर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक महिला के बड़े बेटे अनीस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर दोघट बच्चू सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। फरार हुए कैंटर चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

मृतका का फाइल फोटो

नीम का पेड़ टूटकर गिरने से एक गौवंश की मौत, भैंस घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

बडौत। बुधवार की देर रात तक चली आंधी, बारिश ओलावृष्टि ने जबरदस्त कहर बरपाया। लोग अपने-अपने घरों में कैद हो गए। श्याम ढलते ही सड़क पर सन्नाटा छा गया। बडौत कोतवाली क्षेत्र के बाजिदपुर गांव में आंधी तूफान के चलते सतीश पुत्र बलबीर चौधरी के घर पर नीम का पेड़ टुटकर गिर जाने से एक गौवंश की मौत हो गई जबकि उसके पास में बंधी एक भैंस की हालत नाजुक हो गई। घायल भैंस का उपचार चल रहा है।

इस दौरान गांव के ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से नीम का पेड़ हटाकर भैंस की जान बचाई। देर शाम से ही ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की बत्ती गुल हो गई। बिजली ना आने से ग्रामीण पानी को तरस गए जिन गांवों में सरकार द्वारा पानी की बड़ी टंकियां लगाई गई थी। उनमें एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है। सरकार द्वारा लगाई जा रही टंकियां में पानी नहीं आने के कारण गांव के लोग बूंद बूंद को तरस रहे हैं। आंधी तूफान के साथ बिजली गुल होने से ग्रामीणों में आस जगी थी कि गांव में लगी पानी की टंकियां से घरों में पानी मिल जाएगा। जागौश गांव शिव मंदिर में लगी पानी की टंकी लगभग 2 वर्ष से बनकर तैयार हो चुकी है जिसमें अभी भी एक बूंद पानी नहीं है। इसी के साथ-साथ कई गांव ऐसे हैं जिनमें पानी की टंकी दो-तीन साल से बनकर तैयार है और उनमें एक बूंद भी पानी नहीं है। गांव के लोगों ने पानी की टंकियां में पानी छुड़वाने की मांग जल विभाग से की है। ग्रामीण क्षेत्र पर लगे पॉल के खम्बो से मिटर भी टूट कर गिर गए हैं। बिजली के खम्बो से तार टूट कर जगह-जगह गिर गए हैं। घरों में लगे उपकरण भी हो गए काफी लोगों को विद्युत विभाग से भी नुकसान हुआ। बारिश के कारण गलियों में सड़कों पर जल भर गया। बिजली गुल होने से चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा छाया रहा। इस संबंध में जब विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता की गई तो विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आंधी तूफान के कारण बिजली विभाग को भी काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। सभी लाइनमैन ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए कार्य कर रहे हैं। शाम तक विद्युत आपूर्ति उसे जगह चालू कर दी जाएगी। कुछ जगह देर रात तक चालू हो जाएगी। लगभग 200 गांव की बिजली इस समय गुल हो गई है। जगह-जगह क्षेत्र में खंभे टूटे पड़े हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी लाइनमैन कर्मचारी लाइनों पर कार्यरत है।

एक नजर

आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। पिलाना और सिंघावली अहीर गांव में तेज तूफान के साथ आई बारिश के दौरान दो मकानों पर आकाशीय बिजली गिरी, जिससे एक भैंस की मौत तथा दोनों घरों के उपकरण फूंक गए।

गुरुवार को करीब साढे आठ बजे मिली जानकारी के अनुसार पिलाना गांव निवासी हरेंद्र और सिंघावली अहीर गांव निवासी बिन्दर के मकानों पर बुधवार की रात करीब आठ बजे आए तेज तूफान के साथ आई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी, जिससे एक भैंस की मौत तथा दोनों घरों के उपकरण फूंक गए। इस घटना से पीड़ितों का लाखों का नुकसान हो गया। उन्होंने डीएम से नुकसान की भरपाई करवाने की मांग की है।

मुस्लिम धोबी को भी अनुचित जाति में शामिल करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

बडौत। नगर की पट्टी चौधरान में सुनील कस्सार के आवास पर ऑल इंडिया जमीअतुल कस्सार रजि.की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी फरकुदीन ने की। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष कासिम शरीफ कस्सार ने किया।

इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया जमीअतुल कस्सार के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुर्शीद आलम कस्सार ने कहा कि हिंदू धोबी की तरह मुस्लिम धोबी को भी अनुसूचित जाति में शामिल करना चाहिए तभी जाकर समाज का भला हो सकता है। मुस्लिम धोबी भी अपनी मेहनत करके देश में अपना कार्य कर रहा है। हम सब लोगों को एकजुट होकर मुस्लिम धोबी को भी अनुचित जाति में शामिल करने की मांग अब आंदोलन के जरिए भी करनी पड़ेगी तभी जाकर मुस्लिम धोबी समाज का पिछड़ापन दूर होगा। बैठक में सभी लोगों ने एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज से आहवान किया कि मुस्लिम धोबी समाज के लोग एकजुट होकर कार्य करें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ऑल इंडिया जमीअतुल कस्सार के जिलाध्यक्ष बागपत कासिम शरीफ कस्सार ने कहा कि अब हम सब लोगों को एकजुट होने की आवश्यकता है तभी जाकर समाज उन्नति के मार्ग पर चलेगा। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष चौधरी मेहरुद्दीन कस्सार ने भी संबोधित करते हुए समाज की एकजुटता पर बल दिया। इस मौके पर बैठक में वरिष्ठ समा. जसेवी समीम चौधरी सुनील चौधरी सुहेल चौधरी फरमान समीम राजू कस्सार मास्टर फर्फुद्दीन राशिद आदि मौजूद रहे।

भारतीय सेना ने बहनों के सिंदूर का लिया बदला:सत्यपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। गुरुवार को चमरावल रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के फैसले और हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी ने सुनिश्चित किया कि आतंकी ठिकानों को मलबे में बदल दिया जाए। पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व सांसद सांसद डा.सत्यपाल सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले दुनिया कहती थी कि भारत एक नरम देश है। कोई भी कुछ भी करो, भारत कुछ करता ही नहीं है। 2014 के बाद मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर देश की आंतरिक सुरक्षा में एक बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना बड़ी ही मार्मिक थी। लोगों से नाम, धर्म पूछकर मारा गया। उस घटना के वक्त स्थानीय मुस्लिम लोगों ने भी मदद की थी। घटना होने के बाद कश्मीर के लोगों ने भी इस घटना की निंदा की थी। पूरे देश के अन्दर पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश पैदा हो गया था। सभी की मांग थी कि पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा 6 व 7 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी सेना आतंकवादियों के ठिकाने व उनके हेडक्वार्टरों पर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर ठिकानों पर बमबारी की। इसमें पाकिस्तान की सेना ने भी माना था कि उनके लोग मारे गए। कहा कि सेना ने बहनों के सिंदूर का बदला लिया। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा अगर देश पर कोई भी आतंकवादी हमला होता है तो हम मानेंगे कि हमारे ऊपर युद्ध कर दिया गया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी व देश की तीनों सेना का अभिनंदन करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, जिला महामंत्री बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट, गन्ना समिति चेयरमैन प्रदीप ठाकुर, पूर्व विधायक लोकेश दिक्षित आदि मौजूद रहे।

चार युवक का सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वायरल

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। भय बनाने के लिए गोना गांव के चार युवक का सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वायरल हो रहे है। महिला ने एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

चांदीनगर थाना क्षेत्र के गोना गांव निवासी महिला सुरेश ने एसपी कार्यालय पर शिकायत करते हुए बताया कि गांव में अपना भय बनाने के लिए चार युवक सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो वायरल कर रहे है। बताया कि युवकों पर लूट, हत्या का प्रयास, चोरी, मारपीट और धमकी संबंधित मुकदमे भी पंजीकृत है। पीड़िता ने एसपी से आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

आंधी तूफान से भारी तबाही, जिले में 350 बिजली के खंभे टूटकर गिरे

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। बुधवार देर शाम आई तेज आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई है। जिले में 350 बिजली के खंभे गिर गए और 50 किलोमीटर की बिजली लाइन टूट गई। इस वजह से पूरे जिले में अंधेरा छा गया है।

विद्युत विभाग के एसई केपी खान और अधिशासी अभियंता द्वितीय नितिन जायसवाल ने बताया कि जिले के 82 विद्युत घरों में से केवल 20 में ही बिजली आपूर्ति सुचारु है। आसारा विद्युत घर पर आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफॉर्मर जल गया है। पिछले 15 घंटों से जिले में बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। स्थिति को देखते हुए लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। अधिशासी अभियंता प्रथम बृजेश यादव अपनी टीम के साथ बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटे हैं। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आंधी-तूफान से विभाग को लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बागपत में तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तूफान के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। बारिश के दौरान यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। सड़कों पर वाहन धीमी गति से चलते नजर आए। कुछ वाहन चालकों ने हेडलाइट जलाकर यात्रा की। वहीं कई चाल. कों ने सड़क किनारे वाहन खड़े कर बारिश थमने का इंतजार किया। किसानों को इस मौसमी घटना से भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। स्थानीय निवासी विकास कुमार ने बताया कि ओलावृष्टि से मक्का, खीरा और अन्य फसलें बर्बाद हो गई हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है।

बाइक से डयूटी जाते समय आंधी-तूफान के दौरान सिपाही की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। लुहारी गांव में तैनात सिपाही पुष्पेंद्र की बुधवार रात आंधी-तूफान के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। पुष्पेंद्र बाइक से अपनी डयूटी स्थल अफजलगढ़ जा रहे थे। रास्ते में अचानक आई तेज आंधी और तूफान के कारण एक पेड़ टूटकर उनके सिर पर गिर गया। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुष्पेंद्र वर्ष 2011 बैच के सिपाही थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सिपाही की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

मृतक का फाइल फोटो

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से श्रमिकों को जोड़ा जाए:डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भट्टा एसोसिएशन तथा श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य श्रमिकों के हितों की रक्षा करना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिलाना था।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि सभी श्रमिकों को नियमानुसार मानक मजदूरी प्रदान की जाए तथा उनके लिए नियमित रूप से जागरूकता एवं पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि श्रमिकों के साथ किसी प्रकार का अन्याय अथवा शोषण नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी भट्टा स्थलों पर स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कैंप लगाए जाएं, ताकि श्रमिक वर्ग उन योजनाओं से लाभान्वित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि भट्टा स्वामियों को श्रमिकों की गरिमा का सम्मान करते हुए उनके हित में कार्य करना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि श्रमिकों को उनकी मेहनत के अनुरूप पूरा पारिश्रमिक मिले। अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा ने कहा कि सभी भट्टओ की रेंडम चेकिंग कराई जाएगी। अगर श्रमिकों को मजदूरी कम मिल रही होगी तो ऐसे भट्टा स्वामियों पर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकार हरीश भदोरिया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दीपा सिंह भट्टा एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद गोयल, राणा सहित आदि उपस्थित रहे।



भारत की वीरांगनाओं ने हमारे देश और समाज को रखा सुरक्षित

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत बृहस्पतिवार को जिला संगोष्ठी का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ पंडित दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता व रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

जिला संगोष्ठी में मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिश ठाकुर ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है। कहा कि भाजपा उन सभी महात्माओं के प्रति कृतज्ञता व्यद्रक्त करती है, जिन्होंने समाज के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो। भारत की वीरांगनाओं ने हमारे देश और समाज को सुरक्षित रखा। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन वर्तमान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, सुशासन और जनस. ेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री मोदी ने अहिल्याबाई से प्रेरणा लेकर सरकार चला रहे है। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्र धर्म का सजीव स्वरूप बताया उन्होंने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज हित में अनेकों योजनाएं चला रखी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर का जीवन संघर्षपूर्ण होते हुए भी अत्यंत प्रेरणादायी रहा। उनके अनुकरणीय कार्यो और महान चरित्र के कारण उन्हें पुण्यश्लोक की उपाधि दी गई। उन्होंने बताया कि 21 से 31 जनवरी तक चलने वाले इस स्मृति अभियान के अंतर्गत स्कूलों व कक्लेजों में दौड़, पेंटिंग और वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

शिकायतों का तत्काल समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतवानी

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अधीक्षण अभियंता को एक ज्ञापन दिया।

भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष सोनू बंसल ने कहा कि गांवों में विद्युत लाइनें पूरी तरह जर्जर हैं। मवीकला गांव की कुछ टयूबवेल अभी भी अमीनगर सराय फील्डर से जुड़ी हैं। इन्हें मवीकला फिल्टर से जोड़ा जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मतानतनगर के जंगल में 100 मीटर तक विद्युत लाइन जर्जर है। यहां खंभों के बीच एक नया खंभा स्थापित करने की आवश्यकता है। बार-बार होने वाली बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। किसान नेताओं ने मांग की है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए। शासन के आदेश के अनुसार खेतों और घरों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में कृष्ण पाल, हरपोषण, सोहन पाल, देवेंद्र, बृजपाल आदि किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सूचना

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नीरज व उसके बच्चो से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
महावीर पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम काठा थाना व जनपद बागपत।

सूचना

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अनुज व पुत्रवधू तानिया से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
नरेन्द्र पुत्र गोपी निवासी ग्राम पुसार थाना दोघट जनपद बागपत।

दरोगा को डेढ़ लाख की रिश्वत लेते पकड़ा

पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम ने की कार्रवाई, थाना कंकरखेड़ा में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

कंकरखेड़ा। दहेज के दर्ज मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने को लेकर दरोगा ने युवक पक्ष से डेढ़ लाख की मांग की। युवक के पिता ने दरोगा के खिलाफ एंटीकरप्शन में शिकायत की और दरोगा को रंगे हाथ पकड़वा दिया। दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र के रहने वाले ओमवीर के पुत्र आदित्य तोमर नैनीताल बैंक हल्द्वानी उत्तराखण्ड में प्रबंधक के पद तैनात हैं। आदित्य तोमर के पिता भारतीय सेना कोल. काता पीएचडीएच के पद पर तैनात है। आदित्य तोमर का विवाह दो वर्ष पहले वंशिका पुत्री योगेन्द्र के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ही दोनों पति पत्नि में किसी बात को लेकर अनबन रहने लगी थी। कुछ दिन पहले वंशिका स्त्रीधन लेकर बिना बताए अपने पिता संग मायके आ गई थी और पति संग रहने को इंकार कर दिया था। वंशिका ने बीते सप्ताह वंशिका ने थाना रोहटा में पूनम, आदित, अक्षय, विनीत पत्नि और भतीजे के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी जांच रोहटा थाने में तैनात दरोगा सनी सिंह को सौंपी गई। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी दरोगा ने आदित्य के परिजनों को दी और उनसे मिलकर मुकदमे में दर्ज धाराओं को सबूतों के आधार पर सभी को मुकदमे से छुटकारा दिलाने की एवज में डेढ़ लाख की मांग की। रुपये न देने पर जेल जाने की बात कही।

आदित्य के पिता ने रुपए ना देकर दरोगा की पूरी जानकारी एंटी करप्शन मेरठ को दी। एंटी करप्शन टीम ने पाउडर लगे नोट देकर दरोगा को रंगे हाथ पकड़ने का जाल बिछाकर गुरुवार को रोहटा रोड पुल के नीचे कंकरखेड़ा में बुलाया। जैसे ही दरोगा को पाउडर लगे नोट दिए एंटीकरप्शन की टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। दरोगा को कंकरखेड़ा थाने लाकर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

शिकायतकर्ता ओमवीर।

डेढ़ लाख की रिश्वत लेते पकड़ा गया दरोगा सनी सिंह।

योगेश हत्याकांड में एक सभासद सहित आठ लोगों के नाम आए सामने

भाई समेत जेल में है पूर्व प्रधान पति

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर में 12 अप्रैल की रात को युवक की पीट पीटकर हत्या में पुलिस जांच में नगर पालिका गजरौला के एक सभासद सहित आठ लोगों के नाम सामने आए हैं। इनमें से पूर्व प्रधान पति व उसका भाई जेल में हैं, जबकि अन्य की तलाश में जुटी हुई है। बता दें कि 12 अप्रैल को दोपहर में फौंदापुर गांव निवासी योगेश कुमार व बारसाबाद गांव के पूर्व प्रधान पति राजवीर सिंह के बीच विवाद हो गया था। पहले योगेश कुमार ने राजवीर सिंह के साथ मारपीट की, बाद में राजवीर सिंह पक्ष के लोगों ने योगेश कुमार के भाई प्रशांत के साथ नगर के खादगूजर तिराहे के पास मारपीट की। जिसके बाद योगेश रात के समय अपने पिता जहेन्द्र सिंह व ताऊ नरेश कुमार के साथ समाज के संभ्रांत लोगों के पास जा रहा था, आरोप है कि रास्ते में राजवीर सिंह, उसके भाई मनोज कुमार व कुछ अज्ञात लोगों ने लाठी डंडे आदि से पीटकर योगेश की हत्या कर दी थी, जबकि उसके पिता व ताऊ भी घायल हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज करते हुए उसी दिन मनोज को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था, जबकि राजवीर ने पिछले सप्ताह कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने उसे रिमांड पर लेकर घटना में प्रयुक्त डंडे आदि बरामद किए थे और पूछताछ की थी। पुलिस विवेचना में राजवीर व मनोज के अलावा छह आरोपियों के नाम सामने आए हैं। जिनमें एक सभासद है जबकि दो आरोपी गांव पाल, दो आरोपी बस्ती चौहानपुरी, एक आरोपी मझौला गांव है। इस तरह इस घटनाक्रम में राजवीर व मनोज सहित कुल आठ लोग शामिल हैं।

■ सभासद व अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस जुटी

आंधी से गजरौला जोन में एक करोड़ का नुकसान

एक महीने के भीतर तीसरी बार हुआ बिजली विभाग को बड़ा नुकसान

गजरौला। 15 अप्रैल से 21 मई के बीच लगभग एक माह के अंदर ही विद्युत विभाग को आंधी, तूफान व बारिश ने बड़ा नुकसान दिया है। बीते दिन बुधवार को आई आंधी व बरसात के कारण गजरौला जोन में करीब एक करोड़ रूपये का नुकसान हुआ है। बता दें कि गजरौला जोन में 12 डिवीजन अमरोहा प्रथम, अमरो. हा द्वितीय, गजरौला प्रथम, गजरौला द्वितीय, बिजनौर प्रथम, बिजनौर द्वितीय, चांदपुर प्रथम, चांदपुर द्वितीय, धामपुर प्रथम, धामपुर द्वितीय, नगीना और नजीबाबाद का क्षेत्र सम्मिलित है। चांदपुर, धामपुर, नगीना, बिजनौर व नजीबाबाद डिवीजन बिजनौर जनपद के अन्तर्गत ही आते हैं। विभाग के आंकड़ो के मुताबिक 500 से अधिक खंबे टूटे हें तो वहीं 70 से अधिक ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ बिजली की तारें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। इस कारण बिजली व्यवस्था भी प्रभावित हुई है, जिसे सुधारने के लिये विभागीय कर्मचारी जी जान से जुटे हैं। मात्र एक माह के भीतर ही आंधी, तूफान व बारिश के चलते विभाग को बड़ी चपत लगी है। गजरौला जोन के मुख्य अभियंता राजेश कुमार ने बुधवार की रात को आई आंधी व बारिश से हुए नुकसान के लेकर प्रारंभिक रूप से बताया गया है।

राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर महा चौपाल का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

परीक्षितगढ़। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ललियाना में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेता नासिर त्यागी के नेतृत्व में महा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें राजीव गांधी के द्वारा गांव और किसानों के लिए दिए गए योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मेरठ जिले के कोऑर्डिनेटर विशाल वशिष्ठ तथा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव भाटी का कार्यकर्ताओं ने शाल और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गौरव भाटी ने कहा देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने न केवल जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की राजनीतिक विरासत को संभाला, बल्कि देश को तकनीक व वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी को भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति लाने का क्रेडिट दिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ कंप्यूटर को भारत के घरों तक पहुंचाने का काम किया, बल्कि भारत में इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को आगे ले जाने में भी अहम भूमिका निभाई। जफरुल्लाह खान ने कहा कि राजीव गांधी ने लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक ले जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया।

ग्रिल से टकरायी ट्रैक्टर ट्राली, डेढ़ दर्जन घायल

गमी में शामिल होने जा रहे थे सभी

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते गमी में शामिल होने जा रहे ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पंचर होने से ग्रिल से टकरा गई। जिसमें तकरीबन डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को तत्काल सरकारी एवं प्राइवेट एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल एवं निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने तीन महिलाओं की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर किया है।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव पंडकी निवासी ट्रैक्टर चालक प्रमोद कुमार अपनी ट्रैक्टर ट्राली लेकर हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रूखालू में गमी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली में तकरीबन 20 से 25 लोग सवार थे। इस दौरान जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली सैदनगली थाना क्षेत्र में हाजीपुर तरारा के नजदीक गंगा एक्सप्रेसवे पर पहुंची तो अचानक ट्रैक्टर में पंचर हो गया। जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर गंगा एक्सप्रेसवे पर लगी ग्रिल से जा टकराई। गनीमत रही की ट्रैक्टर ट्राली गंगा एक्सप्रेसवे से नीचे नहीं गिरी वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे में गांव निवासी ट्रैक्टर चालक प्रमोद कुमार, वीरवती, उर्मिला, कांता, लता, जसमाली, निर्देश, लज्जा, माया देवी, मीना, अंशु, रजनी समेत तकरीबन डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को तत्काल सरकारी एवं प्राइवेट एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने वीरवती,उर्मिला एवं लता की हालत गंभीर देख उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल बाकी घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल एवं निजी अस्पतालों में चल रहा है। मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम भारतीय सेना

सैनिकों के सम्मान में निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

नौगावां सादात। ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि भारतीय सेना किसी भी आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। आपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे विश्व ने सेना की धमक देखी।

कताई मिल से गांव मखदूमपुर तक आपरेशन सिंदूर की सफलता, भारतीय सेना के अभिनंदन में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसमें बोलते ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि आज भारतीय सेना की मजबूती का लोहा पूर्व विश्व मान रहा है। उन्होंने कहा कि आप. रेशन सिंदूर के जरिये सेना के जवानों ने सिद्ध कर दिया कि वह किसी भी आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया। यात्रा में चौधरी भूप सिंह बेनीवाल, ऋषिपाल नागर, मोमराज गुर्जर, भगवंत चौहान, पवनजीत दिवाकर, हरेन्द्र ढिल्लो, अमित शर्मा, धमेन्द्र सैनी, कपिल चौधरी, पुखराज सिंह, जितेन्द्र सिंह, रीनू कुमारी, भूपेन्द्र सिंह, सचिन शर्मा, अजय चौहान आदि मौजूद रहे।

दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, आठ घायल

रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। दो युवकों के बीच वीडियो बनाने को लेकर विवाद के बाद दो पक्षों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हो गया। जिसमें दोनों पक्षों की तरफ से महिलाओं समेत 8 लोग घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर गढ़ी का है। यहां गुरुवार को गांव निवासी युवक अरुण अपने खेत पर जा रहा था। इसी दौरान इसी गांव का युवक राजू खेत से घर लौट रहा था। राजू खेत पर जा रहे अरुण की अपने मोबाइल कैमरे में वीडियो बनाने लगा। जिसका अरुण द्वारा विरोध किया गया तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें अरुण घायल हो गया। इसके बाद घायल अरुण ने मारपीट की सूचना अपनी ससुराल हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दियावली खालसा में दी। घटना की सूचना पर युवक की ससुराल के कुछ युवक बाइक पर सवार होकर अरुण के गांव आ गये। आरोप है कि 15 से 20 लोगों ने घर में घुसकर राजू और उसके परिवार के साथ जमकर लाठी डंडों से मारपीट की। जिसमें रतन,मगनवती,दुर्गिया,अमरवती, आरती,राजू और प्रकाश घायल हो गये। मारपीट की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। इस मामले में उप निरीक्षक प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है। उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

पीके सारस्वत बने अध्यक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। राजकीय आप्टोमैट्रिस्ट एसोसिएशन का पीके सारस्वत को अध्यक्ष व अनिल कुमार को सचिव चुना गया। मुरादाबाद के एक होटल में राजकीय आप्टोमैट्रिस्ट एसोसिएशन का चुनाव हुआ। जिसमें सीएचसी अमरोहा में तैनात प्रशांत कुमार सारस्वत को अध्यक्ष जबकि गजरौला सीएचसी में तैनात अनिल कुमार को सचिव चुना गया। चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।

ग्रामीण क्षेत्र में कराया जाए स्टेडियम का निर्माण

बीडीओ ने एसडीएम को लिखा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपी प्रतिभा को निखारने खेल कौशल में उत्कृष्ट लाने तथा स्थानीय परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम का निर्माण कराए जाने के लिए खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने एसडीएम को पत्राचार कर भूमि की मांग की है। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि शासन और जिलाधिकारी के निर्देशों पर ग्रामीण क्षेत्रों में बालक बालिकाओं युवक व युक्त में खेलों के प्रति रुचि उत्पन्न करने खेल कौशल में उत्कृष्ट लाने तथा स्थानीय परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम का निर्माण होना है। निर्माण के लिए भूमि की आवश्यकता है। खंड विकास अधिकारी ने पत्राचार कर एसडीएम से भूमि का चिन्हांकन कराकर भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है जिससे ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई हो सके।

निरोगी रहने को अपनाये योग

शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कालेज के प्राचार्या प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य रहने के लिये योग को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। कालेज में योग दिवस के मौके पर 21 जून को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसे लेकर आज प्राध्यापकों एवं छात्रों द्वारा योगाभ्यास किया गया। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि समस्त बीमारियों का इलाज योग द्वारा संभव है। डा. अरविंद कुमार ने बताया कि 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जायेगा। लोगों को योग के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस मौके पर प्रो. अनिल रायपुरिया, नवनीत विश्नोई, डा. हिमांशु शर्मा, डा. नीरज त्यागी, डा. उमेश कुमार मौजूद रहे।

साप्ताहिक बाजार से जनता को परेशानी

बाजार हटाने की उठी मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। नगर के स्टेशन मार्ग पर प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत है कि इस मार्ग पर रेलवे स्टेशन पोस्ट ऑफिस, निजी अस्पताल, खंड विकास अधिकारी ऑफिस के साथ निजी और सरकारी स्कूल हैं। जिस कारण बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों का वह लोगों का आना–जाना लगा रहता है। लेकिन साप्ताहिक बाजार मंगलवार के दिन स्कूली छात्रों के साथ ही लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकारी दफ्तर और निजी अस्पताल व स्कूल में जाने के लिए साप्ताहिक बाजार के कारण भारी भीड़ की वजह से बड़ी जद्दोजहद होती है। जिससे दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती हैं। शिकायतकर्ताओ ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में तहसील प्रशासन और नगर पालिका में कई बार शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने पालिका ईओ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है।

खबर का असर! पालिका ने हटाए विकास पर पड़े पत्थर

अतिक्रमणकारियों को दी चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। नगर के बाईपास मार्ग पर लाखों की लागत से हुए विकास कार्य (फुटपाथ) पर पत्थर पड़े थे नगरपालिका ने विकास पर पड़े पत्थरो का हटवा दिया है। शाह टाइम्स में खबर छपने के बाद पालि. का ईओ अवधेश कुमार वर्मा टीम के साथ बाईपास मार्ग पर पहुंच गए यहां फुटपाथ पर अवैध रूप से पत्थर डालकर अतिक्रमण करने वाले लोगों को कार्यवाही की चेतावनी देते हुए हटाने की बात कही।

बतादे की नगर के बाईपास मार्ग पर सड़क के दोनों साइड नगरपालि. का द्वारा लाखो की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क(फुटपाथ) का निर्माण कराया गया था सपना था कि इस पर पैदल चलने वाले राहगीर आसानी से चल सकेंगे लेकिन जैसे जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे ही फुटपाथ पर लोगो ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा जमा लिया कुछ लोगो ने तो मनमर्जी अपनी सहूलियत के हिसाब से फुटपाथ पर पत्थर डालकर फुटपाथ का अस्तित्व ही खत्म दिया। बीते बुधवार के अंक में शाह टाइम्स ने इस मुद्दे को लाखो के विकास पर पड़े पत्थर, तो कहीं रखे ड्रम शीर्षक से प्रमुखता से प्रका. शित किया था। खबर का असर इतना तीव्र हुआ कि पालिका ईओ दिन निकलते ही टीम के साथ बाईपास मार्ग पर पहुंच गए यहां फुटपाथ पर अवैध रूप से पत्थर डालकर अतिक्रमण मिला जिसपर ईओ ने कार्यवाही की चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटाने की बात कही। ईओ ने बताया फुटपाथ पर अवैध रूप से डाले गए पत्थरो को हटवाया गया है।

अधिकारियों की मिलीभगत से खनन जारी

तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों से हादसे का खतरा

शाह टाइम्स संवाददाता

रहरा। पुलिस व खनन अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध खनन का कारोबार बेरोकटोक जारी है। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव आदमपुर, बहादरपुर मिश्र, शेरगढ़, शीतला सराय, दढियाल, गुरैठा, ढवारसी, गारबपुर, निरयावली खादर जबकि थाना क्षेत्र के गांव खनौरा, मदारीपुर, बुरावली, जयतौली, गंग. वार, दौरारा, छपना, नवाबपुरा खादर, सुतावली आदि के जंगलों में प्रतिदिन मशीनों के जरिये रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। प्रशासन लगातार इस पर रोक लगाने के दावे कर रहा है परन्तु सच्चाई इससे इतर है। अवैध खनन के वीडियो आये दिन जारी हो रहे हैं। जिससे साफ है कि इसे रोकने के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है। अधिवक्ता शोकीन, मुकेश, अमरीश त्यागी आदि ने डीएम को पत्र भेजकर शिकायत की है कि खनन से भरे डम्पर व ट्रैक्टर ट्राली तेज गति से दौड़े हैं जिससे हर समय हादसों का खतरा रहा है। उन्होने इस पर रोक लगाने की मांग की जबकि जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार यादव का कहना है कि खनन माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

अवैध क्लीनिक संचालक के खिलाफ मुकदमा

आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज हुई थी शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। बिना रजिस्ट्रेशन क्लीनिक का संचालन करने के आरोप में चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुनाल पाराशर ने क्लीनिक संच. ालक के विरुद्ध इंडियन मेडिकल काउंसलिंग एक्ट, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम व बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुनाल पाराशर का आरोप हैं कि क्षेत्र के गांव आजमपुर में अवैध रूप से क्लिनिक संचालन की शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई गई। शिकायत के बाद चिकित्सा अधीक्षक द्वारा टीम के साथ औचक निरीक्षण किया गया तो गांव आजमपुर में अतुल कुमार नागर के घर मे क्लीनिक का संच. ालन होता हुआ मिला। निरीक्षण के दौरान अतुल कुमार की पत्नी मौजूद थी। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक से कुछ दवाइयां भी जब्त की गई। क्लीनिक के दो रास्ते थे लेकिन गेट किसी पर नहीं था जिस कारण क्लिनिक को सील नहीं किया जा सका।

बुधवार 21 मई तक भी क्लिनिक संचालक द्वारा सीएमओ कार्यालय या चिकित्सा अधीक्षक को कोई दस्तावेज नहीं दिखाया। जिसपर बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुनाल पराशर ने क्लिनिक को अवैध रूप से संचा. लित होने पर अतुल कुमार नागर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। चिकित्सा अधीक्षक कुनाल पाराशर ने बताया कि अवैध रूप से क्लिनिक संचालन के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज कराया गया है।

पुरानी रंजिश में युवक को किया घायल

शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट मारपीट में युवक बुरी तरह घायल हो गया।घायल को पुलिस ने मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया। बुधवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक निवासी राजवीर पुत्र टेकचंद का आरोप है कि वह गांव में अपने घर के बाहर रास्ते में खड़ा हुआ था।तभी आरोपी आये और लाठी डंडे व सरियो से युवक की पिटाई करने लगे युवक ने शोर मचाया तो युवक के परिजन व मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गये।भीड़ इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये।

सूचना

गलत कृत्यों के कारण हम ले पालक पुत्र जहाबेज खान से अपने व अपने परिवार के सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। और उसको समस्त अधिकारों से बेदखल करते हैं। भविष्य में ये अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। सुहैल साजिद खान व सुहैब अहमद खान पुत्रगण साजिद अहमद खान व समर फातिमा पत्नि सुहैल साजिद खान निवासी बड़ा बाजार, शाहजहांपुर मेरठ। हाल पता–2097 अहाता कालेसाहिब गली कासिमजान बल्लीमारान चांदनी चौक नोर्थ दिल्ली।

सड़क पर अतिक्रमणकारियों ने किया कब्जा

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। नगर कोतवाली क्षेत्र के अतरपुरा चौराहे पर सड़क पर फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने की नगर पालिका के अधिकारियों से शिकायत की गई है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अतरपुरा चौराहे पर दुकान लगाकर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता संजय ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के अतरपुरा चौराहे पर अतिक्रमणकारियो कार्यों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। जिस कारण वहां से गुजरने वाले वाहनों के आवगमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। आए दिन जाम के हालात बने रहते हैं और नगर में आने वाले नागरिकों को जाम में घंटों घंटों तक फसकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा जाम लगने से प्रतिदिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। आरोप है कि सड़क पर अतिक्रमणकारियो द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। जिस कारण सड़क सिकुड़ कर संकरी हो गई है। शिकायतकर्ता ने दबंगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है। संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं देने से अतिक्रमण कर्ताओं पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो पाती। जिसके चलते अतिक्रमणकारियो के हौंसले बुलंद है और वे रोकटोक सड़कों व फुटपाथ पर कब्जा करते ही जा रहे हैं। अब हालात ये है कि सड़कें सिकुड़ कर संकरी हो गई हैं। शिकायतकर्ता ने जल्द से जल्द प्रशासन से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।

चोरी की तीन घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना पिलखुवा पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए दो चोरों को सिखेडा बम्बा चौराहे से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से 9,450 रुपये की नकदी, चोरी किया हुआ पूजा का सामान एक कलश, ताँबे के तीन लौटे, दो घंटी व एक चिराग पीतल के तथा एक सिल्वर का लौटा एवं दो अवैध चाकू बरामद किए है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरिक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि हापुड़ थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में हुई चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों ने ग्राम सिखेडा शिव मन्दिर सहित मौहल्ला बंजरंगपुरी मे एक मारूती के सर्विस सैन्टर व मौहल्ला कृष्णगंज रेलवे पटरी के पास बंद मकान से चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए शातिर चोरों ने थाना पिलखुवा पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। चोरों की पहचान अमन पुत्र चमन निवासी अशौक नगर कस्बा व थाना पिलखुवा फैजान पुत्र साहिद निवासी मोहल्ला गढी कस्बा व थाना पिलखुवा के रूप में हुई है।

यातायात पुलिस ने हटवाई वाहनों पर लगी काली फिल्म व स्टीकर

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जिला ट्रैफिक पुलिस की ओर से वाहनों पर लगी काली फिल्म हटाने को लेकर शहर में वाहन चालकों पर शिकंजा कसना आरंभ कर दिया गया है। ऐसे में पुलिस द्वारा गाड़ियों पर लगी काली फिल्म हटाने समेत उनके चालान काटे गए हैं।

यातायात पुलिस ने दिल्ली रोड स्थित गांव अच्छेजा के पास एक बुलेरो गाड़ी को पकड़ा, जिस पर फर्जी रूप से उत्तर प्रदेश सरकारश लिखा था और शीशों पर काली फिल्म चढ़ी थी। यातायात नियमों के उल्लंघन के चलते गाड़ी का 19 हजार 500 रुपये का चालान किया गया। जानकारी के अनुसार यातायात प्रभारी छवि राम दिल्ली रोड पर गश्त कर रहे थे। तभी उनकी नजर एक बलेरो गाड़ी पर पड़ी। गाड़ी के शीशों पर काली फिल्म और उस पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखा देखकर उन्होंने तुरंत जांच शुरू की। जांच में पता चला कि यह गाड़ी किसी सरकारी अधिकारी की नहीं थी और उत्तर प्रदेश सरकार का लोगो कार पर फर्जी तरीके से लिखा गया था। यातायात पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गाड़ी के शीशों से काली फिल्म हटाई और चालान जारी किया। यातायात प्रभारी छविराम ने बताया कि सरकारी गाड़ियों में बुलेरो का उपयोग आम है, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग अपनी निजी गाड़ियों पर फर्जी तरीके से उत्तर प्रदेश सरकार लिखवाकर नियमों का दुरुपयोग करते हैं। ऐसी गाड़ियां न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करती हैं, बल्कि आम जनता के बीच भ्रम भी पैदा करती हैं। काली फिल्म का उपयोग भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि नियमों का उलंघन करने वाली बुलेरो गाड़ी का 19 हजार 500 रुपये का चालान किया गया है। यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

छात्रों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। साइबर अपराध के विषय में जागरूक करने के साथ ही पुलिस ने गुड टच और बैड टच के विषय में जानकारी देते हुए छेड़छाड़ और अश्लीलता होने पर कार्रवाई करने के विषय में जानकारी दी।

गढ़ क्षेत्र के गांव बदरखा के ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पुलिस द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए किसी भी रूप में शोषण होने पर चुप बैठने की बजाए आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के विषय में जानकारी दी गई। हैड कांस्टेबल सुधीर कुमार शर्मा ने स्कूली बच्चों को गुड और बैड टच के विषय में विस्तार से जानकारी दी। छेड़छाड़ अथवा अश्लीलता होने की दशा में पुलिस की सहायता लेकर कार्रवाई करने से जुड़ी प्रक्रिया भी समझाई गई। हैड कांस्टेबल सुधीर शर्मा ने बताया कि लोक लज्जा और सामाजिक मान मर्यादा के डर से चुप्पी साधने पर आरोपी को कोई उसके किए की कोई सजा मिलने की बजाए उल्टे हौंसला बढ़ता जाता है। इसलिए किसी भी प्रकार से शोषण होने पर किसी भी स्तर पर चुप्पी साधने की बजाए तत्काल पुलिस का सहयोग लेकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराएं।

एक नजर

गुमशुदा हुई दो किशोरियों को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना बाबूगढ़ पुलिस ने गुमशुदा हुई दो किशोरियों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा थाने पर सूचना दी गई थी कि उसकी दो नाबालिग पोतिया बिना बताए घर से कहीं चली गई है। सूचना मिलते ही किशोरियों को बरामद करने के लिए टीम का गठन किया गया और पुलिस उनकी तलाश में जुट गई थी। गुरुवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों किशोरियों को मथुरा से बरामद कर लिया। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी जिसके बाद परिजन थाने पहुंचे। पुलिस द्वारा कागजी कार्रवाई करने के बाद दोनों किशोरियों को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में नाबालिक लड़कियों द्वारा बताया गया कि वह घर पर बिना बताए मथुरा में राधा कृष्ण के दर्शन करने के लिए चली गई थी। फिलहाल पुलिस ने किशोरियों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हापुड़। सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग अनवरपुर द्वारा SIMS ऑडिटोरियम में अन्तर्राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य प्रो. डा. आर मनोहरी ने की एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतुल गुप्ता सीएसआर लीड, नाइन एवं अनुपमा गुप्ता पीआर लीड, नाइन उपस्थित रहे। उनके द्वारा उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुऐ बताया कि उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों, विशेष रूप से यौन और प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। नाइन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं और लड़कियों के लिए सुलभ, सस्ती और न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल के महत्व पर जोर दिया गया और स्वास्थ्य नीतियों में लैंगिक समानता की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्था के अध्यक्ष डा. जे रामाचन्द्रन, संस्था की उपाध्यक्ष राम्या रामाचन्द्रन द्वारा सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्या प्रो. डा. आर मनोहरी, प्रो. केतन शर्मा उप प्रधानाचार्य, प्रो. सुधा गौतम एचओडी ओबीजी, अनिता कल्चर्ल हैड, डा. नसीमा खातून, नेहा ककरान ऐपी, एवं कल्चर्ल कमेटी के सदस्यगणों को शुभकामनाऐं दी गयी।

रामलीला समिति ने श्रीमद् भागवत कथा का किया आयोजन

हापुड़। रामलीला समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का निमंत्रण पत्र समिति के एक प्रतिनिधित्व मंडल द्वारा डीएम अभिषेक पांडेय को दिया गया। समिति के प्रधान रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि दिनांक 22 मई 2025 को होने वाली भव्य कलश शोभा यात्रा की तैयारियां पूर्ण कर दी गई है। जो श्री महावीर दल चंडी रोड से प्रारंभ होकर श्री सनातन धर्म सभा पर प्रस्थान करेगी जिसमें राधा ख्रष्ण की झांकियां मुख्य आकर्षण केंद्र बनेगी। महामंत्री विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों द्वारा पूरे शहर में निमंत्रण पत्र वितरित किये गए हैं। भव्य कलश शोभा यात्रा के दौरान 108 महिलाएं कलश लेकर शोभा यात्रा के साथ-साथ चलती हैं परंतु इस बार लगभग 200 से ज्यादा महिलाएं कलश लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगी। कार्यक्रम अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने बताया कि कथा का लाइव प्रसारण समिति के यूटयूब चौनल /तींचनत पर प्रत्येक दिन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी शुभम गोयल एडवोकेट ने बताया कि पूरे शहर में बड़े-बड़े होल्डिंग लगवा दिए हैं जिसे कथा की सूचना जनमानस तक पहुंच सके और ज्यादा से ज्यादा संख्या में भक्तजन कथा में उपस्थित होकर कथा को सुन सके।

पुलिस ने गुमशुदा हुए बच्चे को परिजनों से मिलवाया

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बच्चे को अथक प्रयास के बाद परिजनों के सुपुर्द किया। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। सिंभावली प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि थाने पर मासूम बच्चे के गुमशुदा होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मासूम को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया है। मासूम बच्चे को पाकर परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

फसलों को बर्बाद करने वाले आवारा पशुओं से किसान परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। कड़ी मेहनत मशक्कत और गाढ़ी कमाई से उगाई हुई फसलों में बर्बादी करने के साथ ही छुट्टा पशु सडकों से लेकर आबादी के बीच दुर्घटनाओं का भी अहम कारण साबित हो रहे हैं, जिनके हमलों में किसान की जान तक जाती रहती हैं।

परंतु इसके बाद भी संबंधित विभाग कड़े कदम उठाने की बजाए औपचारिकता पूरी करने में जुटे हुए हैं। देश के सबसे बड़े राज्य की पहली बार सत्ता संभालते ही योगी सरकार द्वारा 2017 में छुट्टा पशुओं की समस्या को अपनी पहली प्राथमिकता में शामिल किया गया था। जिससे किसानों को निजात दिलाने के उद्देश्य से सैकड़ों अरब रुपये खर्च करते हुए शहर कस्बों से लेकर ग्रामीण अंचल में भी संरक्षण केंद्र और गोशालाओं का बड़े स्तर पर निर्माण कराया था। दूसरी योजना में भी योगी सरकार इस समस्या की रोकथाम को लेकर पूरी तरह गंभीरता के साथ गोशाला बनवाती आ रही है। परंतु सरकारी स्तर से इतने बड़े स्तर पर जरूरी कदम उठाने के बाद भी छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात मिल पाना संभव नहीं हो पा रहा है। छुट्टा पशुओं के हमले में महिला समेत किसान की जान तक जा चुकी है। छुट्टा पशुओं की समस्या पर नकेल न लगने के कारण इसका सर्वाधिक खामियाजा छोटी जोत वाले गरीब किसानों को भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में चेयरमैन राकेश बजरंगी का कहना है कि छुट्टा पशुओं को पालिका स्तर से लगातार संरक्षण केंद्र और गोशालाओं में भिजवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को तेज करने के साथ ही ग्रामीण अंचल से आने वाले छुट्टा पशुओं की रोकथाम के लिए ब्लॉक प्रशासन से भी वार्ता कर ठोस रणनीति बनवाकर उस पर अमल भी कराया जाएगा।

आंधी तूफान व झमाझम बारिश से आम की फसलों को हुआ भारी नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। आंधी की शक्ल में चले हवा के तूफान और झमाझम बारिश होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने से बागवानी वालों के साथ ही बिजली ठप रहने से हर कोई बुरी तरह कराह उठा। ऊर्जा निगम को लाखों की चपत लगने के साथ ही ग्रामीण अंचल की सप्लाई बीस घंटे बाद भी पटरी पर न लौटने से पानी की किल्लत ने पसीने छुड़ाए दिए।

कई दिनों से हवा का दबाव कम होने के कारण वेस्टर्न डिस्टर्बेंस बनने से अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। जिसने क्षेत्रवासियों को मुसीबत के मकडज़ाल में घेरते हुए रात की नींद भी किरकिरी कर डाली। बुधवार की रात में करीब नौ बजे तूफान की शक्ल में चली आंधी और इस दौरान करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश होने से हडकंप मच गया। महिला बच्चों समेत हर कोई अपनी मान्यता के अनुसार ईष्ट देव से कोई अनर्थ न होने की मन्नत मांगने में जुट गया। आंधी और बारिश के कारण गढ़, ब्रजघाट, सिंभावली, बक्सर, डेहरा कुटी, बहादुरगढ़, नानपुर, झड़ीना समेत समूचे क्षेत्र की बिजली सप्लाई एक साथ गुल हो गई। बारिश थमने के बाद ऊर्जा निगम की पेट्रोलिंग टीम अपने अपने क्षेत्र में निकल पड़ी, जिसने रात में ही पेड़ गिरने से टूटे तार और खंबों को बदलने की कवायद प्रारंभ कर दी। आंधी और झमाझम बारिश से जगह जगह पेड़ गिरने से खंबे और तार टूटने पर बिजली सप्लाई ठप होने से गढ़, ब्रजघाट समेत सिंभावली, बक्सर की पेयजल सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हो गई। बिजली न आने से सबमर्सिबल वाले परिवार भी पानी को बुरी तरह तरस गए। प्यास बुझाने के साथ ही घरेलू उपयोग के लिए मजबूरी में हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ा। आंधी के साथ झमझम बारिश होने से आम के बागों में एक बार फिर से बड़े स्तर पर तबाही मची है। ठेकेदारों को अपनी लागत तक वापस मिलनी नजर नहीं आ रही है।

नकली व नशीली दवाइयों के खिलाफ कार्रवाई, 4 गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। कोतवाली पुलिस ओर खाद्य सुरक्षा औषधि विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से एक्सपायर अल्बुमीन इंजेक्शन, ट्रामाडोल इंजेक्शन व गोलियां, एल्प्राजोल्म, पेंटाजोकिन इंजेक्शन, मेपहेंटरमिन इंजेक्शन और फेवीपिराविर गोलियां बरामद हुई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार के अनुसार नकली और नशीली दवाओं की बिक्री की सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई। टीम ने पबला रोड स्थित आलिया मेडिकल स्टोर, गोपाल मेडिकल स्टोर और पिलर नंबर 141 पर स्थित आलिया मेडिकल स्टोर की जांच की।

गिरफ्तार आरोपियों में मोहल्ला रमपुरा निवासी गोपाल, गांव देहपा निवासी इमरान सैफी, गांव सिखेड़ा निवासी कादिर और गाजियाबाद के थाना मसूरी निवासी चांद शामिल हैं। पूछताछ में कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस टीमें इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर उनके जीवन पर डाला प्रकाश

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद नीलम सोनकर ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर ने अहिल्याबाई होलकर के विषय में बताते हुए कहा कि इनका जन्म मराठा हिंदू परिवार में चौड़ी नामक गांव में हुआ जो कि महाराष्ट्र में 10/12 वर्ष की आयु में ही इनका विवाह हो गया था। तथा काल के क्रूर चक्र के हाथों 29 वर्ष की अवस्था में यह विधवा हो गई थी। उन्होंने सदैव समाज की कुरीतियों के बारे में लड़ाई लड़ी साथ ही महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया। उनके जीवन काल में ही देवी का अवतार मानने लगी। वह अंधेरे में प्रकाश की किरण के समान थी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर विधायक विजयपाल कार्यक्रम संयोजिका छवि दीक्षित पूर्व मंत्री मदन चौहान, दीपक भाटी व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्यूब रूट फाउंडेशन ने दूसरे माह किया पोषाहार वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह के नेतृत्व में टी वी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरूवार को क्यूब हाइवे संस्था द्वारा वित्त पोषित क्यूब रूट फाउंडेशन ने जनपद के ब्लॉक गढ़मुक्तेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में 150 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण किया गया।

संस्था के रूपेश सिंह ने बताया की संस्था द्वारा जनपद में कुल 250 रोगियों को गोद लेकर पोषाहार वितरण किया जाना है जिसके अंतर्गत दिनांक 23 मई 2025 को भी जनपद की सिंभावली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर पोषाहार वितरण किया जाएगा। पोषाहार में सोयाबीन दाल गुड़ तिल गजक प्रोटीन पाउडर आदि सामग्री का वितरण किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया कि जनपद में अन्य संस्थाओं द्वारा जैसे रोटरी क्लब व्यापार संघ लायन क्लब इनर व्हील क्लब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़ देवनंदनी हॉस्पिटल आरोग्य हॉस्पिटल मोनाड विश्वविद्यालय शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट आदि संस्थाओं द्वारा भी टी वी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण किया जाता है। पोषण पोटली वितरण समारोह में आए मरीज एवं मरीजों के तीमारदारों को जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी द्वारा टी वी के लक्षण निदान व रोग से बचाव के विषय में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रोजेक्ट हेड अनिल कुमार शर्मा रूपेश सिंह प्लाजा मैनेजर राज्यवर्धन सिंह चौहान राकेश राय मैनेजर राजेश चौधरी एवं स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधीक्षक डा. शशी भूषण वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेंद्र पाल सिंह वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक रामसेवक लैब टेक्नीशियन आदि उपस्थित रहे।

एक राष्ट्र एक चुनाव से होगा समुचित भारत का विकास

हापुड़। प्रदेश संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ विनीत अग्रवाल शारदा ने मुख्य अतिथि के रूप ममें भाजपा जिला कार्यालय पर भव्य व्यापारी सम्मेलन में हापुड़ के व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा की एक चुनाव की व्यवस्था जल्द लागू हो जाएगी। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे। इसमें जहां सरकार का कार्यकाल अधिक होगा, उसका कार्यकाल कम किया जाएगा और जहां सरकार का कार्यकाल खत्म होगा, उसे बढ़ा दिया जाएगा।

इन चुनावों के सौ दिन के भीतर निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव भी हो जाएंगे। देश में एक चुनाव होने से पैसा और समय दोनों बचेगा, देश की आज़ादी के बाद 51, 52 से 67 तक देश में एक समय में सभी चुनाव होते थे उस समय की प्रधानमंत्री इंद्रा गाँधी ने अपनी और कांग्रेस की राजनीति ज़मीन खिसकती नज़र आई तो यह प्रतिक्रिया बंद करा दी जिसका ख़ामियाज़ा देश अब तक भुगत रहा है। विनीत शारदा बोले एक राष्ट्र-एक चुनाव होने से श्रम भी कम करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि देश की प्रकृति में उत्तर प्रदेश एक ग्रोथ इंजन की तरह आगे बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश योगी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश मोदी के नेतृत्व में विश्व पटेल पर अपना झंडा ला रहा है। देश का शोभाग्य है 880 वर्ष के पृथ्वी चौहान के बाद हिन्दूयो के राजा नरेन्द्र मोदी हुए है। एक भारत उनके राज में राम राज्य की ओर चल रहा है। इस अवसर पर ललित छावनी वाले, नरेंद्र वूड इण्डिया, विजय सराफ, विजेंद्र पंसारी, मोनू कसेरे, विकास मेडिकल, कैलाश वर्मा, विनोद गुप्ता, अशोक बब्ली, परवीन शर्मा, पवन गर्ग, राजीव दतियाना, विशाल बीड़ी, प्रमोद नागर वाले आदि मौजूद रहे।

आंधी से गायब बिजली-पानी, चौपट हुई बागवानी

जिले के फलपट्टी क्षेत्र में हुआ भारी नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

किठौर। मौसम के मिजाज ने चौतरफा दिक्कतें पैदा कर दीं। आंधी तूफान में गिरे पेड़ों, खंभों से जहां यातायात और विद्युत आपूर्ति बाधित हुई वहीं फलपट्टी क्षेत्र किठौर, शाहजहांपुर में बागवानी को भारी नुकसान पहुंचा है। हालात ये हैं कि इस बार खास को भी आम मिलना दूभर दिख रहा है।

बुधवार शाम मौसम का मिजाज यकायक बदल गया। आसमान में छाए बदलों के साथ देरशाम चले आंधी तूफान ने मेरठ-गढ़, हापुड़ किठौर और किठौर-मवाना मार्गों के अलावा देहात के संपर्क मार्गों पर पेड़ों और बिजली खंभों को धराशायी कर दिया। जिससे यातायात तो अवरुद्ध हुआ ही विद्युत आपूर्ति भी पूरी तरह ठप रही। जिससे पानी, प्रकाश, हवा और संचार की समस्या खड़ी हो गई। गुरुवार को दिनभर मेहनत के बाद विद्युत कर्मी शाम 5 बजे आपूर्ति सुचारू कर पाए। इस वर्ष मौसम की मार झेल रहे जिले के फलपट्टी क्षेत्र किठौर, शाहजहांपुर को आंधी तूफान से भारी नुकसान हुआ है।

जलवायु परिवर्तन ने आम के उत्पादन को बहुत प्रभावित किया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक फरवरी में तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के पार जाता था। जिससे आम सहित तमाम बागवानी पर समय से पर्याप्त बहार आ जाती थी। लेकिन इस वर्ष तापमान बहुत कम रहा। जिससे बागवानी पर नाकाफी बहार आई। इसमें भी अप्रैल में आई आंधी ने आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया। बागवान नासिर ने बताया कि दशहरी, लंगड़ा, चौंसा और गुलाब जामुन का उत्पादन बहुत कम है। रही कसर आंधी तूफान पूरी कर दे रहे हैं। बुधवार को आई आंधी ने बाग. वानी को चौपट कर दिया। बागों में आम के ढेर लग गए। खास बात ये है कि आंधी में गिरे इस आम का खरीदार कोई नही। जहां तक पके हुए आम का सवाल है वह तो इस बार खास को भी न के बराबर ही मिल पाएगा।

आयुक्त ने इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट प्लान को लेकर की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में इंटीग्रेटेड डेवलपमेन्ट प्लान के संबंध में संबंधित विभागो के अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुक्त द्वारा विभिन्न विभागो को मेरठ के समग्र विकास हेतु दायित्वो का निर्धारण किया गया। आयुक्त द्वारा सार्वजनिक स्थल के सौन्दर्यीकरण के अंतर्गत कमिश्नरी पार्क, कांशीराम पार्क, गांधी पार्क, लोहिया पार्क, सूरजकुंड पार्क एवं अन्य पार्को का सौन्दर्यीकरण, विक्टोरिया पार्क ग्राउंड में फूड स्ट्रीट, नौचंदी मेले का सुधार, मेरठ मंडपम विकास योजना, आबूलेन रोड का सौन्दर्यीकरण पर चर्चा की गई। साथ ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये गये।

दरोगा ने चाय वाले पर खोलता दूध फेंका

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। थाना रेलवे रोड इलाके में मकबरा डिग्गी मोहल्ले में एक चाय विक्रेता पर दरोगा ने खोलता हुआ दूध फेंक दिया। पीड़ित का आरोप है कि यह कृत्य थाना रेलवे रोड के चौकी इंचार्ज नेपाल सिंह ने किया है। पीड़ित युवक का कहना है कि वो इलाके में चाय की दुकान चलाता है। आरोप है कि चौकी इंचार्ज उससे बिना वजह परेशान करता है।

ग्राहकों की कुर्सियों को फेंक देता है और चेकिंग के नाम और उसका उत्पीड़न करता है। आरोप है कि मुफ्त चाय मांगते हैं चाय के पैसे मांगने पर दरोगा ने उसके ऊपर खोलता दूध फेंक दिया। पीड़ित के शरीर पर गंभीर जलन के निशान हैं। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं इस घटना से क्षेत्र में गहरा रोष है। लोगों का कहना है कि पुलिस लगातार चाय वाले को परेशान कर रही थी।

आंधी-तूफान के कहर से किसान परेशान

शहर में भी होर्डिंग और पेड़ गिरने से लोगों को आने-जाने में हुई परेशानी

शाह टाइम्स संवाददाता

किठौर/मेरठ। बुधवार शाम तेज आंधी-बारिश कहर बनकर आई जिससे सैकड़ो पेड़ धराशायी हो गए सड़क यातायात भी बाधित हो गया किसानों की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। वहीं शहर में भी गुरुवार को सड़कों पर पड़े पेड़ व होर्डिंग से लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

बीती रात्रि तेज आंधी तूफान के कारण पूरे क्षेत्र में किसानों को भारी नुकसान रोड पर पेड़ बिजली के पोल उखाड़कर गिर जाने के कारण कई रोड बाधित हो गये। इस तूफान से किसानों को जहां भारी नुकसान हुआ है वहीं आम जनता को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों के चेहरे मुरझाए हुए हैं तो कई जगह पर बिजली के पोल गिरने से रोड बंद हो गए तथा 24 घंटे बीत जाने के बाद बिजली सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाई जिस की खास तौर से ग्रामीण क्षेत्र में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग की टीम एवं ग्रामीण रात से ही रोड पर गिरे हुए पेड़ों को उठाने में लगे हुए हैं लेकिन बावजूद इसके अभी तक पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्र के रोडो को खाली नहीं कर पाए हैं। आम के बागों में भारी नुकसान देखने को मिल रहा

भाकियू आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिखा सीएम को पत्र

भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसान हित में जल्द से जल्द किसानों को आर्थिक मदद की बात कही है उनका कहना है की इस कुदरती तूफान के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है जल्द से जल्द किसान हित में सरकार फैसला ले तथा जिन किसानों पर कर्ज है उसकी भी माफी का ऐलान करें जिससे की किसान उबर सके। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही महंगाई की मार झेल रहा है। अब इस तुफान ने किसान को तोड़कर रख दिया है। बताते चलें कि बीती रात आंधी तूफान के साथ बारिश और कई जगह पर ओलावृष्टि भी हुई है जिस कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

जानी में पेट्रोल पंप की छत के परखच्चे उड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

जानी खुर्द। बुधवार देर शाम आई आंधी बारिश से जानी क्षेत्र में तबाही हो गई। गांव रसूलपुर धौलडी में सबसे ज्यादा आम की फसल और ट्रांसफार्मर पेट्रोल पंप सहित काफी नुकसान हुआ है। वही गांव नानू फतेहपुर मीरपुर जखेडा खानपुर अन्य कई गांव अंधेरे में डूब गए। रसूलपुर धौलडी में बस स्टैंड पर पेट्रोल पंप की छत के परखच्चे उड़ गए और कई जगह ट्रांसफार्मर के खंबे टूट गए। मोदीनगर रसुलपुर धौलडी मार्ग पर कई बड़े पेड़ उखड़ कर गिरने से ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़। ग्रामीणों का कहना है की आम की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। गांव में हालात इतने बुरे हैं कि शायद कई दिन दिन अंधेरे में रहना पड़ेगा।

मेरठ में पंजाब एण्ड सिंध बैंक को मिला नराकास द्वितीय शील्ड पुरस्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। पंजाब एण्ड सिंध बैंक को भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन एवं कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए नराकास बैंक एवं बीमा, मेरठ के सदस्य कार्यालय पंजाब एण्ड सिंध बैंक की मुख्य शाखा-बेगम ब्रिज, मेरठ को शाखा कार्यालय संवर्ग में द्वितीय शील्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नराकास अध्यक्ष-केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक वेंकट रामालुलु, पंजाब नैशनल बैंक के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह राणा, बैंक ऑफ इंडिया के उपमहाप्रबंधक, सेंट्रल बैंक के सहायक महा प्रबंधक सहित कई

बैंकों के सम्मानित स्टाफ उपस्थित थे। भारत सरकार गृह मंत्रालय उत्तर क्षेत्र-2 के उप निदेशक छबिल कुमार मेहेर ने बेगम ब्रिज के मुख्य प्रबंधक बी.के. गौतम को नराकास शील्ड एवं राजभाषा अधिकारी शिवशरण कुमार शिव को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए पंजाब एण्ड सिंध बैंक को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने की सराहना तथा उनकी स्वर्णिम भविष्य की कामना की।बैंक को द्वितीय शील्ड पुरस्कार मिलने पर आंचलिक प्रबंधक महेश सभरवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए मेरठ के सभी शाखा प्रभारियों तथा सभी स्टाफ सदस्यों सहित राजभाषा अधिकारी को बधाईयां दी तथा राजभाषा में और बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। नराकास सचिव मनोज कुमार भी पंजाब एण्ड सिंध बैंक के राजभाषा में बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए बधाइयां दी। राजभाषा अधिकारी शिवशरण कुमार शिव ने शील्ड पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राजभाषा विभाग के लिए एक बेहतर कदम बताया तथा पंकज कुमार, संजीव कुमार सहित मेरठ के सभी शाखाओं के स्टाफ सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। थाना लोहिया नगर में बिजली बंबा बाईपास के पास दो युवक नहाकर लौट रहे थे जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को संतोष हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दोनों युवक थाना मेडिकल क्षेत्र के शेर गढ़ी के रहने वाले हैं। सीएनजी पंप के सामने स्पलेंडर बाइक नंबर यूपी 15 डीजेड 7371 पर सवार शेरगढ़ी निवासी आकाश की ट्रक के नीचे कुचल जाने से मौत हो गई, जबकि रौनक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना दोपहर लगभग 2:30 बजे हुई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

न्यू नेशनल स्कूल में हुआ एनुअल फंक्शन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

लावड़। कस्बे में स्थित न्यू नेशनल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों को परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर उनकी हौसला अफजाई करते हुए सम्मानित किया गया।

इस दौरान शहजाद सिद्दीकी व मुख्य अतिथियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य शादमान सिद्दीकी, मैनेजर हाजी इमरान, व नईम, फरहा, हया रिजवी, नायला, नगमा, आयशा, इल्मा, फरहत, कशफ, निदा, लवी, किरण, प्रिया सहित समस्त स्कूल स्टाफ के साथ साथ चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, मोहन सैनी, पूर्व चेयरपर्सन पति मो. हारून, शहजाद सिद्दीकी, राजकुमार देदवा, जीशान अंसारी, नईम कुरैशी आदि काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कृषि विवि में मनाया गया जैव विविधता दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी कॉलेज में गुरुवार को जैव विविधता दिवस मनाया गया। आज के दिन प्राकृतिक व पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में जैव विविधता का महत्व देखते हुए इस दिवस को विशेष रूप से मनाया जाता है। इस अवसर पर बोलते हुए अधिष्ठाता बायोटेक्नोलॉजी डॉक्टर रविंद्र कुमार ने कहा कि जैव विविधता को बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा प्रत्येक छात्र-छात्रा के द्वारा जैव विविधता को बनाए रखना की शपथ लेनी चाहिए और समाज के अन्य लोगों को जैव विविधता के संरक्षण के लिए प्रेरित करना चाहिए।

निदेशक ट्रेंनिंग प्लेसमेंट प्रोफेसर आर.एस. सेंगर ने संबोधित करते हुए कहा कि जैव विविधता मैं पृथ्वी की सभी प्रकार के जीवन की किस्म अर्थात स्थलीय समुद्री और जलीय परिस्थितिकीय तंत्र शामिल है। हमारी महान विश्व परंपरा तथा समृद्धि संस्कृत के कारण 25 प्रतिशत भू क्षेत्र तथा लगभग 15 प्रतिशत जनसंख्या होने पर भी हमारा देश लगभग 7.5 प्रतिशत प्रजातियों का प्रतिनिधित्व करते हुए विश्व के 17 मेगा डाइवर्सिटी वाले देशों में शामिल है। प्रोफेसर पंकज चौहान ने कहा की जैव विविधता सिर्फ जीव जंतुओं पेड़ पौधों या सुखजीवों की संख्या मात्र न होकर परस्पर निर्भरता हुआ जीवन का प्रतीक है। प्रकृति में विद्यमान प्राणी व पादप प्रजातियां एक दूसरे पर परस्पर निर्भर हैं तथा हमारी सावधानी से किसी एक प्रजाति के विलुप्त हो जाने पर अन्य बहुत सी प्रजातियां का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है इसलिए हम लोगों को जैव विविधता को बचाए रखने के लिए प्रयास करना होगा।

शोभित विवि में अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय मेरठ एवं जिला गंगा समिति मेरठ ने अंतराष्ट्रीय जैवविविधता दिवस मनाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जैव विविधता के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना और सतत विकास के लिए जैव विविधता के महत्व को समझाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसडीएम सदर अंकित कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण की आवश्यकता और वर्तमान संकट पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता वर्ल्ड वाइड लाइफ फंड हस्तिनापुर डॉ. हरिमोहन मीणा ने घड़ियाल संरक्षण, डॉल्फिन संरक्षण एवं कछुआ संरक्षण पर विस्तारपूर्ण चर्चा की। शतुषार गुप्ता, डिपिओ (जिला परियोजना अधिकारी) नमामि गंगे ने कहा कि

हर प्राणी का एक विशेष स्थान है और हमें उन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार त्यागी ने जैव विविधता के संरक्षण पर जोर देते हुए बताया कि यह यूनाइटेड नेशन द्वारा निर्धारित सतत विकास की प्राप्ति के लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रतिकुलपति प्रो. जयानंद ने जैव विविधता पर प्रकाश डाला और बताया कि यह पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण है। डायरेक्टर लॉ प्रो. प्रमोद कुमार गोयल ने विभिन्न पर्यावरण कानूनों के बारे मे विचार साझा किए जो जैव विविधता के संरक्षण से जुड़ा है। कार्यक्रम के अंत में सभी को जैव विविधता संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जैव विविधता संरक्षण की शपथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. दिव्या प्रकाश, डायरेक्टर स्कूल का बॉयो टेक्नालाजी एवं लाइफ साइंस, डॉ. मोनिका चौधरी, रुपेश कुमार, मानसी सैनी, डॉ. नेहा रानी, डॉ. गार्गी चौधरी का विशेष योगदान रहा।

कांग्रेस ने की समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। मेरठ कैंट स्थित 22 बी रिसॉर्ट में महानगर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रंजन शर्मा ने की जबकि संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मेरठ जनपद के समन्वयक विशाल वशिष्ठ विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व महानगर अध्यक्ष, फ्रंटल संगठनों तथा विभागों के पूर्व अध्यक्षगण विशेष रूप से आमंत्रित किए गए थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी तीन महीनों के भीतर महानगर कांग्रेस कमेटी के संगठन का निर्माण बूथ स्तर तक किया जाएगा। इस कार्य के लिए वरिष्ठ नेताओं को मंडलवार जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग में मॉडल एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। मेडिकल कॉलेज मेरठ के प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता के नेतृत्व में छात्रहित व जनहित में नित नये-नये ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इसी क्रम में गुरुवार को लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग द्वारा मॉडल एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन परिसर में स्थित बहूउद्देशीय हॉल में किया गया। प्रतियोगिता का नाम "foetal forum and Rangatomy" रखा गया। प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष, डॉ. प्रीति सिन्हा एवं सह आचार्या, डॉ. अंतिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कलात्मकता तथा विषय संबंधी समझ

को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष (2024 बैच) के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर पूरे उत्साह के साथ शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा पुरुस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिये गये। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल संस्थान, मेरठ के प्रधानाचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता, डॉ. शिल्पी जैन, विभागाध्यक्ष, शरीर रचना विभाग, सुभारती मेडिकल कॉलेज, मेरठ, सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक, डॉ. धीरज राज बालियान, लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के शल्य चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. गौरव गुप्ता एवं बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ. अनुपमा वर्मा उपस्थित रहे एवं बच्चों के कार्य का मूल्यांकन कर उनका प्रोत्साहन किया। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ. ललिता चौधरी, डॉ. अंशु टंडन, डॉ. मेघा कुलश्रेष्टा, डॉ. डॉली समेत समस्त पीजी रेजिडेंट्स, कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम हेतु प्राचार्य ने शरीर रचना विभाग को शुभकामनाएँ दीं।

डीएम पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

परीक्षितगढ़। नगर के डीएम पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 कक्षा 10 तथा कक्षा 12 में 85 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय के प्रथम कुल. पति मेजर जनरल रिटायर्ड दीप अहलावत रहे। विद्यालय निदेशक रविंद्र चौधरी व भागेश्वरी चौधरी, प्रधानाचार्य विनोद सिंह प्रबंधक श्याम सिंह व समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने बड़ी गर्म जोशी से दीप अहलावत का अभिनंदन, स्वागत किया। वहीं मुख्य अतिथि दीप अहलावत द्वारा सम्मानित हुए छात्र छात्राओं में कक्षा 12 से अर्णव चौधरी मेरठ, दक्ष यादव अगवानपुर, अक्षरा शर्मा अगवानपुर, कुशाग्र भाटी सौंपरी, अजस्वी सिंह बढ़ला, सृष्टि शर्मा, उज्ज्वल सैनी माछरा, इश्फा अख्तर किला, मधु त्यागी किला, कंगना दबथला, दीप्ति गिल बढ़ला रहे। कक्षा 10 से निशांत त्यागी माछरा, तनिष्क त्यागी किला, अनुष्का पसवाड़ा, विदिती त्यागी किला, सूर्यांश त्यागी किला, मो अजर सठला, अर्शी परवीन ललियाना, वंश त्यागी सिंहपुर, विधि त्यागी किला, अवनी किला रहे। तथा प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप प्रयागराज में स्वर्ण पदक लेकर

लौटी नव्या यादव, और ताज कबड्डी प्रतियोगिता में चयन हुए हिमांशु वर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक रविन्द्र चौधरी ने मुख्य अतिथि दीप अहलावत की उपलब्धियां बच्चों को बताई और कहा कि भविष्य की योजनाएं बनाकर के कैसे आगे बढ़ा जा सकता है। जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि अच्छे नंबर लाकर अति उत्साहित व कम नंबर आने पर ज्यादा परेशान नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेजर जनरल दीप अहलावत ने बच्चो को प्रेरित किया कि विद्यार्थियों का मुख्य काम पढ़ाई करना है। लेकिन देश की सामाजिक, आर्थिक, परिस्थितियों को जानना समझना और बदलाव जरूरी है। आपके गणित के अंक आपके जीवन के अंक निर्धारित नहीं करते। आपका अनुशासन, आपकी अपने लक्ष्य के प्रति सजगता होनी चाहिए, बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों पर भी मेहनत करने के लिए कहा। इस अवसर पर दीपा त्यागी, अंकुश प्रधान, आभाष चौधरी, पुष्कर मणी, बब्बू सिंह, नितिन मलिक, सरिता गोदारा, मनोज शर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेगी आरसीबी

● हैदराबाद अपने अभियान का जीत के साथ समापन करना चाहेगी

लखनऊ, वार्ता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में प्लेऑफ में पहुंच चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शुक्रवार को टूर्नामेंट के 65वें मैच में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकना स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेगी।

वहीं एसआरएच अपने अभियान का जीत के साथ समापन करना चाहेगी। आरसीबी 12 मैचों में 17 अंक हासिल करने के साथ इस सीजन में अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाने वाली टीमों में से एक रही है। रजत पाटीदार की अगुआई वाली यह टीम शीर्ष दो में जगह बनाकर एलिमिनेटर वन की नॉकआउट अनिश्चितता से बचना चाहेगी और उन्हें पहले क्वालीफायर के जरिए फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिलेगा। एक ऐसी टीम के लिए जो पहले भी खिताब के करीब पहुंच चुकी है, लेकिन कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं उठा पाई है। इसके विपरीत, पिछले सीजन की फाइनलिस्ट सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

बारह मैचों में मात्र चार जीत के साथ वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। हालाँकि, इस सप्ताह की शुरुआत में लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली शानदार जीत से टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और पैट कमिंस के नेतृत्व वाली टीम अपने अभियान को शानदार तरीके से समापन करना चाहेगी। इस सत्र में आरसीबी की वापसी विराट कोहली के शानदार फॉर्म की वजह से हुई है। बीच के मैचों में टीम डगमगा गयी थी। आरसीबी के पूर्व कप्तान कोहली ने 11 पारियों में 63-12 की औसत और 143-46 की स्ट्राइक रेट से 505 रन बनाए हैं। शीर्ष पर उनके अनुभव के साथ-साथ फिल साल्ट की आक्रामकता और देवदत्त पडिक्कल के टीम के स्कोर को धीरे-धीरे आगे बढाने के साथ मजबूत नींव रखने में मददगार साबित हुए हैं। टीम ने मध्य क्रम ने भी अपनी लय हासिल कर ली है। पाटीदार ने अब तक शानदार स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए हैं, जबकि निचले क्रम को टिम डेविड और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी से टीम को मजबूती मिली है।

टिम डेविड ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मात्र 14 गेंदों पर 53 रन बनाकर नॉटआउट रहे थे। यह सत्र के सबसे बेहतरीन डेथ ओवरों में से एक है। फिर भी, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड का टीम में वापस नहीं आ पाना चिंता का विषय बना हुआ है।

आईपीएल-2025 प्लेऑफ की चारों टीम तय

● लखनऊ के निकोलस पूरन टूर्नामेंट के टॉप-6 हिटर बने हुए है

नई दिल्ली, वार्ता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में ग्रुप स्टेज के 63 मैच खत्म होने के बाद ही प्लेऑफ की 4 टीमें मिल गईं। बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ स्पाट कन्फर्म की। इससे दिल्ली बाहर होने वाली छठी और आखिरी टीम बनी। बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 180 रन बनाए। दिल्ली ने 65 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, यहां से टीम 121 रन ही बना सकी और 59 रन से मुकाबला गंवा दिया। दिल्ली को 13 मैचों में छठी हार मिली। टीम के 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पाइंट्स हैं। क्ब्अब पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर भी 15 पाइंट्स तक ही पहुंच पाएगी, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। मुंबई को 13 मैचों में 8वीं जीत मिली। टीम 16 पाइंट्स के साथ चौथे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंच गई। अब एमआई को टॉप-2 पोजिशन में जगह बनानी है तो पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतना होगा। साथ ही आरसीबी और जीटी के सभी मैच हारने की दुआ करनी होगी। लखनऊ सुपरजायंट्स प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है। टीम के 12 मैचों में 5 जीत से 10 ही पाइंट्स हैं। आज का मैच जीतकर स्ैळ प्लेऑफ में तो नहीं पहुंचेगी, लेकिन गुजरात के नंबर-1 पर बने रहने की उम्मीदों को कम कर देगी। गुजरात के साई सुदर्शन टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर बने हुए हैं। उन्होंने 12 मैच में 617 रन बनाए हैं। शुभमन गिल 601 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। बुधवार को मुंबई के सूर्यकुमार यादव 73 रन बनाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए। उनके नाम 583 रन हो गए। गुजरात के ही तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 21 विकेट हैं। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद के भी 21 विकेट हैं। मुंबई के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए। लखनऊ के निकोलस पूरन टूर्नामेंट के टॉप सिक्स हिटर बने हुए हैं। उनके नाम 12 मैचों में 35 छक्के हैं। मुंबई के सूर्यकुमार यादव 30 सिक्स लगाकर दूसरे नंबर पर पहुंच गए। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 28 सिक्स लगाकर तीसरे नंबर पर रहे।

संक्षिप्त खेल समाचार

साइफर्ट अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में आरसीबी में शामिल

बेंगलुरु, वार्ता। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम साइफर्ट को जैकब बेथेल की जगह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिये अपनी टीम में अस्थायी रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया है। आईपीएल की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि साइफर्ट 24 मई से चयन के लिए उपलब्ध होंगे। साइफर्ट अधिकतम 26 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ में होने वाले मैच के लिए आरसीबी दल से जुड़ सकते हैं। वह फिलहाल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में कराची किंग्स के लिए खेल रहे हैं। साइफर्ट इससे पहले आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए दो मैच और कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए 2021 में एक मैच खेल चुके हैं।

टाटेनहॅम हाटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

मैनचेस्टर, वार्ता। टाटेनहॅम हाटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने गुरुवार एथलेटिक बिलबाओ के सैन मैम्स स्टेडियम में खेले गए फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया। इसी के साथ टाटेनहॅम का यूरोपीय ट्रॉफी के लिए 41 साल का इंतजार खत्म हो गया। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टाटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। टाटेनहॅम का यह तीसरा यूरोपा लीग टाइटल है। ब्रेनन ने 42वें मिनट में यह गोल किया ब्रेनन जानसन ने मैच का इकलौता गोल किया। मैच में दोनों टीमों के लिए मौके बनाना मुश्किल था। हालांकि, 42वें मिनट में टाटेनहॅम को सफलता मिल गई। ब्रेनन ने पहले हाफ (42वें मिनट) में यह गोल किया। इस जीत के साथ टाटेनहॅम 2025-26 यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। 17 साल बाद टाटेनहॅम ने मेजर ट्राफी जीती टाटेनहॅम ने 17 साल बाद कोई मेजर ट्राफी जीती है। टीम ने अपना पिछला बड़ा खिताब 2008 में जीता था, जब उन्होंने लीग कप अपने नाम किया था।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान

मुंबई, वार्ता। इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वाड का ऐलान किया। इस दौरे पर भारतीय टीम 24 जून से 23 जुलाई तक एक वार्म-अप, पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलेगी। इस टूर के जरिए 17 साल के आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कमान दी गई है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। वैभव और आयुष दोनों ने ही आईपीएलके इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। वैभव ने एक शतक लगाया आयुष और वैभव दोनों का ही यह पहला प्च्स्सीजन है। आयुष ने आईपीएल2025 के 6 मैचों में 206 रन बनाए। जहां उनका एवरेज 34.33 का है और स्ट्राइक रेट 187.27 का है। वहीं वैभव सूर्यवंशी ने 7 मुकाबलों में 252 रन बनाए।

मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा

मुंबई, वार्ता। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

मुकेश कुमार को बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 के तहत लेवल एक के उल्लंघन के लिए दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। उन्होंने मैच रेफरी डैनियल मनो. हर द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया है।

मुकेश ने कल शाम मैच के दौरान अपने चार ओवरों में दो विकेट लेकर 48 रन दिये थे। उनके द्वारा फेंके गए 19वें ओवर में सूर्यकुमार यादव और नमन धीर ने 6, 1, 4, 6, 6, 4 कुल 27 रन बटोरे थे। इस सत्र में मुकेश अब तक खेले 11 मैच में 32-63 की औसत और 10-11 की इकोनॉमी से 11 विकेट लिए हैं।

मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में श्रीकांत, प्रणॉय हुए बाहर

■ किदांबी श्रीकांत ने आयरलैंड के खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया



बुकित जलील, वार्ता। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्जकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। यहां एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 59 मिनट तक चले मुकाबले में किदांबी ने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को सीधे गेम में 23-21, 21-17 हराकर अगले दौर में जगह बनाई। किदांबी ने पहले गेम की शुरुआत से ही अपना दबदबा कायम रखते हुए अपनी बढ़त बनाए रखा। न्हाट ने किदांबी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिर में किदांबी ने अंक अर्जित कर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी किदांबी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड के बैडमिंटन खिलाड़ी को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टरफाइनल में किदांबी का मुक. ाबला फांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विज. ेता एचएस प्रणॉय को 23वें रैंक के खिलाड़ी जापान के युशी तनाका से सीधे गेम में 9-21, 18-21 से हार मिली। पुरुष एकल के अन्य मुक. ाबले में आयुष शेट्टी को फांस के टोमा जूनियर पोपोव से 13-21, 17-21 से हार मिली, जबकि पुरुष एकल रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज सतीश करुणाकरन भी राउंड ऑफ 16 में रैंकिंग में 18वें स्थान के खिलाड़ी फांस के क्रिस्टो पोपोव से 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में एक घंटा और सात मिनट तक चले मुकाबले में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने फ्रांस के ली पालेर्मो और जूलियन मयो को 21-17, 18-21, 21-15 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय टीम घोषित

नई दिल्ली, वार्ता। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नीदरलैंड के एम्सटेलीवन और बेल्जियम के एंटवर्प में सात से 22 जून तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह कप्तान के रूप में टीम अगुवाई करेंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत में सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों खेलेंगा। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच होंगे।

यूएई ने बांग्लादेश को हराया, सीरीज भी जीती

■ हैदर अली ने तीन विकेट हासिल किए, आलीशान ने नाबाद 68 रनों की पारी खेली

शारजाह, वार्ता। हैदर अली (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में पांच गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है।

टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी सीरीज जीत है। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गए टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजे हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आये। बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा। कप्तान लिटन कुमार दास (14), मो-तौहीद हृदोय (शून्य), महेदी हसन (दो) और तंजिद हसन 18 गेंद पर (40) रनों की पारी खेली। इसके बाद शमीम हुसैन (नौ), रिशाद हुसैन (छह) और जाकेर अली 34 गेंदों में (41) रन बनाकर आउट हुये। यूएई के गेंदबाजों ने बांग्लादेश को निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 162 के स्कोर पर रोक दिया। यूएई की ओर से हैदर अली ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। मतिउल्लाह खान और सगीर खान को दो-दो विकेट मिले। अकिफ राजा और ध्रुव पराशर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट दूसरे ही ओवर में कप्तान मुहम्मद वसीम (नौ) के रूप में गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आलीशान शराफु ने मुहम्मद जोहैब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 44 रनों की साझेदारी हुई। आठवें ओवर में रिशाद हुसैन ने मुहम्मद जोहैब (29) को बोल्ड इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद तंजीम अहमद ने राहुल चोपड़ा (13) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इस दौरान दूसरे छोर पर खड़े आलीशान शराफु तेजी के साथ रन बनाते रहे। इसके बाद आसिफ खान ने आलीशान शराफ के साथ मोर्चा संभाला और टीम को ऐतिहासिक जीत की ओर ले गए। यूएई ने 19-1 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आलीशान शराफ ने 47 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 68) रन बनाये।

इंग्लैंड की महिला टीम ने विंडीज को रौंदा

■ सोफिया ने नाबाद 81 और हीथर ने 43 रनों की शानदार पारी खेली

कैंटरबरी, वार्ता। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सोफिया डंकली (नाबाद 81) और हीथर नाइट (43) की बेहतरीन पारियों की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 21 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। सेंट लॉरेंस ग्राउंड में बुधवार की रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने आखिर तक मोर्चा संभाले रखा। मैथ्यूज ने 67 गेंदों में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 100) रनों की पारी खेली। इसके अलावा मैंडी मैंगरु (17) और शबीका गजनबी ने (11) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की महिला टीम के लिए लॉरेन बेल ने दो विकेट लिए। लिंसी स्मिथ, एमिली आरलट और ईसी वोंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए डेनिएल वायट और सोफिया डंकली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए (51)रन जोड़े। छठें ओवर में जायडा जेम्स ने डेनिएल वायट (17) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद मात्र पांच रन जोड़कर इंग्लैंड ने कप्तान नेट साइवर ब्रंट (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी हीथर नाइट ने सोफिया डंकली के साथ पारी संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच 94 रनों की मैच विजयी अविजित साझेदारी हुई। इंग्लैंड की महिला टीम ने 16-3 ओवर में दो विकेट पर 150 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज की ओर से जायडा जेम्स और एफी फ्लेचर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

दीक्षा ने तैराकी व नागालैंड, मणिपुर ने पेंचक सिलाट में जीते स्वर्ण पदक

■ दीक्षा ने 1:10:12 में पूरा कर पांच किमी. की रेस में स्वर्ण पदक जीता

दीव, वार्ता। महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स में गुरुवार को ताकत और सहनशक्ति का प्रदर्शन करते हुए ओपन सी तैराकी प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वहीं पेंचक सिलाट में मणिपुर, नागालैंड और जम्मू-कश्मीर ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यहां समुद्र में हुई तैराकी प्रतियोगिता पांच किलोमीटर की रेस को 19 वर्षीय दीक्षा एक घंटा 10 मिनट 12 सेकंड पूरा कर स्वर्ण पदक जीता और वह अपनी राज्य की ही पूर्वा गावड़े (1:10:25) से सिर्फ 13 सेकंड आगे रहीं।

कर्नाटक की आसरा आर- सुधीर (1:10:29) ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले दीक्षा ने बुधवार को 10 किलोमीटर रेस में पहला स्थान हासिल किया था। पुरुषों की रेस भी बेहद रोमांचक रही, जिसमें कर्नाटक के द्रुपद रामकृष्ण ने 1 घंटा 6 मिनट 46 सेकंड में फिनिश लाइन पार कर स्वर्ण पदक जीता। पेंचक सिलाट में गुरुवार को दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव और मणिपुर ने अपने सभी चार स्वर्ण पदक इसी खेल में जीते हैं। महाराष्ट्र, जो इस समय पदक तालिका में सबसे ऊपर है, ने ओपन वाटर स्विमिंग और पेंचक सिलाट दोनों में दो-दो स्वर्ण पदक जीते हैं। डीएनएचडीडी के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने भी अपना दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट में जीतकर खासा नाम कमाया है।

नागालैंड ने भी आज दो स्वर्ण पदक जीते। जम्मू-कश्मीर के सजाद अहमद बैग ने ओडिशा के सोि. हल गुरंग को सीनियर पुरुष श्रेणी सी (55-60 किग्रा) तांडिंग (कॉम्बैट) फाइनल में 9-0 से पराजित कर अपने प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीता। यह जम्मू-कश्मीर का पहला स्वर्ण पदक है। सेपक टकरॉ में हरियाणा और केरल का दबदबा रहा। छह स्वर्ण पदक वाले खेलों में से एक सेपक टकरॉ में मुकाबले सुबह और शाम दोनों सत्रों में हुए। बुधवार देर रात, हरियाणा ने सेपक टकरॉ प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की त्रयी टीम में स्वर्ण जीतने के बाद, हरियाणा की पुरुष टीम ने युगल स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की पुरुष टीम ने गोवा को 2-0 (15-4, 15-11) से हराया। इसी तरह केरल की लड़कियों की युगल टीम ने ओडिशा को 2-0 (15-4, 15-9) से हराकर आसानी से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, दिल्ली ने सेपक टकरॉ पुरुष डबल्स में कांस्य पदक जीता।

राधिका ओझा ट्रेलब्लेजर पुरस्कार-2025 से सम्मानित

दिव्यांग खिलाड़ियों को समान मौके दिलाने के विजन ने दिलाई नोएडा की स्कूल स्टूडेंट को उपलब्धि

नई दिल्ली, वार्ता। नोएडा की स्कूल स्टूडेंट राधिका ओझा को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल उत्कृष्टता सामुदायिक ट्रेलब्लेजर पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। राधिका एक चेंजमेकर बनने की इच्छा रखती है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने कम्यूनिटीज को ट्रांसफार्म करने वाले नए इनक्लूसिव इनीशिएटिव्स का बीड़ा उठाया है।

राधिका ने दिव्यांग एथलीटों के लिए एडाप्टिव स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में अभूतपूर्व काम किया है जो आशा और बदलाव की किरण के रूप में सामने आया है। कम्युनिटी ट्रेलब्लेज़र अवार्ड विशेष रूप से उन दूरदर्शी लोगों को मान्यता देता है जो खेलों में समानता, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ते हैं। खेलों को वास्तव में इनक्लूसिव बनाने के लिए राधिका की प्रतिबद्धता एक शक्तिशाली संदेश को दर्शाती है कि युवाओं के नेतृत्व में, जमीनी स्तर के प्रयास देश भर में बदलाव ला सकते हैं। राधिका ने कहा कि यह पुरस्कार उन लोगों के लिए है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। दिव्यांग एथलीट किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह ही समान मंच और प्रोत्साहन के हकदार हैं। मैं पिछले कुछ वर्षों में मेरे प्रयासों को मान्यता देने के लिए एसटी,वीकेजेडआरएस फाउंडेशन और समिति की वास्तव में आभारी हूं। राधिका ने दिव्यांग एथलीटों के लिए

एडाप्टिव स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने में अभूतपूर्व काम किया है। राधिका की जर्नी परपज ड्रिवन लीडरशिप का उदाहरण है। उन्होंने अपनी कठिन इंटरनेशनल बैकलारिएट स्टडीज के साथ प्रभावशाली सामुदायिक सेवा का संतुलन बनाया है। उन्होंने सतत विकास और सामाजिक समानता पर केंद्रित कई पहल का नेतृत्व किया है। इनमें प्रोजेक्ट राहत एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। वंचित समुदायों को टिकाऊ और मानवीय आर्किटेक्चरल सोल्यूशंस प्रदान करने वाला प्रोजेक्ट राहत राधिका के समावेशी ख्रष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें दिव्यांगों सहित सभी के लिए सुलभता और सम्मान पर जोर दिया गया है। बुनियादी ढांचे की बाधाओं को दूर कर यह प्रोजेक्ट एक ऐसे समाज की नींव रखता है जहां व्यक्ति शारी. रिक या सामाजिक कमियों के बावजूद फल-फूल सकते हैं। यह सिद्धांत है जो एडोप्टिव खेलों में उनके काम में भी सहजता से लागू होता है। पिछले 3-4 सालों में, राधिका ने दिव्यांग खिलाड़ियों के हितों की लगातार वकालत की है, जिससे उनकी अधिक भागीदारी हो, संसाधनों तक पहुंच हो और उन्हें भावनात्मक समर्थन मिले। उनका काम इस प्रचलित गलत धारणा को चुनौती देता है कि शारीरिक विकलांगता अक्षमता के बराबर है। वह जोश के साथ कहती हैं- हमारे समाज को दिव्यांगों के लिए खेलों को असामान्य चीज के रूप में देखना बंद कर देना चाहिए। इसे किसी भी अन्य खेल की तरह आम होना चाहिए। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है- एडोप्टिव खेल मुख्यधारा में आने चाहिए, उन्हें मजबूत संस्थागत समर्थन और सार्वजनिक मान्यता मिलनी चाहिए। ओलिंपिक खेलों के निष्पक्षता और समान अवसर के सिद्धांतों से प्रेरणा लेते हुए राधिका एक ऐसे भारत की कल्पना करती हैं जहां दिव्यांग युवा गर्व और आत्मविश्वास के साथ अपने एथलेटिक सपनों को पूरा कर सकें।

सम्पादकीय

शुक्रवार , 23 मई 2025

भारत का कड़ा रुख

गुरुवार को भारत ने एक बार फिर अपने पुराने स्टैंड को दोहराया कि पाकिस्तान से कोई भी संपर्क द्विपक्षीय ही होगा और आतंकवाद से स्थायी रूप से नाता समाप्त किए जाने के बाद ही यह संपर्क हो सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी नियमित प्रेस ब्रीफिंग में स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि भारत अपने स्टैंड से जरा भी पीछे हटेगा। उन्होंने साफ किया कि बातचीत और आतंक एकसाथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान के साथ तभी बातचीत संभव हो सकती है जब पाक भारत द्वारा सौंपी गई आतंकियों की सूची के अनुसार आतंकियों को भारत को सौंपे। जहां तक बात कश्मीर की है, जम्मू कश्मीर पर कोई बात नहीं होगी और जब कभी भी बात होगी तो कश्मीर के उस भाग पर होगी जिस पर जबरन तरीके से पाक ने कब्जा किया हुआ है। जल संधि पर भी उन्होंने भारत के नजरिये को उचित ठहराया। जल संधि को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कथन को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा कि जल्द और रक्त एकसाथ नहीं बह सकते। हालांकि गुरुवार को भी पीएम मोदी ने राजस्थान के बिकानेर जिले के दौरे पर सरकार के नजरिये को साफ किया और कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा और न टाल्क। अगर बात होगी तो पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर यानि पीओके पर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं गिरा सकती। जायसवाल ने तुर्कीय और चीन को भी नसीहत दी और कहा कि आतंकवाद के समर्थन में खड़ा होना पूरी मानवता के खिलाफ खड़ा होने जैसा है और इससे भारत के साथ उनके संबंधों को चोट पहुंचेगी। जायसवाल का कहना था कि भारत उम्मीद करता है कि तुर्की दृढ़ता से पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद के खिलाफ तुर्कीय समर्थन करने और दशकों से पनाहगाह रहे आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। उनके कहने का मतलब साफ था कि संबंध एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनाए जाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत-पाक तनाव के बीच जिस तरह का आचरण तुर्कीए व चीन की तरफ से देखने में आया वह जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता, बल्कि इससे साफ हो जाता है कि ये दोनों देश आतंकवाद को लेकर गंभीर नहीं हैं। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है। इसलिए इससे पार पाने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यह मसला केवल पक्ष विपक्ष में जाने का भी नहीं है, क्योंकि आतंकवाद से किसी का भला नहीं होने वाला। भारत ने जिस तरह पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर पाक पर स्ट्राइक की, जिसमें सौ से अधिक आतंकी मारे गए, बताता है कि भारत की लड़ाई केवल आतंकवाद से है। किसी देश या नागरिक से नहीं। भारत ने साफ भी किया कि सर्जिकल स्ट्राइक में पाक सेना या वहां के नागरिकों का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं

उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं

विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है, अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ाई जानी चाहिए, उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए, इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए, किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए, उनका जो फंड होता है, सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा, विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है।

-जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति

भविष्य की महामारियों से निबटने के लिए WHO एक ऐतिहासिक समझौते की ओर

वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया कोविड-19 जैसी भयावह महामारी से उबरने की प्रक्रिया में है, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है कि भविष्य में ऐसी किसी भी वैश्विक स्वास्थ्य आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। WHO अब एक ऐतिहासिक वैश्विक समझौते की दिशा में अग्रसर है जिसका उद्देश्य है एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना जो न केवल प्रतिक्रियात्मक हो, बल्कि पहले से तैयार, लचीली और समन्वित भी हो।

महामारी से सीख

कोविड-19 महामारी ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया। असमान स्वास्थ्य सुविधाएं, सीमित संसाधन, दवाओं और टीकों का असमान वितरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान की धीमी प्रक्रिया ने साबित किया कि एक देश की कमजोरी पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की कमी और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति श्रंखला में बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर समय रहते प्रभावी वैश्विक रणनीति नहीं बनाई गई, तो भविष्य की महामारियां और भी विनाशकारी सिद्ध हो सकती हैं।

डब्ल्यूएचओ की भूमिका

विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 1948 में हुई थी और तब से लेकर अब तक यह संगठन विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संकटों से निपटने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भले ही WHO को कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो, परंतु उसने विज्ञान आधारित मार्गदर्शन, टीकाकरण की पहल और वैश्विक समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया।

अब WHO का लक्ष्य केवल संकट का प्रबंधन करना नहीं, बल्कि उससे पहले की तैयारी सुनिश्चित करना है। इसी सोच के तहत महामारी संधि Pandemic Accord का विचार सामने आया है।

ऐतिहासिक पहल-महामारी संधि

2021 में, WHO की सदस्य देशों ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। एक ऐसी वैश्विक संधि की शुरुआत करना जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए एक साझा रणनीति, पारदर्शिता और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करना है। इस संधि को आधिकारिक रूप से Pandemic Prevention Preparedness and Response Accord कहा जा रहा है।

इस संधि के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं

प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना

नई और उभरती बीमारियों की जानकारी तुरंत साझा करना ताकि जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके।

अनुसंधान और नवाचार में सहयोग

टीके, दवाएं, और निदान तकनीकों के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।

समानता आधारित वितरण प्रणाली

महामारी के समय आवश्यक संसाधनों का सभी देशों तक न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करना, विशेषकर विकासशील देशों के लिए।

स्वास्थ्य संरचना को सशक्त बनाना

वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता और बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता देना।

प्राकृतिक और मानव निर्मित जोखिमों की निगरानी

जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों (जूनोटिक रोग) की निगरानी करना और उन पर समय रहते नियंत्रण पाना।

वैश्विक प्रतिक्रिया और भागीदारी

इस संधि को लेकर अधिकांश देशों ने सकारात्मक रुख अपनाया है, विशेष रूप से यूरोपीय संघ, अफ्रीका के कई राष्ट्र और भारत जैसे विकासशील देश। हालांकि कुछ विकसित देशों ने संप्रभुता के मुद्दे पर चिंता जताई है कि एक वैश्विक समझौते से उनकी स्वतंत्र निर्णय लेने की शक्ति सीमित हो सकती है। इसके बावजूद, इस विचार को व्यापक समर्थन मिल रहा है कि यदि दुनिया को भविष्य में एकजुट रहना है, तो साझा दिशा और प्रतिबद्धता अनिवार्य है।

भारत की भूमिका

भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री पहल के अंतर्गत 100 से अधिक देशों को टीके भेजकर वैश्विक स्वास्थ्य कूटनीति में अपनी सक्रिय भूमिका को दर्शाया। भारत की मजबूत दवा उद्योग, बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवाओं की विशेषज्ञता ने उसे एक अग्रणी खिलाड़ी बना दिया है। WHO के नए समझौते में भारत जैसे देशों से अपेक्षा की जा रही है कि वे नवाचार, अनुसंधान और उत्पादन की क्षमता का उपयोग कर वैश्विक स्तर पर महामारी की तैयारी में नेतृत्व करें।

चुनौतियांः सिद्धांत व व्यवहार में अंतर

हालांकि यह संधि बेहद आवश्यक और उपयोगी है, परंतु इसके क्रियान्वयन में कई चुनौतियां सामने आ सकती हैं-

राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमीरू कई देशों के लिए अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक समझौते के तहत सीमित करना कठिन हो सकता है।

वित्तीय प्रतिबद्धता- महामारी की तैयारी के लिए भारी निवेश की आवश्यकता होगी, जिसे सभी देश वहन नहीं कर पाएंगे।

डेटा की पारदर्शिता- कुछ देश महामारी संबंधी जानकारी साझा करने में हिचकिचाते हैं, जिससे प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली कमजोर पड़ सकती है।

नैतिक और कानूनी सवाल- किस हद तक WHO को हस्तक्षेप का अधिकार होगा, और क्या कोई वैश्विक संस्था संप्रभु राष्ट्रों को बाध्य कर सकती है?

समाधान की दिशा में पहल- इन चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाना। महामारी से संबंधित जानकारी आम जन तक पहुंचाना और स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूली पाठ्क्रमों में शामिल करना।

WHO का यह प्रयास कि सभी देश एक साझा स्वास्थ्य दृष्टिकोण को अपनाएं, न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपयुक्त है, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी आवश्यक है। कोविड-19 जैसी आपदाएं यह सिखा चुकी हैं कि वायरस सीमाओं का सम्मान नहीं करते। ऐसे में एक वैश्विक, समन्वित और न्यायपूर्ण रणनीति ही एक सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

भारत जैसे देश, जो जनसंख्या, संसाधन और विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, इस समझौते में एक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। WHO द्वारा प्रस्तावित महामारी संधि एक ऐतिहासिक कदम है। एक ऐसा दस्तावेज जो आने वाले समय में लाखों जीवनों की रक्षा कर सकता है। अब यह हम सब पर निर्भर करता है कि हम इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ कैसे उठाते हैं, क्या हम फिर एक संकट का इंतजार करेंगे या अब से तैयारी शुरू करेंगे?

चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें।

हंसना, रोना, ब्रेकअप के बाद क्या किया आपने

ब्रेकअप के बाद आप कैसे रिएक्ट करते हैं? मैं हंसी, जैसे मेरे अंदर कुछ ऐसा था जो यह मानने से इन्कार कर रहा था कि अभी क्या हुआ था। फिर मैं रोई, उस तरह का रोना जो आपके सीने में दर्द पैदा कर दे और आपके विचार बिखर जाएं।

उसके बाद, मुझे ईमानदारी से याद नहीं है। अब सब कुछ धुंधला है, एक दूर का दर्द जो कभी दुनिया के अंत जैसा लगता था। ब्रेकअप गड़बड़, अप्रत्याशित और बेहद निजी होते हैं और जबकि दुख अक्सर केंद्र में होता है, यह एकमात्र भावना नहीं है जिसे लोग अनुभव करते हैं। सच्चाई यह है कि हर कोई अलग-अलग तरीके से शोक मनाता है-कुछ लोग टूट जाते हैं, कुछ फट जाते हैं और कुछ चुपचाप उसके बाद बह जाते हैं।

वास्तव में, अधिकांश लोग तीन प्रमुख भावनात्मक प्रतिक्रिया पैटर्न में से एक में आते हैं। आइए उन्हें एक्सप्लोर करें, हो सकता है कि आप इनमें से किसी एक कहानी में खुद को थोड़ा सा देख पाएं।

इवोल्यूशनरी साइकोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने भावनात्मक पैटर्न की पहचान करने और उन्हें विशिष्ट श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए लगभग 661 वयस्कों की जांच की। अध्ययन में प्रतिभागियों से पूछा गया कि अगर उनके साथी उनसे अलग हो गए तो वे कैसे व्यवहार करेंगे। परिणामों से पता चला कि अधिकांश लोगों ने उदास महसूस करने, कारण पूछने और ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करने की बात कही। शोधकर्ताओं ने विभिन्न प्रतिक्रियाओं के आधार पर 13 प्रमुख श्रेणियों की पहचान की, जिनमें उदासी और उत्तर चाहने से लेकर खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी या बदला लेने की कोशिश जैसी तीव्र प्रतिक्रियाएं शामिल थीं। एक अध्ययन में पाया गया कि जब लोग अपने साथी से अलग होते हैं, तो उनकी प्रतिक्रियाएं तीन मुख्य प्रकार की होती हैं-

1. स्वीकृति और आगे बढ़ना

कुछ लोग ब्रेकअप को स्वीकार कर लेते हैं और आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। वे अपने जीवन में व्यस्त रहते हैं और खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

2. उदासी और अवसाद

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद उदास महसूस करते हैं और रोते हैं। वे अपने दुख को व्यक्त करने के लिए चिकित्सा की तलाश भी कर सकते हैं।

3. आक्रामकता और विनाशकारी व्यवहार

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद क्रोधित हो जाते हैं और बदला लेने की कोशिश कर सकते हैं। वे अपने गुस्से को व्यक्त करने के लिए भावनात्मक विस्फोट भी कर सकते हैं।

आकर्षण का खेल, पुरुष और महिला एक-दूसरे में क्या पसंद करते हैं

हम किसी के आकर्षण को कैसे आंकते हैं? एक हालिया अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके पता लगाया गया कि चेहरे के कौन से हिस्से हमारा ध्यान सबसे अधिक आकर्षित करते हैं। अध्ययन के अनुसार, पुरुष महिलाओं के मुंह पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि महिलाएं पुरुषों की आंखों और बालों पर अधिक ध्यान देती हैं। यह लिंग के आधार पर हमारे आकर्षण के मानकों को दर्शाता है। चेहरे की आकर्षकता को समझने के लिए मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने एक अनोखा अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि लोग चेहरे के आकर्षण का आकलन कैसे करते हैं और कौन सी विशेषताएं उन्हें आकर्षक लगती हैं। इस अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके 154 वयस्कों की नजरों का विश्लेषण किया गया, जिन्हें 40 विविध चेहरों की तस्वीरें दिखाई गईं। यह अध्ययन चेहरे की आकर्षकता के बारे में नई जानकारी प्रदान करता है।

पुरुषों और महिलाओं की पसंद में क्या अंतर है?

एक अध्ययन में प्रतिभागियों को तीन समूहों में बांटा गया था, आकर्षण का मूल्यांकन करने वाले, कॉस्मेटिक सर्जरी के संकेतों की खोज करने वाले और बिना किसी विशिष्ट कार्य के चेहरों को देखने वाले। प्रतिभागियों ने 10 सेकंड के लिए चेहरों को देखा, और उनकी नजरों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि सभी समूहों ने चेहरे के केंद्रीय त्रिभुज पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन आकर्षण का मूल्यांकन करने वालों ने मुंह, नाक और गालों पर अधिक समय बिताया। एक अध्ययन में पाया गया कि आकर्षक माने जाने वाले चेहरे केंद्रीय त्रिभुज, मुंह और बालों पर अधिक समय तक देखते हैं, जबकि माथे और गर्दन पर अधिक ध्यान कम आकर्षक रेटिंग से जुड़ा है।

कैरियर का अभिन्न हिस्सा है खुद को पेश करने की कला

ज्ञान के साथ-साथ खुद को पेश करने की कला यानी सेल्फ प्रेजेंटेशन भी सफल कैरियर का अभिन्न हिस्सा बन गया है। समय-समय पर हुए सर्वेक्षणों के आंकड़े भी इस ओर इशारा करते हैं कि बेहतर नौकरी पाने के लिए तकनीकी कुशलता का महज 15 फीसदी योगदान होता है जबकि बचा हुआ 85 फीसदी सामाजिक और व्यावसायिक सलीके से होता है। यही वजह है कि हमें डिग्रियों या तकनीकी कुशलता के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर विशेषतौर पर फोकस करना चाहिए। इसके अलावा खुद को पेश करने की उस कला में भी पारंगत होना होगा।

व्यक्तित्व का करें विकास

यूं तो आज बाजार में बेहतर से बेहतर अवसरों के विकल्प मौजूद हैं। नौकरी पाने वालों के लिए भी और नौकरी देने वालों के लिए भी। शायद नौकरी देने वालों के लिए विकल्प बड़ी तादाद में उपलब्ध हैं और नौकरी करने वालों के सामने विकल्प संघर्ष का विषय है। सवाल है ऐसे में क्या किया जाए? यहां भी जवाब है कि खुद को पेश करने की कला में स्मार्ट हुआ जाए। ताकि हम पहली ही मुलाकात में अपने व्यक्तित्व के मामले में आकर्षक और अपनी ओर ध्यान खींचने वाले साबित हो सकें। नौकरी हासिल करने के संघर्ष के दौरान अपने गुड लुकिंग, स्मार्ट और ऊर्जावान होने के साथ-साथ हम शिष्टाचार, मेकअप व लीडरशिप को भी शामिल करें।

खुद में विकसित करें गुणों को

जब तक हम ज्ञान और जरूरी जानकारियां हासिल नहीं कर लेते तब तक लीडरशिप नहीं निभा सकते। आत्मविश्वास तभी आता है, जब हम ज्ञान से लबरेज हों। भविष्य बनाने के लिए जानना बहुत जरूरी है कि स्कूल, समाज, पार्टी और फिर व्यावसायिक व्यवस्था में कैसे व्यवहार करना चाहिए? आत्मविश्वास, शिष्टाचार,सज्जा-शृंगार, टेबल मैनर्स, बॉडी लैंग्वेज में सुधार, बातचीत का सलीका, उच्चारण का प्रशिक्षण, क्रोध प्रबंधन, साथियों का दबाव, स्ट्रेस मैनेजमेंट, डाइनिंग एटिकेट्स, सोशल मैनर्स, आत्मसम्मान में वृद्धि, भावनात्मक जागरूकता आदि कुछ ऐसे विषय हैं जो आज की दुनिया में काफी महत्वपूर्ण हैं। व्यक्तित्व आपके लिए कई दरवाजे खोल देता है।

खुद का मूल्यांकन, फिर पहल

खुद को पेश करने की कला में पारंगत होने के लिए सबसे पहले जानें कि कमी कहां है? क्या अभी अपने कैरियर के लिए तड़का लगाना बाकी है? सामान्यतः लोग अकसर अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं होते। दरअसल, उनके दिमाग में सवाल कौंधता है कि कहीं लोग उनका मजाक तो नहीं उड़ाएंगे?

आत्मविश्वास की डगर

अगर आप सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो शुरुआती दिनों में आपके आइडियाज पर लोग हंसेंगे, उनका मजाक बनाएंगे, नकार देंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि आप असफल हैं। असल में आपमें वो काबिलियत है, जिसे लोग उभरने नहीं देना चाहते। लोग आपके आइडिया पर हंस रहे हैं तो उसे अमल. ीजामा पहना दें।

खुद की मार्केटिंग

कहते हैं कि आजकल पैसा कमाना सबसे आसान है। वहीं ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह कहते हैं कि अब पैसा कमाने सबसे मुश्किल है। दोनों ही बातें सही हैं। अगर आप खुद को प्रेजेंट नहीं कर सकते तो जाहिर है आप पैसा नहीं कमा सकते। दरअसल खुद को मार्केट करना सबसे जरूरी है।

व्यक्तित्व का करें विकास

माना जाता है जो प्रोडक्ट विज्ञापन की दुनिया से बाहर हो जाता है, उसकी बिक्री में खासी कमी आ जाती है। ठीक यही रूल अपने सफल जीवन के लिए भी अहम है। खुद को पेश करना एक कला है। इस कला में पारंगत होना बहुत जरूरी है। लेकिन इसके लिए यह न सोचें कि फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन इस तरह के नियमों पर विश्वास न करें। बाजार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो धीरे-धीरे दूसरों के सामने अपनी परत-दर-परत खोलते हैं। बहरहाल असली मुद्दा यह है कि आप खुद को जैसे पेश करेंगे, वैसी ही सफलता आपकी राह ताक रही होगी। खुद को पेश करना सीख गए तो समझें कैरियर में गर्मागर्म तड़का लग चुका है।

गोंद कतीरा से बनाएं यह टेस्टी ड्रिंक, गर्मियों में रहेंगे कूल

गर्मियों के मौसम में गोंद कतीरा का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। तेज और चिल्ल. चलाती धूप और लू से यह हमारा बचाव करती है। इसमें मौजूद नेचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज हमारे शरीर का तापमान बैलेंस में रखता है। इस मौसम में गोंद कतीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और शरीर को भी एनर्जी मिलती है। वहीं गर्मियों में यह डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसका सेवन रामबाण माना जाता है। साथ ही यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी सहयता करता है। ऐसे में समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आपको गर्मियों के मौसम में एक बार इस ड्रिंक को जरूर ट्राई करना चाहिए।

पुदीना-नींबू शिकंजी गोंद कतीरा शिकंजी रेसिपी

इस रेसिपी को बनाने के लिए एक बर्तन में गोंद कतीरा को भिगो दें। अब एक मिक्सर जार में नींबू, पुदीना, काला नमक, जीरा और चीनी डालकर पीस लें। फिर इस पेस्ट को एक बर्तन में निकाल लें। एक गिलास में भीगा हुआ गोंद कतीरा डालें और फिर यह पेस्ट डालें। इसके बाद ऊपर से ठंडा पानी और जलजीरा डालकर मिक्स करें। बर्फ के टुकड़े ऊपर से डालकर सर्व करें।

अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या

यहूदी म्यूजियम के बाहर फ्री फलस्तीन का नारा लगाकर गोली मारी, दोनों मृतक शादी करने वाले थे

वाशिंगटन। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक अपराधी ने 'फ्री फलस्तीन' का नारा लगाकर दोनों को नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इजरायली दूतावास ने प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एलियास राड्रिगेज के रूप में हुई है। उसकी उम्र 30 साल है। वह शिकागो का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान वह फलस्तीन को आजाद करने के नारे लगा रहा था। हमले में यारोन लिस्चिन्स्की और उनकी प्रेमिका साराह मिल्ग्रिम की मौत हो गई है। पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने कहा कि गोलीबारी से पहले एक संदिग्ध को म्यूजियम के बाहर घूमते हुए देखा गया था। उसने बाहर

मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल है

निकलते चार लोगों के एक ग्रुप पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जहां कई म्यूजियम, सरकारी दफ्तर और एफबीआई का आफिस भी मौजूद है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह टारगेट किलिंग जैसी घटना है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है और जल्द ही और जानकारी साझा की जाएगी। एफबीआई की ज्वाइंट टेररिज्म टास्कफोर्स इस घटना की जांच में जुट गई है।

बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए शर्तें रखी

यरूशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रमुख शर्तें रखीं, जिनमें सभी बंधकों की रिहाई, एन्क्लेव का विसैन्ईकरण और फलस्तीनी आंदोलन हमास के नेतृत्व को वहां से बाहर निकालना शामिल है। नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं स्पष्ट शर्तों पर युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार हूं, जो इजरायल की सुरक्षा की गारंटी देंगी, सभी बंधक घर लौट आएंगे, हमास अपने हथियार डाल देगा, सत्ता छोड़ देगा और उसके नेतृत्व को पट्टी से बाहर निकाल दिया जाएगा। गाजा पूरी तरह से विसैन्यीकृत रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लागू करना भी जरूरी है, जिसे उन्होंने बहुत 'सही और क्रांतिकारी' बताया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इसमें एक साधारण बात कही गई है, गाजा के निवासी जो छोड़ना चाहते हैं, वे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी देश जो इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इजरायल से शत्रुता समाप्त करने का आह्वान कर रहे हैं, वास्तव में, हमास को गाजा पट्टी में सत्ता बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं। इजरायल ने पिछले सप्ताह गाजा पट्टी में 'ऑपरेशन गिदोन' के रथ के हिस्से के रूप में एक नया हमला शुरू किया, जिसके बारे में उसका दावा है कि यह अंततः हमास को धूल चटा देगा। कतर में मध्यस्थता वार्ता के समानांतर हो रही है, जिसमें युद्धविराम और इजरायली बंधकों को रिहा करने का समझौता शामिल है।

माइक्रोसॉफ्ट पर इंटरनल मेल से फलस्तीन-गाजा शब्द हटाने का आरोप

सत्य नडेला की स्पीच में फ्री फलस्तीन के नारे लगे

मुंबई। अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट पर आरोप लगा है कि उसने कर्मचारियों की इंटरनल मेल में 'फलस्तीन', 'गाजा' और 'नरसंहार' जैसे शब्दों को हटाना करना शुरू कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया, जब कंपनी के एक इंजीनियर ने सोमवार को सीईओ सत्या नडेला की स्पीच के दौरान फ्री फलस्तीन के नारे लगाए।

माइक्रोसाफ्ट के एक इंजीनियर ने मेल शेयर करते हुए कंपनी पर नरसंहार जैसे शब्द फिल्टर करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कंपनी के कुछ कर्मचारी इजरायली सेना को एआई टेक्नोलाजी बेचने का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इजरायली सेना टेक्नोलाजी का उपयोग गाजा में नरसंहार के लिए कर रही है। माइक्रोसाफ्ट बिल्ड कान्फ्रेंस 2025 के तीसरे दिन भारतीय मूल की वान्या अग्रवाल ने

इससे पहले वान्या ने माइक्रोसॉफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध किया था

कंपनी के एआई सुरक्षा प्रमुख नेता हैबी के सेशन को बीच में रोककर इजरायल सरकार के साथ क्लाउड समझौतों के खिलाफ नारेबाजी की। वान्या और उनकी साथी होस्साम ने हैबी के सेशन को डिस्टर्ब करते हुए कहा कि 'माइक्रोसाफ्ट, खून के पैसे नहीं चलेंगे'। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि माइक्रोसाफ्ट की इजरायली सरकार और सेना को दी जा रही एआई-क्लाउड सेवाएं गाजा में युद्ध अपराधों में इस्तेमाल हो रही हैं। वान्या ने बीबीसी को इंटरव्यू में कहा था, टेक कंपनियां मानवाधिकारों से आंखें नहीं मूंद सकतीं। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। सीईओ सत्या नडेला, बिल गेट्स और स्टीव वाल्मर के सेशन में कहा था कि माइक्रोसाफ्ट इजरायल को एआई हथियार बेच रही है, इससे 50,000 लोग मारे जा चुके हैं।

पाक, ईरान से 3300 से अधिक अफगान परिवार स्वदेश लौटे

काबुल। अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से पिछले सप्ताह 3119 अफगान परिवार स्वदेश लौटे है, जिनमें कुल 18640 सदस्य हैं।

अफगानिस्तान के उच्चायोग ने यह जानकारी है। उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा क्रॉसिंग, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा क्रॉसिंग और दक्षिणी हेलमंद प्रांत में बहरामचा सीमा क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से स्वदेश लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है।

नई दिल्ली। बुधवार को तेज हवाओं और बारिश के कारण उखड़े पेड़ के नीचे दबे वाहन।

स्कूल बस हमले के जिम्मेदार को सजा दिलाएंगे: शहबाज

भारत पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया, दिल्ली बोला: ध्यान भटकाने की कोशिश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार इलाके में मंगलवार को एक स्कूल बस को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। इस धमाके में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये स्कूल बस करीब 40 छात्रों को लेकर स्कूल जा रही थी, जब रास्ते में जीरो प्वाइंट के पास धमाका हो गया। घायल बच्चों को क्वेटा के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है।

हमले के बाद पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर खुद क्वेटा पहुंचे और उन्होंने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस हमले के पीछे 'फितना अल हिंदुस्तान' को जिम्मेदार बताया। उन्होंने दावा किया कि यह भारत समर्थित आतंकी

भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा, उन्होंने एक बार फिर से दावा किया: पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी: शहबाज



ग्रुप है। भारत ने पीएम शहबाज के आरोप का खंडन किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है। आतंकवाद से ध्यान भटकाने की ये पाकिस्तान की एक और रणनीति है। पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है कि वह अपनी आतंकवाद समर्थक छवि और आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए हर बार भारत पर आरोप मढ़ता है। बलूचिस्तान के खुजदार में बच्चों को ले जा रही बस पर बुधवार को आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ बुधवार को इस्लामाबाद में मीडिया से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा। उन्होंने एक बार फिर से दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी। अगर पाकिस्तान ने ऐसा किया होता, तो पूरी दुनिया को पता होता।

शरीफ ने कहा कि दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री आपरेशन (डीजीएमओ) के बीच बातचीत में इस बात पर सहमति बनी है कि दोनों तरफ के सैनिक 7 मई को संघर्ष शुरू होने से पहले वाली पोजिशन पर लौट जाएंगी। शरीफ से पूछा गया कि क्या संघर्ष के दौरान भारत में इजरायली कर्मचारी मौजूद थे, तो शरीफ ने कहा- रिपोर्ट्स हैं कि इजरायली भारत में थे। इजरायल ने युद्ध के दौरान भारत को बहुत समर्थन दिया, लेकिन जीत हमारी हुई।

ट्रम्प प्रशासन की आयात शुल्क नीतियों का विरोध

12 अमेरिकी प्रांतों ने संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया

वाशिंगटन। अमेरिका के 12 प्रांतो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिबरेशन डे आयात शुल्क को रोकने के लिए संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया। याचिका में दावा किया गया कि राष्ट्रपति ने अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर व्यापक कर लगाने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल का आह्वान करके अपने अधिकार का अतिक्रमण किया है।

न्यूयॉर्क शहर में स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने न्यूयॉर्क और इलिनोइस सहित 12 राज्यों के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा दायर मुकदमे में दलीलों की समीक्षा की। मुकदमा दायर करने वाले प्रांतो ने तर्क दिया कि ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम की गलत व्याख्या की है, इसे आयात शुल्क लगाने के लिए ब्लैंक चेक के रूप में उपयोग

किया है। आने वाले हफ्तों में फैसला आने की उम्मीद है। केंटकी रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने हाल ही में एबीसी के साथ एक साक्षात्कार में ट्रम्प की आक्रामक टैरिफ रणनीति पर हमला किया और इसे एक आर्थिक भ्रांति पर आधारित बताया और कांग्रेस की मंजूरी के बिना आयात शुल्क लागू करने के राष्ट्रपति के फैसले का विरोध किया।

ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों के निर्वासन में अदालत की अवहेलना की

वाशिंगटन। अमेरिका की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों को साउथ सूडान वापस भेजने का प्रयास करके उसके पिछले आदेश का उल्लंघन किया है। जिला न्यायाधीश मर्फी ने एक सुनवाई में कहा कि प्रशासन ने उनके अप्रैल में जारी आदेश का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी प्रशासन किसी भी प्रवासी को तब तक निर्वासित नहीं कर सकता जब तक उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए पर्याप्त समय न दिया जाए। अमेरिकी जिला न्यायाधीश ब्रायन मर्फी ने एक सुनवाई के दौरान कहा कि प्रशासन ने अप्रैल में जारी एक अस्थाई आदेश का उल्लंघन किया है, जिसमें अधिकारियों को लोगों को उनके अपने देश के अलावा अन्य देशों में निर्वासित करने से पहले पर्याप्त समय देने से रोक दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने सात प्रवासियों को सोमवार रात सूचित किया कि उन्हें दक्षिण सूडान में निर्वासित किया जा सकता है, जो कि उन्हें विमान में चढ़ने से 24 घंटे से भी कम समय पहले था, जो 'स्पष्ट रूप से अपर्याप्त' नोटिस था। उन्होंने कहा कि विभाग की यह कार्रवाई अदालत के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता: ईरान ने ओमान के प्रस्ताव पर जताई सहमति

तेहरान। ईरान ने शुक्रवार को रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर के लिए ओमान के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। बाघई ने एक बयान में कहा कि ईरान के वार्ता दल परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के संबंध में राष्ट्र के अधिकारों और हितों की रक्षा करने और उनका पालन करने में दृढ़ है और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। ओमान की मदद से ईरान और अमेरिक के प्रतिनिधिमंडलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका के प्रतिबंधों को हटाने पर अप्रैल से अब तक चार दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। चौथे दौर की वार्ता 11 मई को मस्कट में आयोजित की गई थी।

अमेरिका के सैन डिएगो में छोटा पैसेंजर प्लेन क्रैश

सैन डिएगो। अमेरिका के सैन डिएगो में गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे की वजह से करीब 15 घरों में आग लग गई। हादसे वाली जगह को खाली करा लिया गया है। फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद चारों तरफ जेट फयूल फैल गया है। हमारा पहला टारगेट यहां मौजूद सभी घरों की तलाशी लेना और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना है। प्लेन हादसे में हताहत हुए लोगों की संख्या अभी पता नहीं चल सकी है।

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि सेसना 550 प्लेन मान्टगोमरी-गिब्स एक्जीक्यूटिव एयरपोर्ट के पास क्रैश हुआ। विमान में कितने लोग सवार थे, अभी इसकी जानकारी नहीं है। यह विमान छह से आठ लोगों को ले जा सकता है। यह हादसा सुबह करीब 3.47 बजे टिएरासांता के पास सैल्मन स्ट्रीट के 3100 ब्लॉक में हुआ, जो एक मिलिट्री रेसिडेंस

15 घरों में लगी आग कोहरे की वजह से हुआ हादसा, हादसे वाली जगह को खाली कराई गई

एरिया है। सैन डिएगो फायर-रेस्क्यू के डिवीजन चीफ डैन एडी के मुताबिक अभी तक किसी को घटनास्थल से हास्पिटल नहीं ले जाया गया है। कई घर और गाड़ियां आग में घिर गईं। डैन एडी ने कहा हमारे पास हाजमैट की टीम है। हमने जरूरी संसाधनों की मांग की है। हम सेना के साथ भी काम कर रहे हैं। हमारा पहला टारगेट यह है सभी घरों को खाली कराना। इसके बाद हम गाड़ियों और फिर विमान की तलाशी लेंगे।

रूस ने थल सेना के नए कमांडर-इन-चीफ की नियुक्ति की

मॉस्को। रूसी रक्षा मंत्री एंड्री रेमोविच बेलौसोव ने कर्नल जनरल एंड्री निकोलायेविच मोर्डविचव को थल सेना का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया है। रूसी सैन्य समाचार पत्र रेड स्टार ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में बेलौसोव ने जनरल मोर्डविचव को थल सेना कमान स्टाफ से मिलवाया और उन्हें एक अनुभवी लड़ाकू अधिकारी बताया। जनरल मोर्डविचव ने विशेष सैन्य अभियान के दौरान अपनी नेतृत्व क्षमता का पूरा प्रदर्शन किया है। जनरल मोर्डविचव ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव की जगह ली है, जिन्हें हाल ही में रूस की सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया गया था। वर्ष 1976 में जन्मे जनरल मोर्डविचव ने नोवोसिबिर्स्क हायर मिलिट्री कमांड स्कूल और बाद में जनरल स्टाफ अकादमी से स्नातक किया। उनके करियर में सेंट्रल और सदर्न मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट दोनों में प्रमुख नेतृत्व पद शामिल हैं।

यूक्रेन के पूर्व शीर्ष अधिकारी की गोली मारकर हत्या

मैड्रिड। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में एक अमेरिकी स्कूल के बाहर यूक्रेन के पूर्व प्रमुख अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अधिकारियों ने इस घटना पुष्टि की है कि 51 वर्षीय एंड्री पोर्टनोव शहर के पॉजुएलो डी अलारकोन क्षेत्र में स्थित स्कूल में अपने बच्चों को छोड़कर स्कूल की पार्किंग में अपनी कार की ओर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं और फिर एक जंगल के इलाके की ओर भाग गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोर्टनोव विक्टर यानुकोविच के प्रशासन में सांसद और उप प्रमुख थे, जो रूसी राष्ट्रपति समर्थक थे और 2014 में महीनों के विरोध प्रदर्शन के बाद उन्हें पद से हटा दिया

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं

गया था। वह पहले यूलिया टिमोशेंको की गवर्निंग पार्टी में सांसद थे, लेकिन 2010 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यानुकोविच की टीम में चले गए। उन्होंने यूक्रेन छोड़ दिया था और वर्ष 2019 में वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वापस लौटे। इसके बाद उन्होंने फिर से यूक्रेन छोड़ दिया और 2021 में अमेरिकी ट्रेजरी ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें 'एक कोर्ट फिक्सर के रूप में व्यापक रूप से जाना जाता था। पुलिस ड्रोन और एक हेलीकॉप्टर से हत्यारे की तलाश में इलाके की तलाशी ली।

रूस और यूक्रेन शांति समझौते पर काम चल रहा

मॉस्को। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने घोषणा की है कि संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते के लिए ज्ञापन पर काम सक्रिय रूप से आगे बढ़ रहा है।

पेसकोव ने प्रेस ब्रीफिंग में कल कहा कि अधिकांश काम 'स्पष्ट कारणों से' गोपनीय बना हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस किसी भी देश के प्रयासों के लिए खुला है जो रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने में योगदान देने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच आगे की बातचीत के लिए स्थान फिलहाल निर्धारित नहीं किया गया है। इस बीच, रूस एक हजार बंदियों को

शामिल करने वाले कैदी विनिमय समझौते को लागू करने के लिए काम कर रहा है, जो तुर्की के इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ हुआ था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने यूक्रेन के साथ संभावित शांति समझौते की रूपरेखा के लिए एक मसौदा ज्ञापन तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। यह ज्ञापन संकट को हल करने के सिद्धांत, संभावित शांति समझौते की समय सीमा और अस्थाई संघर्ष विराम की शर्तों जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। ट्रम्प के साथ कल बातचीत के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने दोहराया कि यूक्रेन क्षेत्रीय मुद्दों पर समझौता नहीं करेगा या अपने क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने ट्रम्प से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उनके देश की भागीदारी के बिना नहीं लिया जाए।

Recruitment For Teaching Staff

Assistant professor Law

Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)

Salary As per Govt. Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com